हरे कृष्ण ट्रस्ट
चण्डीगढ़।

ॐ नमो नारायणायेः

अरुण संहिता
लाल किताब

सामुद्रिक

(विशेष उपायों सहित)

हरे कृष्ण ट्रस्ट
पी० ओ० बाक्स 123 सैक्टर 17 चण्डीगढ़

अरुण संहिता (लाल किताब) सामुद्रिक

सर्वाधिकार सुरक्षित
हरे कृष्ण ट्रस्ट चण्डीगढ़

प्रथम संस्करण 1995
मूल्य 149/— (केवल एक सो उन्नचास रुपये)

हरे कृष्ण ट्रस्ट चण्डीगढ़ द्वारा
फोटो टाईपसेट एवं मुद्रित
1378 सैक्टर 2 बी चण्डीगढ़

(0172) 72 378
(0172) 567 9

समर्पण

Internet Version for circulation now not available in printed form
Courtsey

HKT PUblications
phone 0172-2782110, 0172-2561666
yogacollege@gmail.com

प्राक्कथन

भारतीय दार्शनिक परम्परा गहरे रहस्यों को विभिन्न दिशाओं से व्यक्त करती रही है जिस पर मानव समय–समय पर शोध करता आ रहा है। यह सभी रहस्य ऋषि मुनियों एवं मनिषियों की ही देन है। मुख्यता दर्शन शास्त्र का अर्थ है, 'दर्शन' यानि देखना (to see) जो मनिषियों ने देखा उसको एक सूत्र में पिरो दिया और जिससे वह शास्त्र बने। इसका अर्थ यह है कि जो आज हमें ग्रन्थों के रूप में उपलब्ध है वह सभी अनुभव के आधार पर ही है ।

ज्योतिष ग्रन्थों की ऋंखला में यह भी एक अनुपम भेंट है जिसका श्रेय प्रथम रूप से प्रो० ओ० पी० पुरी जी, को जाता है जिन्होंने इस ग्रन्थ को हिन्दी भाषा में लाने के लिए अकथ परिश्रम एवं प्रयास किया। इसमें कोई सन्देह नहीं कि इसी ऋंखला में **अरुण संहिता (लाल किताब) हस्त रेखा विज्ञान** जो प्रोफेसर जी ने सम्पादित की, उस पुस्तक की सराहना विशेषयज्ञों ने की परन्तु इस ग्रन्थ की कुछ विशेषताएं अनुपम ही हैं जैसे कि **इसमें कुछ विशेष उपायों का वर्णन भी मिलता है जो कि अन्य भागों में नहीं दिया गया।**

यह सभी उपाये करने से मानव जीवन पर अनुकूल प्रभाव ही पड़ता है। यहां पर हम यह बात को स्पष्ट करना चाहेंगे कि कुछ लोगों ने यह धारणा व्यवसाय रूप से पकड़ी है कि इस ग्रन्थ को घर में नहीं रखना चाहियें। परन्तु हमारे **दो भाग अरुण संहिता (लाल किताब)** के छपने के पश्चात लोगों में गलत धारणा का निराकरण हुआ तथा साहस भी हुआ इस ग्रन्थ पर कार्य करने का। अब हमें देश– विदेश के विभिन्न भागों से सूचनायें भी मिल रही है इस ग्रन्थ के प्रयोग करने के विषय में।

इससे जीवन पर अनुकूल प्रभाव ही पड़ा है और ऐसा कोई भी विधान नहीं है कि इसको रखने एवं इसमें वर्णित उपाय करने से कोई प्रतिकूल प्रभाव हो।

अभी तक जैसे कि हम (इस भाग सहित) तीन भागों को निकालने में सफल हुए हैं, निकट भविष्य में प्रभु अनुकम्पा से ही हम चतुर्थ भाग को निकाल पायेंगे, क्योंकि अभी शोध कार्य चल रहा है।

यहां पर हम यह कहना चाहेंगे कि इन सभी भागों का गहरा अध्ययन करने से मनुष्य को कुण्डली एवं हस्त रेखा के माध्यम से निकट भविष्य को सुखमय बनाने की विभिन्न विधियों का ज्ञान हो जाता है। हमारा यह विश्वास है कि एक शिक्षित व्यक्ति जिसको कुछ अध्ययन में रूचि हो एवं अपने मानसिक पटल पर थोड़ा सा जोर दे तो इसको सीखने में कोई कठिनाई नहीं है ।

इस के विषय में यहां पर यह भी कहना चाहेंगे कि इस दिशा में हमने प्रगतिशील कदम लिया है। यदि आप इस दिशा में रूचि रखते हैं तो हम निकट भविष्य में एक गठन करने जा रहे हैं जिसमें देश एवं विदेशों से विशेषयज्ञों की सहायता से इस पर और शोध कार्य हो, यही हमारा आन्तरिक इच्छा है। इस प्रकार जो व्यक्ति केवल शोध कार्य के लिए हमारे साथ कार्य करना चाहता है तो वह हमें अपना पूर्ण विवरण लिख कर भेज दें। जैसे ही कोई कार्यक्रम करने के लिए कार्यान्वित होगा उनको समय अनुसार आमन्त्रित किया जायेगा। कृपया इस बात का यहां पर ध्यान रखें कि हम इस शोध कार्य में किसी व्यक्तिगत समस्याओं के विषय में कोई विचार नहीं करेंगे ।

अरुण संहिता (लाल किताब) के विषय में एक और बात स्पष्ट करना चाहेंगें कि इस में विभिन्न उपायों का वर्णन किया गया है, जोकि विभिन्न ग्रहों से संबधित है। इस बात को कहने में कोई संकोच नहीं कि यह उपाये करने से जीवन पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता। इससे लाभ कितनी सीमा में हुआ इस विषय में तो कहा जा सकता है।

इस विषय में यदि विस्तृत जानकारी चाहते हैं तो इस के लिए प्रकाशक से सम्पर्क करें ।

डा० अरुण

हरे कृष्ण ट्रस्ट
चण्डीगढ़

विषय सू

प्रार्थना	2
व्याख्या राशि व ग्रह	5
पक्का घर खाना न. 1	5
पक्का घर खाना न. 2	7
पक्का घर खाना न. 3	8
पक्का घर खाना न. 4	9
पक्का घर खाना न. 5	9
पक्का घर खाना न. 6	1 `
पक्का घर खाना न. 7	11
पक्का घर खाना न. 8	12
पक्का घर खाना न. 9	13
पक्का घर खाना न. ो	13
पक्का घर खाना न. 11	14
पक्का घर खाना न. 12	15
ग्रह दृष्टि	16

वृहस्पति - (जगत् गुरु)

वृहस्पति खाना न. 1	18
वृहस्पति खाना न. 2	19
वृहस्पति खाना न. 3	2 `
वृहस्पति खाना न. 4	2 `
वृहस्पति खाना न. 5	21
वृहस्पति खाना न. 6	21
वृहस्पति खाना न. 7	22
वृहस्पति खाना न. 8	23
वृहस्पति खाना न. 9	23
वृहस्पति खाना न. ो	24
वृहस्पति खाना न. 11	25
वृहस्पति खाना न12	25

सूर्य (तपस्वी राजा)

सूर्य खाना न. 1	27
सूर्य खाना न. 2	27
सूर्य खाना न. 3	28
सूर्य खाना न. 4	28
सूर्य खाना न. 5	29
सूर्य खाना न. 6	3 `
सूर्य खाना न. 7	3 `
सूर्य खाना न. 8	31
सूर्य खाना न. 9	32
सूर्य खाना न. ो	32
सूर्य खाना न. 11	33
सूर्य खाना न. 12	34

चन्द्र (धरती माता)

चन्द्र खाना न. 1	35
चन्द्र खाना न. 2	36
चन्द्र खाना न. 3	36
चन्द्र खाना न. 4	37
चन्द्र खाना न. 5	38
चन्द्र खाना न. 6	38
चन्द्र खाना न. 7	39
चन्द्र खाना न. 8	39
चन्द्र खाना न. 9	4 `
चन्द्र खाना न. ो	41
चन्द्र खाना न. 11	41
चन्द्र खाना न. 12	42

शुक्र (जगत् लक्ष्मी)	
शुक्र खाना न. 1	43
शुक्र खाना न. 2	44
शुक्र खाना न. 3	45
शुक्र खाना न. 4	46
शुक्र खाना न. 5	47
शुक्र खाना न. 6	47
शुक्र खाना न. 7	48
शुक्र खाना न. 8	49
शुक्र खाना न. 9	5
शुक्र खाना न. 10	51
शुक्र खाना न. 11	51
शुक्र खाना न. 12	52

मंगल (शस्त्र-धारी)	
मंगल खाना न. 1	55
मंगल खाना न. 2	56
मंगल खाना न. 3	56
मंगल खाना न. 4	57
मंगल खाना न. 5	58
मंगल खाना न. 6	59
मंगल खाना न. 7	6
मंगल खाना न. 8	6
मंगल खाना न. 9	61
मंगल खाना न. 10	61
मंगल खाना न. 11	62
मंगल खाना न. 12	63

बुध (शक्तिमान)	
बुध खाना न. 1	65
बुध खाना न. 2	65
बुध खाना न. 3	67
बुध खाना न. 4	68
बुध खाना न. 5	68
बुध खाना न. 6	69
बुध खाना न. 7	7
बुध खाना न. 8	71
बुध खाना न. 9	72
बुध खाना न. 10	74
बुध खाना न. 11	75
बुध खाना न. 12	75

शनि (देवता)	
शनि खाना न. 1	78
शनि खाना न. 2	79
शनि खाना न. 3	79
शनि खाना न. 4	8
शनि खाना न. 5	81
शनि खाना न. 6	82
शनि खाना न. 7	82
शनि खाना न. 8	83
शनि खाना न. 9	84
शनि खाना न. 10	85
शनि खाना न. 11	86
शनि खाना न. 12	87

राहू (मुसाफिर)	
राहू खाना न. 1	89
राहू खाना न. 2	89
राहू खाना न. 3	9

राहू खाना न. 4 9
राहू खाना न. 5 91
राहू खाना न. 6 92
राहू खाना न. 7 92
राहू खाना न. 8 93
राहू खाना न. 9 93
राहू खाना न. 1 94
राहू खाना न. 11 94
राहू खाना न. 12 95

केतू (दरवेश)

केतू खाना न. 1 97
केतू खाना न. 2 98
केतू खाना न. 3 98
केतू खाना न. 4 99
केतू खाना न. 5 99
केतू खाना न. 6 1
केतू खाना न. 7 1 1
केतू खाना न. 8 1 1
केतू खाना न. 9 1 2
केतू खाना न. 1 1 2
केतू खाना न. 11 1 3
केतू खाना न.12 1 4

दो ग्रहों का योग

वृहस्पति - सूर्य 1 5
वृहस्पति - चन्द्र 1 8
वृहस्पति - शुक्र 112
वृहस्पति - मंगल 114
वृहस्पति - बुध 116
वृहस्पति - शनि 119
सूर्य - चन्द्र 124
सूर्य - शुक्र 126
सूर्य - मंगल 127
सूर्य - बुध 127
सूर्य - शनि 131
चन्द्र - मंगल 132
चन्द्र - बुध 133
चन्द्र - शनि 136
शुक्र - चन्द्र 138
शुक्र - मंगल 1 4
शुक्र - बुध 141
शुक्र - शनि 144
मंगल - बुध 146
मंगल - शनि 148
बुध - शनि 151
राहू - केतू मुशतरका 155
राहू - वृहस्पति 157
राहू - सूर्य 159
राहू - चन्द्र 1 6
राहू - शुक्र 161
राहू - बुध 162
राहू - शनि 164
राहू - केतू - बुध 164
राहू - चन्द्र - वृहस्पति 165
राहू - चन्द्र - शनि 165
राहू - सूर्य - शुक्र 165
राहू - सूर्य - चन्द्र 166
राहू - सूर्य - बुध 166
राहू - शुक्र - केतू 166
राहू - बुध - शुक्र 166

राहू – बुध – वृहस्पति 167
राहू – बुध – चन्द्र 167
राहू – वृहस्पति – शनि 167
राहू – मंगल – शुक्र – बुध 167
राहू – वृहस्पति – बुध – चन्द्र 167
राहू – मंगल – शनि – बुध 167
केतू – वृहस्पति 168
केतू – सूर्य 168
केतू – चन्द्र 169
केतू – शुक्र 169
केतू – मंगल 1 7
केतू – बुध (राशि फल) 171
केतू – शनि 171
केतू – सूर्य – चन्द्र 172
केतू – शुक्र – बुध 172
केतू – मंगल – वृहस्पति 172
केतू – मंगल – शनि 172
केतू – सूर्य – वृहस्पति 172
केतू – सूर्य –बुध 173
केतू – सूर्य – बुध – चन्द्र 173
केतू – मंगल – शुक्र – बुध 173
वृहस्पति – सूर्य – बुध 173
वृहस्पति – चन्द्र – शनि 173
वृहस्पति – शुक्र – बुध 174
वृहस्पति – शनि – शुक्र 174
वृहस्पति – शनि – बुध 174
सूर्य – बुध – वृहस्पति 174
सूर्य – वृहस्पति – शनि 174
सूर्य – शनि – शुक्र 174
चन्द्र – शनि – बुध 175
चन्द्र – शुक्र – सूर्य 175
चन्द्र – शुक्र – बुध 175
चन्द्र – शुक्र – शनि 176
चन्द्र – शुक्र – वृहस्पति 176
शुक्र – बुध – मंगल 176
शुक्र – बुध – शनि 176
मंगल – बुध – सूर्य 176
मंगल – बुध – चन्द्र 176
मंगल – चन्द्र – शनि 177
मंगल – शुक्र – शनि 177
मंगल – चन्द्र – वृहस्पति 178
मंगल – चन्द्र – शनि 178
मंगल – शनि – वृहस्पति 178
मंगल – शनि – सूर्य 178
चन्द्र – शनि – शुक्र – मंगल 179
चन्द्र – वृहस्पति – बुध – शनि 179
मंगल – शनि – सूर्य – बुध 179
मंगल – चन्द्र – शुक्र –बुध 179
मंगल – चन्द्र – सूर्य –वृहस्पति 179
मंगल – शनि – सूर्य – बुध 179
चन्द्र – शुक्र – बुध –शनि 179
चन्द्र – शुक्र – बुध – सूर्य 179
पंचायत **(पांच ग्रह)** 18
वर्ष फल चार्ट 181
वार्षिक हालत के लिए दिया हुआ वर्षफल 186
वार्षिक कुण्डली 187
मासिक कुण्डली 187
दिन कुण्डली 188
घंटा कुण्डली 188
मिनट कुण्डली 188

सैकेंड कुण्डली	189
रात कुण्डली	189
दिन कुण्डली	189
ग्रहों से घर	1 9`
दृष्टि ग्रह	191
बुध का हर घर से संबंध	193
ग्रहों की उमर	194
औसत आमदन माहवार	195
ग्रहों की दोस्ती दुश्मनी	196
कुण्डली में बन्द मुट्ठी के खाने	197
चेहरे पर ग्रह	198
कुर्बानी के बकरे	198
सप्ताह व एक दिन में ग्रह	199
ऋण	199`
जन्म कुण्डली के खाने (दिमाग़ पर)	2``
मसनूई ग्रह	2`1
सूर्य का प्रभाव	2``
मकान कुण्डली	2`1
जन्म कुण्डली के प्रत्येक खाने का मकानों से संबंध	2`1
आम कुण्डली के खाने	2`2
उमर कुण्डली	2`2
अभ्यास कुण्डली	2`3
खर्च – बचत	2`4
औलाद	2`5
मकान	2`7
मकान के कोने	2`7
महादशा	2`8
उपाय ग्रहों के	2 1`
ग्रहों की उमर	212
चन्द्र कुण्डली	213
कुण्डली की जाँच	215

ॐ नाराणाये नम:

****

ॐ

खुद इन्सान की पेश न जावे,
हुक्म विधाता होता है।
सुख दौलत और साँस आखिरी,
उमर का फैसला होता है।
हथेली की लकीरों से
टेवा व जन्म कुण्डली के
बनाने और जिन्दगी
के पूरे हालात देखने के लिये
(सामुद्रिक ज्ञान) की

अरुणा संहिता
लाल किताब

प्रार्थना

क्या हुआ था क्या भी होगा, शौक दिल में आ गया ।
इल्म ज्योतिष हस्त रेखा, हाल सब बतला गया ।
जन्म कुण्डली या कि चन्द्र, हिस्से दो बना गया ।
हाथ दायां ले के बायां, भेद है समझा गया ।
जन्म राशि घर में पहले, लग्न को लिखवा गया ।
लग्न पहला अक्षर गिन कर, 12 घर चलवा गया ।
इस तरह पर कुण्डली पूरी करके, जब बनवा गया ।
हाल सब ग्रह ख़ाना दारी, कापी पे लिखवा गया ।
भेद बाक़ी इतना रखा, उमर को छिपवा गया ।
लड़का लड़की न बोला, बच्चा यह बतला गया ।
जन्म कुण्डली मर्द दाँया, पहले है रखवा गया ।
औरत कुण्डली चन्द्र बाँया, पीछे है लगवा गया ।
इशारे से ही बात कर के हाल, सब पढ़वा गया ।
दो छपे थे हिस्से पहले, एक यह बनवा गया ।

उदाहरण के तौर पर जन्म कुण्डली तुला लग्न इस प्रकार है ।

ऊपर की कुण्डली में लग्न को एक माना ।

(1) हालत देखने के लिये वृहस्पति खाना नम्बर 1, सूर्य नम्बर 2 इत्यादि देखें। इसी तरह वर्षफल भी पढ़ें।

(2) हर ग्रह के खानादार प्रभाव के शुरु से जो चीज़े लिखी है जब वह पैदा होगी, इस खाना नम्बर में दिया हुआ असर शुरु होगा। उदाहरण के तौर पर शुक्र नम्बर 1-8 में लेने से या शादी 25वें साल, मन्दा फल शुरु होगा।

क्या टेवा ठीक भी है।
लाल किताब है ज्योतिष निराली,
जो किस्मत सोई को जगा देती है।
फरमान पक्का देके बार आखिरी,
दो अक्षरों से ज़हमत हटा देती है।
शर्त राहू केतू की 7वीं भी तोड़ी,
जन्म राशि भी वह मिटा देती है।
लग्न एक का हिन्सा लेकर जो चलती,
खत्म 12 पर ही वह कर देती है।
है बुनियाद रेखा क्याफा से चलती,
फलादेश ज्योतिष बता देती है।
हवाई ख्यालों को यह तर्क करती,
खड़ा घोड़ा चन्द्र को कर देती है।
न 28 नक्षत्र न पंचाग गिनती,
भुला राशि 12 को वह देती है।
जन्म वक्त दिन माह उमर साल सब कुछ,
इसमें नाम को भी उड़ा देती है।
फक्त रेखा फोटो या छत से कुण्डली,

जब विधाता किसी को हो शक्की,
उपायें मामूली बता देती है।
ग्रह फल व राशि के टुकड़े दो करती,
यह रेख में मेख लगा देती है।

आरम्भ

हुकम विधाता जन्म मिले तो, लेख ज्योतिष बतलाता है ।
लाल किताब बच्चा ग्रह चाली, किस्मत साथ ले आता है ।
इस बच्चे की नन्ही मुठ्ठी में, पकड़ा देव आकाश का है ।
भरा खजाना जिस के अन्दर, निधिं सिद्धि की माला है ।
नौ निधि को ग्रह 9 माना, सिद्धि 12 राशि हैं ।
9 गुणा जब 12 गिनते, होती माला पूरी है ।
राहु केतु जो पाप गिने है, ग्रह सब ही को घुमाते हैं ।
गुरु अकेला दो को चलावे, घूमते पर वह बुध में हैं ।
सात हो नौ या माला चौरासी, पाप फ़रक 2 ही का है ।
ऊपर नीचे जगत के अन्दर, झगड़ा इन दो ही का है।
पाप अगर सब दुनिया छोड़े, सात ग्रह बच जाता है ।
राशि 12 और सात ग्रह से, नरक चौरासी कटता है ।
नन्ही मुट्ठी जब खुली बच्चे की, आकाश–हवा भरपूर हुआ ।
हरकत–गर्मी–पानी से मिट्टी, ब्रह्माण्ड सारा जाग पड़ा ।
हाथ दायाँ और कुण्डलीजन्म को, तदबीर मर्द का नाम हुआ ।
बाँया हाथ और चन्द्र कुण्डली, तकदीर का काम हुआ ।
उलट हाथों से औरत माना, ग्रह फल राशि आम हुआ ।
इलम क्याफा ज्योतिष मिलते, लाल किताब का नाम हुआ ।
9 ग्रह राशि 12 घूमे, किस्मत का आग़ाज हुआ ।
नेक हवा जब चलने लगी तो, जहाँ दोनों आकार हुआ ।
तरफ 12 तेरे लौ की होते, गुरु जगत् में जन्म हुआ ।
पिछला जन्म अब खत्म हुआ ।
माया हवा जब मिलने लगी तो, पिछला जन्म जब समाप्त हुआ।
राजा रवि बच्चा ग्रह चाली, घर अपने प्रवेश हुआ ।
अ़कल लेख का झगड़ा चला तो, गृहस्थी गुरु उपदेश हुआ ।

राशि व ग्रह

मेश, वृष जब मिले मिथुन से, तर्जनी उंगली गिनते हैं।
कर्क, सिंह और कन्या राशि, अनामिका उंगली लेते है।
तुला, वृश्चिक, धन तीनों की, छोटी कनिष्टका होती है ।
मकर, कुम्भ और मीन इकट्ठी, मध्यमा उंगली बनती है ।
मेष, वृष मालिक मंगल, तुला, वृष शुक्र की है ।
कन्या मिथुन का बुध है मालिक, कुम्भ, मकर दो शनि की है ।
गुरु मालिक है धन, मीन का, कर्क चन्द्र की होती है ।
सिंह अकेला दुनिया गरजे, राशि जो सूर्य की है ।
केतू बैठता कन्या में तो, राहू निवासी मीन का है ।
पाप चढ़ा आसमान के ऊपर, जड़ जिस की पाताल में है ।

व्याख्या

सिद्ध 12 ब्रह्मा (वृ) 9 निधि, मोह (शं) माई (चें) आकाश।
राई(रा) घटे न तिल(के) बढ़े, मच्छ (शं),भाई (मं), प्रकाश **(सू)**

गुरु रवि और मंगल तीनों, नर ग्रह भी कहलाते हैं।
शनि राहू और केतू तीनों, पापी ग्रह बन जाते हैं ।
शुक्र लक्ष्मी चन्द्र माता, दोनों इस्त्री होते हैं ।
बुध अकेला चक्कर सभी का, जिस में सब ये घुमते हैं ।
नेकी बदी दो मंगल भाई, शहद जहर दो मिलते हैं ।
बद लालच गर मारे दुनिया, नेक दान को गिनते हैं ।

पक्का घर खाना नम्बर 1

घर पहला है तख्त हज़ारी, ग्रह फल राजा कुण्डली का ।
ज्योतिष में इसे लग्न भी कहते, झगड़ा मनुष्य है माया का ।
पूर्व तरफ–पक्का घर सूर्य, पर उपकार चवन्नी का ....।
चार दीवारी तह के कोने, सींग मवेशी खड़े हों जाकि ।
राज संबंध रंग हों गुड़ के, रसम पुरानी साज़ सफर के ।
झिल्ली धन जो पैदा होंगे, नाम हैसियत दुनिया लेंगे ।
पहला घर सारा तख़्त गिना तो, ७वाँ टिकने की धरती हो ।

७वाँ ही गर ख़ाली होवे, उलटा तख्त वह २४ हो ।
साल २४ से जितने आगे, दुश्मन ग्रह उस आता हो ।
टक्कर ऐसी उस ग्रह होगी, आगे न वह चलता हो ।
लग्न अगर खुद खाली होवे, किस्मत साथ न आई हो ।
किस्मत उसकी सातवें बैठी, या घर चौथे १०वें हो ।
मुट्ठी के घर चारों खाली, 9–3–11–5वेंहो ।
ये घर भी यदि ख़ाली होवें, 2–6–12–8वेंहो ।
घर 12 ही घूम के देखे, ऊंच कायम या घर का जो ।
किस्मत का वह मालिक होगा, बैठा तख़्त पर उसके हो ।
घर पहला जब राज हकूमत, सात वज़ीरी होता है ।
हर दो से कोई दुश्मन होवे, साथ फ़कीरी होता है ।
ऊंच, नीच, घर के जो गिने है, वह नहीं इन घरो लड़ते है ।
बाकी ग्रह सब झगड़ा करते, उमर से भी वह मरते है ।
तख़्त पर बैठा नर ग्रह राजा, दूसरों से वह स्त्री है ।
7वें इसकी औरत बेटी, बुध शुक्र दो बैठती है ।
ज़्यादा एक से घर पहले में, नर ग्रह स्त्री होती है ।
दो से ज़्यादा घर 7वें में, स्त्री ग्रह–नर होती है ।
गिनती मगर हो राजा अलग राये कमेटी होती है ।
ज़ाहिरा बेशक तीन हों बैठे, गिनती चार की होती है ।
अकेला पहले बहुत हो 7वें, ग्रह फल राशि होती है ।
उलट अगर हों टेवे बैठे, जड़ 7 वें की कटती है।
गुरु शनि और मंगल टेवे, कहीं भी इस के बैठे हों।
फल वैसे ही घर पहले के, उस टेवे में होते हैं ।

पक्का घर खाना नम्बर 2

घर पक्का दूजा गुरु, ब्रह्मा गाय स्थान है ।
मिलता जहां पर है इकट्ठा, मान व धन ससुराल है ।
ज्ञान समुद्र घर 9वें का, या फल उमर हो पहली का ।
सफेद झण्डा किस्मत पे झूले, उमर बुढापा घर 2 का ।
दिशा उत्तर, पश्चिम है तो, असर–हवा–मिट्टी का है ।
घर 8 वां और 6वां मिलते, दरवाज़ा यह दो का है ।
ग्रह शत्रु पापी सभी, हृदय सफा सब कलेश ।
मौत–पातान के देखन कारण गुरु सुनें उपदेश ।
घर चल कर जो आवे दूजे ग्रह किस्मत बन जाता है ।
घर 10वां गर खाली होवे, सोया हुआ कहलाता है ।
कमाई किस्मत–बचत, जाति, स्त्री धन भी गिनते है ।
माता, बूआ, फूफी मासी, जगह तिलक की लेते है ।
क़द–सीधापन उंगली उसकी, भूख सुभाओ नेकी है ।
ज़ायका में वह खट मीठा तो, मोह माया भी होती है ।
गैस रतूबत शाख़ दबा कर, दरख्त भी पैदा होता है ।
सिफात इकट्ठी–राज रइयत, बैल पे साधु चढ़ता है ।
घर दूजा मैदान है 8 का, बैठक राहु केतु है ।
सर –पांवे के दोनों मालिक, माथा कुरआ–हवाई है ।
पीपल, पित्तल, मिट्टी पीली, केसर पीला रंग भी है ।
असर सभी का इस घर आकर, मंदे का भी उमदा है ।
ग्रह मुशतरका बुरा नहीं करते, बंद मुट्ठी के ख़ानों में ।
फल 2–11 अपना अपना, धर्म मन्दिर गुरद्वारा में ।
स्त्री ग्रह जब शनि से मिल कर, बैठे 2 या कहीं भी हों।
ग्रह दृष्टि से जो कोई देखे, वह औलाद से मरते हों ।
पाप की बैठक घर है गुरु के, गृहस्थ शुक्र बन जाता है ।
किस्मत सबकी जोमाथे पर चलती, केतु गुरु बुध मिलता है ।
चन्द्र–मंगल बद–शनि बैठे, मौत जन्म 2 मिलता है ।
आठ ग्रह इस घर में आते, जुदा रवि पर रहता है ।
केतु गुरु करें मस्तक लम्बा, करम धरम बढ़ता है ।
बुध कलम जब लिखे विधाता, माथा खुला हो जाता है ।
दुनियाकी किस्मतहै आकाश बुधमें, फर्क लम्बा चौड़ा गुरु केतु है।
गुरु लम्बा गिनते तो केतु है चौड़ा, मिले दोनों बैठे गुरु दाता है।
गुरु शुक्र उस टेवे में जैसे, कहीं भी इस के बैठे हों ।
फल वैसे ही घर दूजे के, उस टेवे में आते है ।

पक्का घर नम्बर 3

घर तीसरा है पक्का मंगल, *धन दौलत के जाने का ।*
रवेश ओ अ़क़ारब भाई अपने *या चोरी चलाकी का ।*
असर नज़र और जंगो जदल सब, *महल भी उनके लेते है ।*
बढ़ना बढ़ाना फ़र्ज इत्यादि, *न्याय मीठा भी गिनते है ।*
उठती जवानी या खून जिगर का, तना दरख्त आकाश भी है ।
खुशी गमी और साले भनोइये, *सामान उनका मकान भी है ।*
शेर दरिंदे इस घर रहते, *त्रिलोकी भी होता है ।*
ताक़त बच्चा पैदा करने, *सुसराल इतना अकेला है ।*
इस घर का जो रंग है खूनी, *असर होता भी खूनी है ।*
ग्रह जो इस घर बदी पे होवे, *कहलाता वह कष्टी है ।*
स्त्री ग्रह जब तीजे आवें, *औरत भी वाँ मर्द कहलावें ।*
शुक्र बैल और चन्द्रमा साधु, *मरद बढ़ेगे बढ़ेगी आयु ।*
मंगल बद–मंगलीक न होगा, *शिवजी हो के दया करेगा ।*
स्त्रियों की भी पूजा होगी, *तीन काल वहां उन्नति होगी ।*
होगी तो कुल उमदा होगी, *गर न होगी–चोरी न होगी ।*

पक्का घर नम्बर 4

घर चौथे पेट माता चन्द्रमा, *ठण्डी रोशनी माना है ।*
चार तरफ का पानी दुनिया, *दूध समुन्द्र दरिया है ।*
दिल–सफर–माता–धरती घोड़ा, *दिशा उत्तर, पूर्व है ।*
चरिन्दे चावल दूध पिलाते, *बज़ाज़ी मुर्गे – आबी है ।*
धन दौलत या वक्ते जवानी, *रंग गिना है चाँदी का ।*
अनविध मोती–घर माता का, *रस होता है शांति का ।*
झुकाव तबीयत फर्श मकाना, *संबंध गिनते है मरदों का ।*
चक्र, शंख पर्वत हो पूरी, *निशान भी लेते है जौ का ।*
राहु केतु घर चौथे में, *पाप से हरदम डरते है ।*
तारें चाहे न तारें मर्ज़ी, *कसम पाप की करते है ।*
ग्रह चौथे के रात क्के जागे, *या जागे वह मुसीबत में ।*
मदद कोई न हो जब करता, *आ तारे वह बुढ़ापे में ।*
एक अकेला ग्रह ख़ाह कोई, *घर चौथे जब बैठा हो ।*
फल बुरा न वह कभी देवे, *चाहे चन्द्रमा का दुश्मन हो ।*
घर चौथा जब खुद हो ख़ाली, *आखिर उम्र तक उत्तम हो ।*
चन्द्रमा का फल घर ही देवे, चाहे चन्द्रमा खुद नष्टी हो ।
घर चौथे में ग्रह जो आवे, आखीर चन्द्रमा वह होता है ।
असर मगर उस घर में जावे, शनि जहां के बैठा हो ।
गुरु रवि और चन्द्रमा टेवे, कहीं भी इसके बैटे हो ।
फल वैसे ही घर चौथे के, उस टेवे में होते है ।

पक्का घर नम्बर 5

घर 5वां है ज्ञान गुरु का, *तेज तपस्या होता है ।*
हवा रोशनी लड़के पोते, *वक्त आइन्दा होता है।*
औलाद जन्म ता उमर बुढ़ापा, *महल बच्चत औलाद के है ।*
पाँचों ही इन्दरी हाज़मा उसका, *गरमी शोहरत नेकी है ।*
लिखत गुफ़्त रफ़्तार हो *सायाइलम सबर ईमान भी है ।*
पैवन्दी पौदे जो गिने तो, *खाली जगह दर उंगली है ।*
रोशनी पक्की घर पहले की, *हवा अच्छी घर 5 वें है ।*
दोनों पक्की इस जा इकट्ठी, *दीवार मशरिकी कुण्डली है ।*
उमर औलाद तो सेहत अपनी, *घर 5 वें से लेते है ।*
घर 3–9– या 4 हों मंदे, *असर बुरा 5 गिनते है ।*
रवि गुरु दोनों से कोई, *घर 10 वें जा बैठा हो ।*
5वें घर चाहे दोस्त इसका, *पक्की दुश्मन होता हो ।*
गुरु रवि और राहु केतु, *कहीं भी इसके बैठे हो ।*
फल वैसे ही घर 5 वें के, *उस टेवे में होते है ।*

पक्का घर नम्बर 6

घर 6 वें पाताल में बैठे, *केतु बुध इकट्ठे है ।*
दुश्मन से वो बाहम होते, *इस जा वो नहीं लड़ते है ।*
केतु लड़का तो बुध है लड़की, *वम बुध कहते केतु की साथी है।*
रिशतेदार हों माता पिता के, *अंकल सफर खुद कम ही है ।*
बुध सेवा नहीं शुक्र करता, *केतु भी धोका देता है ।*

अकेले अकेले ही दोनों उमदा, मिल कर चेहरा बनता है ।
आकार चेहरे का गर बुध से हो, खूबसूरत हो केतु से ।
नौ ही ग्रह पाताल कद कदामत, या हथेली उंगली की ।
खटाई व गोबर या हो सच्ची नेकी, यह खुद असलियत है केतु की ।
नाना नानी या मामू इसके, हमदर्दी फोकी बुध की है ।
इधर–उधर काम का होवे, .ज़ाइका पट्ठे सब्जी है ।
बरताब होवे या होवे साहकारा, माथा चेहरा होता है ।
तरफ उत्तर या हो फोका पानी, फूल सुगन्ध्या होती है ।
आकार परिन्दे हाथ के नाखुन, सुख औलाद का होता है।
भईआ यह अपार हे दुनिया, नक्कारा स्वयं भी होता है ।
केतु की चीज़ो पे केतु हो मन्दा, पर मन्दा न हो दूसरों पर ।
बुध भी अगर साथी होवे, खुद मंदा बुरा दूसरों पर ।
उमर मंदी इस ग्रह की होवे, घर 6 वें आ बैठे जो ।
लाख उपाय करो न टलता, ग्रह फल लिखा जिसको हो ।
फल औलाद का शुक्र रवि, पर रवि न दौलत हो ।
गुरु सूरज से कोई दूजे, शुक्र का फल 12 हो ।
बुध केतू और शुक्र टेवे, कहीं भी इस के बैठे हो ।
फल वैसे ही घर 6 वें के, इस टेवे में होते है ।
* इस घर में सिर्फ सूर्य या वृहस्पति राशि फल के है ।

पक्का घर नम्बर 7

घर 7 वां है पक्का शुक्र, घूमता बुध ऊपर का है ।
दोनों इकट्ठे चक्की चलती, निचला शुक्र माना है ।
बुध 7वें का चक्र घुमायें, मिट्ठी शुक्र होती है ।
दोनों घुमावे कीली लोहे की, घर 8 वें जो होती है ।
शुक्र बुध जब दोनों इकट्ठे, शनि भी अच्छा होता है ।
अन्न दौलत की कभी न कोई, घी मिट्ठी से निकलता है ।
तरफ दक्षिण, पश्चिम पाये, औरत शान बैठती है ।
हालात हथेली .ज़र्रे मिट्ठी के, होती शादी उन्नति है ।
फल सफेदी तथा पलस्तर, घर लड़कियों के लेते है ।
जैसा शुक्र हो वैसे ही सब फल, निचले पत्थर से होते है ।
बिना फूल बुध तो हो पिस्तान लड़की,
जुवान नेक होवे तो शुभ की
पैदाइश हो अण्डों से, काम शक्ति हो वाह की ..... ।
इस तरह अ़कल अपने, दौलत सभा की ।
घर पहले के खाली होते, 7 वां फौरन सोया ।
दिन उसी ही सूर्य निकले, 8 वां जब दूजे होया ।
शुक्र बुध उस टेवे जैसे, कहीं भी उसके बैठे हों ।
फल वैसे ही घर 7 वें के, उस टेवे में होते है ।

पक्का घर नम्बर 8

घर 8 वें है मौत निमानी, मंगल बद ही लेते है ।
ग्रह नर में से कोई हो 8 वें, मौत टली ही गिनते है ।
अगला हिस्सा घर पहला तो, 8 वां पीठ भी होती है ।
बद शुतर की पीठ हो अपनी, नीची ऊंची होती है ।
तरफ दक्षिण कच्चा कोयला, .ज़न मुरीदी होती है ।
कच्ची चरबी खून हो मन्दा, पित्त मेदे की होती है ।
शनि मंगल का झगड़ा होता, केतु चीज़े मन्दी हों ।
छत मकान से नीचे उतरे, चारपाई भी गन्दी हों ।
घर 8वां जब बदी पे आवे; 2, 6 भी आ मिलते है ।
12 तो है दूर ही बैठा, फैसला इस का लेते है ।
मंगल बद है सबसे मन्दा, मन्दा जादू मन्तर है ।
एक अकेला हर दम अच्छा, शनि मंगल या चन्द्र है ।
घर 11 है दुनिया का अन्दर, 8 को बाहर गिनते है ।
*रीढ़ की हड्डी है खलिस केतु, बाकी पीठ है मंगल बद ।
घर 11 की चीज जो आवे, छत गिरी ही लेते है ।
महीना का पानी या दूधहो छतपर, बुध चाँदी से बांधते है ।
आतिशी शीशा जब कभी चमके, खतम कहानी गिनते है ।
शनि मंगल और चन्द्र टेवे, कहीं भी इसके बैठे हो ।
फल वैसे ही घर 8वें के, उस टेवे में होते है ।
* जैसे कि शनि 11 वें हो तो जब शनि की संबंध चीज़ इस के घर नई आवे ।

* बुध का मंगल बद या लड़की के लाल चमकीले कपड़े ।

पक्का घर नम्बर 9

घर 9 वां है गुरु बजुर्गी, जड़ बुनियाद ग्रह नौ की ।
मकान जद्दी जो होवें अपना, पर उपकार बजुर्गों की ।
उमर दादा या बाप हो अपनी, ज़माना है खेल खिलाड़ी का ।
घर कच्चा वा पक्का होवे, हाल है दुनिया ग़ैबी का ।
मात पिता की हालत अपनी, आराम–हराम की रोज़ी है ।
करम धरम या पिछला जन्म हो, मेंढक खुश्क पानी है ।
दरियाओं से गंगा हो तो, पेट माता का होता है ।
.खत उंगली पर लेटे खड़े हों, मणि बीरज भी होता है ।
इन्सान का धड़ चौपाया, हवा परों से उड़ता है ।
एक जहां से दूजे चलता, करम धरम से फलता है ।
जड़ नथनों की सांस दुरंगी, किस्मत का आग़ाज़ भी है ।
घर दूजे पे बारिश्श करता, समुन्द्र घिरा ब्रह्मांड भी है ।
तीजे घर का असर हो पहले, बांद गिना घर 5 का है ।
पानी मिट्टी के ऊपर उड़ता, असर पक्का घर 9 का है ।
9 वें घर के ग्रह कुल ही का, असर ख़ाहिश सब मन्दा है ।
रुह बुत के झगड़े में लेते, असल पैमाइश अन्दर है ।
मंगल बद या शुक्र बुध हो, मन्दे इस घर होते है ।
शनि केतु या तर ग्रह उमदा, चन्द्र 9 गिना लेते है ।
घर 9 वां है केन्द्र कुण्डली, धरती का जो महवर है ।
जिसम में रुह की हरकत गिनते, हाकम सब ही ग्रह का है ।
गुरु अकेला उस टेवे में, कहीं भी उसके बैठा हो ।
फल वैसा ही घर 9 वें का, उस टेवे में होता है ।

पक्का घर नम्बर 1०

घर 1०वां है शनि का अपना, खुद विरासत लाता है ।
सुख पिता को या उसे होवे, वृष मकान 3 रहता है ।
चार तरफ की चीज़े दुनिया, चाला की मक्कारी हो ।
सामान खुराक या वक्त हो शादी, तरफ ग़रब की होती है ।
ईंट पत्थर और काठी इसकी, कांटे बाड़ भी होती है ।
काली खांसी उमर पिता की, .ज़हर दरिंदे होती है ।
त्रिकोण बड़ी चौकोर हो लम्बी, नमक स्याह और तेल भी है ।
आम सलाह बरताओ दुनिया, न.ज़र ग्रह की होती है ।
लोहा लक्कड़ या कीड़े मगरमच्छ, ताकत बिज़ली होती है ।
न.ज़र उमर या झपट कौए की, दहशत साँप की होती है ।
बाल जिसम के काले भूरे, खुशी ग़मी भी होती है ।
साँप का घर और आँखेकी पुतली, रंग स्याह भी होते है ।
गाय भैंस हो लोहे रंगी, दुम .ज़हरीले होते है ।
अंधेरा या .खतम रोशनी, आर द्वार इकट्ठा हो ।
सिफ़र जमा कुल एक की दुनिया, किस्मत सब की 1०वें हो ।
घर 1० वें में तीन ग्रह तो, चलते शनि से है ।
राहु केतु और बुध तीसरा, तीनों ही शक्की है ।
ग्रह पापी उस टेवे में जैसे, कहीं भी इसके बैठे हों ।
फल वैसे ही घर 1० वें के, इस टेवे में होते है ।

पक्का घर नम्बर 11

घर 11 का शनि है मालिक, पर दरबार गुरु का है ।
घड़ा भरा पानी है बेशक, बरताबा तो गुरु ही है ।
.फ़कीरकी झोलीकी किस्मत गिनते, जन्म–वक्त खुद आमद है ।
शनि गुरु का हलफ उठावे, फैसला करता बाद में है ।
ऊरध श्रेष्ठ धन रेखा तो, किसमत का मैदान भी है ।
लालच दुनिया मकान खरीदे, उमर तादाद औलाद भी है ।
छिलका पोस्त शान और शौकत, हाथ की किस्में पालना है ।
दो मुंह के यह साँप का घर तो, खुद–रौ बूटा बेल भी है ।
दीवार मग़रबी पहला हाकम, मिसलें राहु केतु है ।
दूध माता का याद है कर के, फैसला करता शनि भी है।
अहवाल है नाखुन रंग भी उनके, एक अकेला दो भी है ।
खुद बेड़ी को पापी चला दें, डूब डोबाते वह नहीं है ।
धन दौलत है 11 आता, घर तीजे से जाता है ।

मंगल कुण्डली कहीं हो बैठा, फैसला इस का होता है ।
बुध गुरु नहीं इस घर अच्छे, या कि चन्द्र बैठा हो ।
उमर पहली है शक्की गिनते, जब घर तीजा मंदा हो ।
किस्मत का ग्रह उस घर तीजे, मदद न 5 से होती है ।
घर 3 खाली 11 सोवे, किस्मत शनि पे होती है ।
ग्रह मुशतरका बुरा नहीं करते, बंद मुट्ठी के ख़ानों में ।
फल 2–11 अपनो अपना, धर्म मंदिर गुरुद्वारा में ।
घर 11 में ग्रह जो आवे, तासीर शनि में वह होता है ।
असर मगर उस घर में जावे, गुरु जहां टेवे बैठा हों ।
शनि गुरु उस टेवे में जैसे, कहीं भी उसके बैठे हों ।
फल वैसे ही घर 11 के, उस टेवे में होते है ।

पक्का घर नम्बर 12

घर 12 है सुख गृहस्थी, गुरु राहु दो बैठे है ।
मछली ढूंडे पानी बादल का, बचन सराफ इकट्ठे है ।
धन की थैली 7 वें होवे, मर्द बोलते 6 वें है ।
घर 8 वें से उमर मिले तो, बने महल घर दूसरे में ।
गज साधु हों मवेशी पाले, आबाद वीराना मिलते है ।
शोहरत दुनिया हड्डी उसकी, खून नसल का गिनते है ।
निशान पेशानी उंगलियां, महल पड़ौसी होता है ।
खर्चा जाती दिमाग की हरकत, सुसराल का क़र्ज़ा होता है ।
मर्द औरत का उमर संबंध, हाथ झुकाओ दोस्त है ।
पाँव के उसके नाखुन लेते, होती हथेली वृहस्पति है ।
तरफ जनूबी पूर्व हो तो, पालना बेवा होता है ।
एक खत्म से दूजा शुरु हो, 12 जहां 2 होता है ।
ग्रह 12 न गर कोई बोले, घर 2 में वह बोलता है ।
फल घर 12–2 का इकट्ठा, साधु समाधि होता है ।
खुद इन्सान की पेश न जावे, हुकम विधाता होता है ।
सुख दौलत और साँस आखिरी, उमर का फैसला होता है ।
शनि गुरु और राहु टेवे, कहीं भी उसके बैठे हों ।
फल वैसे ही घर 12 के, इस टेवें में होते है ।

ग्रह दृष्टि

एक अकेले का दुश्मन न कोई, न ही दोस्ती होती है ।
रियाया बिना न राजा कोई, न ही वज़ीरी होती है ।
1 से 6 तक तरफ जो पहली, हिस्सा दाँयां कहलाती है ।
बाद के घर 7 वें से 12, तरफ बांई हो जाती है ।
तरफ पहली न ग्रह हो कोई, बाद के ग्रह सोये होते है ।
घर जब बाद का खाली होये, तरफ सोई पहली गिनते है ।
जिस घर में ग्रह हो कोई बैठा, जागता घर वह लेते है ।
जागे घर न ही असर ग्रह का, जब तलक खाली होते है ।
ऊंच दृष्टि कितनी ही होवे, निर्बल प्रबल किसी भी घर ।
घर दृष्टि का जब तक खाली, असर जावे न दूजे घर ।
घर 9–11 गुरु से जागे, चन्द्र से 8, 4, 2 घर ।
रवि जगाता घर 5 वां तो, शुक्र जगावे 7 वां घर ।
शनि से दसवें राहु 6 को, बुध जगाता है तीसरा घर ।
मंगल से घर पहला जागे, केतु जगावे 12 वां घर ।
ग्रह दोस्त नहीं बाहम लड़ते, झगड़ा कराते दूसरे है ।
शनि रवि दो इकट्ठे बैठे, फटते ग्रह स्त्री से है ।
ग्रह संबंध बुरा नहीं करते, बन्द मुट्ठी के ख़ानों में ।
फल 2–12 अपना अपना, धर्म मन्दिर गुरुद्वारा मैं ।
स्त्री दृष्टि से जो कोई देखे, मरते औलाद से हों।
इस जहर को घर 9 वें से, राहु केतु हटाते है ।
अगर मदद न उन की लेवें, मंगल केतू मरते है ।
एक दीवार के घर 2 साथी, ग्रह मुशतरका होते है ।
शत्रु ग्रह तो कभी न मिलते, दोस्त मिले ही गिनते है ।
बजह किसी दीवार फटे गर, दुगनी ज़हर हो जाती है ।
अकल बुरी किस्मत हो मन्दी, मौत खड़ी हो जाती है ।
घर 10 वें में लड़ते दुश्मन, ग्रह 9 टेवा अंधा हो ।
सूर्य 4 शनि हो 7 वें, नोहराता आधा अंधा हो ।
राहु केतु घर 4थे 10 वें, या चन्द्र भी साथी हो ।

शनि या गुरु साथी, टेवा वह कुल धर्मी हो ।
घर अपने से 5वें दोस्त, 7 वें उलटे होते हैं ।
8 वें घर पर टक्कर खाते, बुनियाद 9वें पर होती है ।
तीसरे घर के जुदा जुदा तो, बुध से वह आ मिलते है ।
घर 10 पर आपसी दुश्मनी, घूमते फिरते चक्कर है ।
नर ग्रह बोलते घर में, स्त्री बोलते ताक़ में है ।
बुध है बोलता 3, 6 में तो, पापी नहीं बोलते 2 में है ।
ग्रह शत्रु में गुरु जो आवे, वैर खतम हो जाता है ।
माता चन्द्र जब साथी होवे, दोस्ती पैदा करता है ।
घर 5 वां औलाद का गिनते, 11 होता घर धर्मी है ।
घर 8 वें जो मौत निमानी, साथ लगी 9 बजुर्गी है ।
घर पहले की उमर सौ सालह, 9वें 3, दस बारह है ।
85 उमर 7 चौथे की लेते, 80 होती घर 6 की है ।
पौन सदी या साल 75, गुरु मन्दिर घर 2 की है ।
घर और ग्रह की उमर जुदा पर, गुजरती दो की इकट्ठी है।
गुरु जगत की उमर 75, बुध केतू 80 होती है ।
शुक्र चन्द्र की उमर 85, शनि मंगल राहु 90 है ।
स्त्री ग्रह जव मिले नरों से, उमर 96 होती है ।
रवि मालिक है पूरी सदी का, उमर लम्बी उसकी होती है ।
ग्रहण लगे जब रवि चन्द्र को, साल तीन कम होती है ।

वृहस्पति-जगत् गुरु

पापी ग्रह या बुध संबंध , पिघला सोना गुरु होता है ।
उपाय ग्रह साथी का होवे, गुरु राशि फल होता है ।
पापी मन्दे या केतु मंदा, गुरु भी मंदा होता है ।
ग्रहण के वक्त हवा बरफानी, असर मंदा हो जाता है ।
नष्ट मंगल आकाश बेल तो, बुरा शुक्र मन्दा करता है ।
शत्रु ग्रह के जब वह अन्दर, वैर नष्ट कर देता है ।
हाथ रुहानी कद पेशानी, सांस चोटी गुरु गिनते है ।
नाक सिरा अगला इसका, फैसलाकुन हुआ करते है ।
1 ता 5 या 12 बैठा, मदद शनि रवि करता है ।
घर 6 ता 11 में बैठा, सिर्फ शनि को तारता है ।
गुरु अकेला सब को तारे, मदद न जब कोई करता हो ।
पर केतु को वह मरवावे, खुद ही जब वह मरता हो ।

वृहस्पति खाना नं० 1

कीमियागर-पेशानी-पीले रंग, शेर नर चलता साधु ।
घर पहला है तख़्त हज़ारी, ग्रह फल राजा कुण्डली का ।
गुरु मगर न इस को चाहवे, झगड़ा मनुष है माया का ।
गुरु अगर घर पहले ही आवे, विद्या सोना ले आता है ।
लिखना पढ़ना अगर न जाने, भेस फकीरी पाता है ।
सोना भी जो सब से उमदा, दया धर्म भी उत्तम हो ।
सेहत दौलत रिश्तेदारा, नाग बली का साया हो ।
उमर 16 से घर को तारे, कुल संसार बुढ़ापे में ।
गुरु हवा दोनों है चलते, फिरते कुल ज़माना में ।
उमर 27 पिता से बिछड़े, खुद कमाई करता हों ।
शनि चक्कर से 7 वें आवे, पिता न उस का बैठा हो ।
उमर मामों की छोटी होवे, पर छोटी न अपनी हो ।
घर 7 वां गर खाली होवे,टाँग तख्त की टूटी हो ।
माता इसकी शिव जी होवे, पर औरत से डरती हो ।
बेटे को तो तारती जावे, खुद इकावन मरती हो ।
** टेवे वाले की 50 साला उमर पर*
केतु लड़का आसन उमदा, बुध निकम्मा लेते है ।
घर 5 वें गर शनि हो बैटा, कोठे भी उसे मंदे है ।
चक्कर दूजा हो जब उसका, उमर निनावन (99) गिनते है ।
गुरु जगत में प्रकट होगा, सुख दुनिया का लेते है ।

शादी के दिन से बुलन्द होगा मगर पिता के साया का सिर पर साथ न होगा । अगर होगा इस के साथ मददगार और नेक न होगा । फिर भी होगा तो जुदा सर पर पड़ता होगा । अक्सर उमर कर हर आठवां साल तरक्की का न होगा । अगर होगा तो बचन या आर्शीवाद पूरा होगा मगर शराप या बद-दुआ से खुद अपना आप तबाह होगा ।

वृहस्पति खाना नम्बर 2 (पक्का घर)

गाय, स्थान, महमान नवाज़ी, पूजा धन माया चने की दाल

गुरु दूजे स्थान गऊ का, आसन ब्रह्मा – माया है ।
दुश्मन ग्रह घर 6 तथा 11, राजा वली चाहे कोई हो ।
वृहस्पति तब भी गुरु ही होगा, चाहे वह औरत का ही हो ।
अगर गुरु न होवे ऐसा, वही गोबर का पुतला हो ।
ज़हर बिच्छू से मर्द व औरत, कुल अपनी के मारता हो ।

सुलह कुल और बख्शीश करे तो नेकों से वह नेकी मे बढ़े वरना
कर भला तो होगा भला । सोने की तार की तरह बढ़ता होगा । वरना
हाथ पुराने मिट्टी – मलते रहने की तरह हो जाये ।
साधु अपनी धूनी पर होगा मगर गृहस्थी व कुटिया की शर्त न होगी ।

ए- शुक्र बुध

इस का मामूली ताँबे का पैसा उसे सोने का काम देगा । सौ चूहे खाके बिल्ली हज को गई । गुरु घंटाल होगा । ब्रह्मा जी व लक्ष्मी जी अपने सिंहासन पर की तरह किस्मत का अच्छा हाल होगा । अपनी मौत का उसे मरने से पहले पता लग जायेगा । मिट्टी के कामों से सोना मगर सोने के कामों से बुरी हालत प्राप्त होगी ।

वृहस्पति ख़ाना नम्बर 3

दुर्गा पूजा – विद्या

त्रैलोकी का मालिक होगा, गुरु जो तीजे बैठा हो ।
पग हो तो 18 से 19, वरना 3 ही काना हो ।
दुर्गा पूजन भेद गिना है, 3–18 होने का ।
नेक होवे तो सब से उमदा, वरना बुध हो 3–9 का ।

मुनासिफ मिज़ाज दुर्गा जी शेर की सवारी का साथ होगा । जिसे तारे शेर की तरह मारी हुई मार (शिकार) दे जावे । मगर जिसे बिगाड़ने पे आये, इस का बिस्तरा तक भी जला दे । तारीफ और खुशामद से इसकी शक्ति नष्ट और बर्बाद होगी ।

वृहस्पति खाना नम्बर 4 (ऊंच फल का)

वर्षा **सोना**

वृहस्पति चौथे घर हुआ, समुद्र दूध भरा ।
ग्रह चारों ही नेक हों, पानी, मिट्टी, आग, हवा
(चन्द्र) (शुक्र) (मंगल) (वृहस्पति)
ऊंच वृहस्पति जब हुआ, बढ़ता चन्द्र हो ।
बुध अकेला छोड़ के, फल सब का उमदा हो ।
10 वें बुध गर आ हुआ, खोटी हवा चलने लगी ।
दुनिया को क्या तारे जब खुद बेड़ी अपनी डूबती ।

(32परियां) और राजा बिक्रमाजीत के साये का मालिक होगा । उस के साया में लाटरी, सोने की कानों की दमक चमक और धन दौलत का दरिया बहता होगा ।

माँ पर घी, पिता पर घोड़ा – बहुत नहीं तो थौड़ा थौड़ा ज़रुर होगा ।

वृहस्पति खाना नं० 5 (पक्का घर)

नाक – केसर – असर है ग्रह फल का

गुरु है 5वें में मालिक, पत्थर में वह मोती है ।
छोटी नैया चाहे बेशक होवे, नरक कुटुंभी धोती है ।
दुश्मन 2–9–11 बैठे, डूबती बेड़ी होती है ।
बिन गुरु कोई लड़का जन्मे, शेरों कह जाड़ी होती है ।
जब तलक न हो कोई ऐसा, नींद भरी शेर होती है ।
लड़के पोते बेशक बैठे, किस्मत सोई होती है ।

वर्ष फल के हिसाब या किसी तरह भी अब अगर शनि खाना नं० 9 में आ जाये तो वृहस्पति की मीठी हवा में शनि का साँप सो जायेगा । मगर वह मुर्दा नहीं हो जायेगा और शनि के दिन की औलाद के जन्म पर जाग कर बुनियादी उमदा 600 साला और उत्तम चीज़ों से फायदा न होगा।

वृहस्पति ख़ाना नम्बर 6 (राशि फल)

गरुड़ (परिंदा) मंदे वक्त केतु का उपाय मदद करे ।

6 वां घर पाताल का, गुरु छिपावे मुंह ।
मदद करे न बाप की, बेटा, बेटी न नूह ।
हवा भली उस शख्स की, मान सरोवर हो ।
कुल माता बुध भी बढ़े, केतु उमदा हो ।
चूहे से केतु बने, बुध गरुड़ ही हो ।
रोटी खाये वह मुफ्त की, ऐशी पट्ठा हो ।

साधु अपनी कुटिया में होगा। समाधि और धूनी की शर्त न होगी। या पिता छोटी उमर में चल बसने वाला होगा। मगर टर्राने वाला मेंढक न
फिर भी अगर होगा धन की वर्षा का मालिक या सोने की कानों मे रहने वाला होगा । आखिर होगा तो खुशहाल होगा

पर कभी कंगाल न होगा ।

वृहस्पति खाना नं० 7 (राशि फल का)

किताबें, दमा, मेंढक, आवारा साधु, मसनूई वृहस्पति (सूर्य शुक्र) खाली हवाई वृहस्पति । मन्दे असर के वक्त चन्द्रमा का उपाय मददगार होगा ।

7 वें वृहस्पति सब को तारे, खुद तकड़ी की बोदी हो ।
धर्म ईमान में अपने पक्का, पर भाइयों से दुखिया हो ।
सबका ही वह देवन हारा, चने का छिलका खुद हो गुज़ारा ।
खुद किस्मत का अपनी मारा, चन्द्र पूजन हो निस्तारा ।
बुध शनि घर 2–6–11, या कि 12 बैठा हो ।
ऊर्ध रेखा का डाकू, लड़के को वह तरसता हो ।
45 जब उमर हुई तो, लड़का भी आ बैठा हो ।
पिछले धोने सब कुछ धो कर, सुख सागर का मालिक हो ।
लोग गये जो मेला बैसाखी, लालाजी जकड़े घर की राखी ।

भाईयों से तंग होकर कई दफा कहता होगा कि ''भाई जी! तुसाँ जमदे क्यों न मर गये ..... धान फाड़ने गये । स्त्री धन से बरकत होगी । अगर अपनी कमाई होगी तो सब मिट्टी के बराबर होगी । आवारा साधु का साथ शुभ न होगा । अगर होगा तो मुसीबत व खर्चा बड़ा करेगा । ब्राह्मण की बोदी मींह मंगदी!

(चन्द्र पूजन शुभ होगा)

वृहस्पति नं० 7 की मंदी हालत का प्रभाव । यदि घर में रत्ति (सोना तोलने वाली) होगी । जिन को कपड़े में रखना धन दौलत के लिए शुभ होगा ।

वृहस्पति खाना नम्बर 8

अफवाह - नक्कारा . - फकीर का यज्ञ दान

घर 8 वां जो खोपड़ी सबकी, साधु का वह प्याला है ।
शनि मंगल सब को ही जला दें, गुरु का फल पान निराला है ।
गुरु के घर जब उत्तम होवें, सोने का भण्डारा है ।
शनि मंगल जब चौथे बैठे, दुखिया भस्म गुज़ारा है ।

लम्बी उमर का बजुर्गों ने ही पट्टा लिखवाया हुआ होगा । हर दम बढ़े परिवार और जागती हुई किस्मत का हाल होगा । सिर की खोपड़ी को सर से उतार कर हाथ में लेकर चलने की हिम्मत का वह मालिक होगा । सब कुछ जला कर जंगल में एक पत्थर पर भी बिठा दें तो भी उस वीराना में सोने की खानें वह ढूंढ लेगा और जले जंगल में मीठा मंगल और हरियाली कर लेगा । मगर फकीरी का साथ न देगा ।

वृहस्पति खाना नम्बर 9 (पक्का घर)

घर का और ग्रह फल का - किस्मत को जगाने वाला-जद्दी मकान-मन्दिर मस्जिद गुरुद्वारा।

वृहस्पति हो जब 9–12 में, घर उस के गंगा[1] आती है ।
किस्मत उमदा पत्तन सबका, नाव हवा में चलती है ।
जूं जूं पानी इसका बर्ते, होता ब्रह्म ज्ञानी है ।
नौ निधि का मालिक गिनते, होती 12 सिद्धि है ।

प्राण जाये पर वचन न जाये । वचन से अपना धर्म भी पाये और धर्म से उसके धन में हार न आये । वरना मन्दे वक्त से वह पहले ही चल जाये। सर्राफ या जौहरी कमाल का होवे ।

वृहस्पति खाना नं० 10 (नीच)

गुरुद्वारा 10 वें हुआ, स्वर्ग लोक के काम ।
लालच में दोनों गये, माया मिली न राम ।
घर शनि के आन कर, गुरु चढ़ावे स्वास ।
ग्रह न कोई चल सके, सिर्फ शनि का आस ।
कीड़ा गन्दा अब हुआ, भरे भसम भण्डार ।
लाज गुरु की है शनि, चाहे मन्दा कुल संसार ।
9 चौथे घर 5 वें, शनि रवि या बुध ।
शुक्र राहु हों मरे, केतु पाये न सुध ।
10 वें घर का नीच वृहस्पति, 4 रवि से चलता है ।
चाहे से है वह सोना बनता, 4 शनि से गलता है ।
गुरु रवि दोनों से कोई, घर 10वें जब बैठा हो ।
5वें घर चाहे दोस्त उनका, पक्का दुश्मन होता हो ।

निर्धन पिता यतीम बच्चे को निर्धन ही छोड़ जावे । उसकी जिन्दगी में बच्चे ने स्वपन में महल देखे मगर जागने

पर उसी टूटी हुई चारपाई और तवेला ख़रा में लेटे पाया । न शुरु देखा न आखिर देखा, जो खूब देखा तो अफसोस देखा और लिपटी हुई आरजू को कफन में ही ले जाते देखा 27 साला उमर से 36 तक बहुत मन्दा मगर 28 के बाद (जबकि भाई की मदद् या इसका साथ हो) गणेश जी या सब के पूजने की जगह बनते देखा । बहरहाल मर मर कर बढ़िया राग गावे । लोग कहें उसे ब्याह–उस ने गरीब का तरस खा कर रोटी दी तो पुलिस के डंडे की मार इसका इवज़ मिला । किसी का तो पेशाब भी तेल की तरह रोशनी देवे मगर उसका तो शुद्ध तेल भी पेशाब से कम कीमत होवे ।

* वास्ते खुद अपनी व उमर शुक्र की, जब नर
ग्रह का साथ न हो । वरना उमर लम्बी होगी ।

वृहस्पति खाना नम्बर 11 (पक्का घर)

ग्रह फल का–किस्मत को जगाने वाला

गुरु शनि की 1 1 राशि, बुध से दोनों चलते है ।
बुध दबाया या हो मंदा, दोनों निष्फल जाते है ।

उमदा शनि मंगल

मक्खी थी तो शहद भी था। मक्खी उड़ी तो शहद न पाया। न ही मुर्ग (वृहस्पति) के बाद मुर्गी के सोने के अंडे का पता चला। और आखिर पर अपने हाथों से ही अपने मुंह के लिए रोटी बनानी पडी। पिता की हाज़िरी में साँप ने भी सजदा किया । सबका ही साया बढ़ा। मगर जैसे कि वृहस्पति का सांस या हवा पीछे हटा–मर्द की माया–साधु गुरु राजा या वृक्ष का साया उसके साथ ही उठ गया । मालूम हुआ और फिर वही मच्छर सताने लगा ।

वृहस्पति ख़ाना नम्बर 12 (घर का)

पीपल का हरा वृक्ष –हवा–आम दुनिया–साँस–पीतल (धातु)

वृहस्पति घर हो 1 2 बैठा, फल 9 का भी लेते है ।
पापी उसके घर हों बैठे, बुध शुक्र भी मरते है ।
माया को वह मूत्र समझे, होता ब्रह्म ज्ञानी है ।
राज छोड़ वैरागी होवे, होता साधु त्यागी है ।

नाक का पानी खुश्क होने के दिन से बृहस्पत कायम हुआ होगा । या नाक का पानी खुश्क रखने से मदद होगी । ज़रद तिलक कारामद होगा । माला गले में डाले रखना बृहस्पत नष्ट होने का सबूत होगा । चोटी या बोदी का कायम रहना या रखना हरदम शुभ होगा । साधु अपनी समाधि में होगा । जिसके सताने से श्राप और सेवा से आशीवाद होगी । राहु की हर दो हालत–(ऊंच राहु)–यह वृहस्पति दो जहाँ का मालिक । (नीच राहु) वृहस्पति (सिर्फ दुनियावी) गुरु की हालत का फैसला करेगी।

सूर्य तपस्वी (राजा)

रवि गुरु दो का इकट्ठा, असर मिला दो जुदा ही है ।
गुरु पिता गर रवि के होवे, रवि पिता खुद शनि का है ।
रुहु संसार का गुरु जो मालिक, दुनिया सब रवि का है ।
साँस प्राणी गुरु का होवे, ढांचा पर खुद रवि का है ।
गुरु अगर आसमान गिना तो, रास्ता रवि आसमान का है ।
हवा रोशनी मिले जो रहते, आकाश बिना बुध दो का है ।
प्रगट दुनिया बुध जो होवे, ब्रह्माण्ड बढ़ा आकाश का है ।
फटे रोशनी हवा से दुनिया, जुदा जुदा घर दो का है ।
बच्चा हुआ जब राजा दुनिया, गुरु शरण उस होता है ।
रवि बैठा जब 1–5–11, ग्रह बालिग़ सब होता है ।
घर 1–5 जब रवि हो बैठा, तलवार धारी दो होती है ।
खुद कभी न राशि फल का, ग्रह सब ही को दबाता है ।
1–5 बैठे हों राशि फल के, शत्रु भी दोस्त बनता है ।
रवि नीच न खुद कभी होवे, असर साथी मंदा होता है ।
ग्रह दोस्त अपना मदद पावे, खुद ही जब वह मरता है ।
शत्रु ग्रह गर साथी होंवे, घर बैठक उड़ जाता है ।
कुण्डली मगर घर पहले होवें, असर रवि खुद मंदा है ।
अंग शरीर या आँख हो दाई, हाथ सपाट भी होता है ।
बुध मंगल या पाप की हालत, फैसला कुल रवि होता है ।
सूर्य रोशनी मंगल किरणें, ग्रहण राहु केतू है ।
बुध आकार तो तेज गुरु का, चमक चन्द्र रवि देता है ।
रवि शनि दो इकट्ठे बैठे, झगड़ा नहीं कभी करते है ।
बजह किसी गर दोनों झगड़ें, हत्या शुक्र की करते है ।

सूर्य ख़ाना नम्बर 1 (पक्का घर–ऊँच)

दिन का वक्त–दायाँ हिस्सा या आँख

बैसाख का सूर्य घर पहले में, राज जिस्म रुह उमदा हो ।

तेज देवे हर निर्धन को वह, पर उपकार चवन्नी हो ।
मात पिता खुद उमर हो लम्बी, पर औलाद हो गिनती की ।
आँखों पर वह निश्चय करेगा, परवाह न हो सुनने की ।
सतयुग का वह आदमी होगा, किस्मत खुद बनाई हो ।
चोटों से वह हरदम डरता, बेशक बहन न भाई हो ।

शनि का 1/4 हिस्सा बुरा असर शामिल होगा । बाकी एक बचने वाले मकान की हैसियत का राजा होगा लक्ष्मी को वह खुद पैदा करेगा । मगर खुद लक्ष्मी का दिलदार न होगा । यदि चमका तो क्या चमका–अगर वह खुद अपनी रुह पे भी न चमका । यानि परोपकार और सेवा साधन के बिना अब सूर्य निष्फल होगा और कुछ न देगा । अगर देगा तो आग देगा । मगर तो फिर भी न देगा । अक्सर गन्दे इश्क और मंदे कामदेव से ज़रुर दूर होगा।

सूर्य खाना नम्बर 2

गन्दम

जेठ महीने सूर्य दूजे, माया शेर सवारी हो ।
त्रैलोकी का सुख सागर तो, उमर का इच्छा धारी हो ।
खुद चमके सब को दमका दे, घर 6वाँ भी बढ़ता हो ।
सुखी होवे तो बढ़ता जावे, बछिया से वह गलता हो ।
झगड़े औरत धन ज़मीन, बादल का अंधेरा हो ।
मंगल पहले चन्द्र 12, आलसी निंधन दुखिया हो ।

जिस तरह इस की तह में पानी बढ़े, सूर्य का रथ और भी ऊंचा हो कर चले लेकिन जिस कदर इस की तरफ़ पानी बढ़े, वह कागज़ की तरह और चौपाया का सुख जरुर साथ रहे ।
गलता जाये । या अगर वह शुक्र के झगड़ों से दूर रहे तो हरदम बढ़े । वरना आंधी के बादलों से खुद अपने लये ही अंधेरा कर ले । मगर सवारी और चौपाया का सुख जरुर साथ रहे।

सूर्य ख़ाना नम्बर 3

दिन की औलाद – भतीजे

असाढ़ महीने सूर्य तीजे, मंगल बुध बलकारी हो ।
चन्द्र से गर धरती घूमे, फिर भी तख्त हज़ारी हो ।
बुध मंदा तो मामूं मन्दे, मन्दा राहु केतू हो ।
पर मन्दा न इल्म ज्योतिष, या कि इल्म रियाज़ी हो ।
मंगल भी गर मंदा होवे, मंदा शुक्र कभी न हो ।
मंगल बद, मंगलीक भी होवे, फिर भी डरके चलता हो ।

अब चन्द्र का फल रवि न होगा । माता की उमर लम्बी होगी वा चन्द्र नष्ट हो–बाप दादा गरीब हों, तो बेशक पड़ौसी मरे तो मुमकिन मगर वह खुद अपनी आखिरी उमर में और आखिरी वक्त में निर्धन न होगा । और अगर होगा तो खुद अपनी बद् चलनी या मंदे कामों से बर्बाद होगा । मगर फिर भी गरदिशे ज़माना या अक्ल के धोके और फ़रेब से वह कभी नहीं बचेगा ।

सूर्य ख़ाना नम्बर 4

दाईं आख का डेला–बूआ का लड़का भाई

सावन सूर्य चौथे गिनते, मेघ पानी चन्द्र का घर ।
पानी बरसे पर्वत जंगल, बुध शनि दोनों के घर ।
रवि मगर खुद जला जलाया, मदद चन्द्र की पाता है ।
शनि ने जो हों पत्थर फूंके, लाल रवि कर देता है ।
मंगल राजा घर दसवें का, शनि नज़र का मालिक है ।
मंगल खुद अब आँख दे अपनी, रवि को शक्तिशाली करता है ।
नहोराता या आधा अंधा, टेवा ऐसा होता है ।

खोज का मालिक होगा । समुद्र की सीप में मोती पैदा करेगा और अगर सीप में कीड़ा भी पड़ जाये तो भी क़ीमत दे कर जायेगा । रेशम का कीड़ा अगर स्वयं बरबाद भी हो जाये तो फिर भी बाकी रेशम ही छोड़ कर जायेगा । यानि अगर खुद बुलन्द न हो तो अपने पैरोपकार या पीछे रह जाने वालों को तो ज़रुर बुलन्द ही करके जायेगा ।

सूर्य ख़ाना नम्बर 5 (घर का व ग्रह फल का)

किस्मत को जमाने वाला–इकलौता लड़का–
लाल मुंह का बन्दर – पोता

भादों सूर्य 5 वें घर का, तेज तपिश का पक्का हो ।
राजा पर–उपकारी होवे, साधु अल्प न आयु हो ।
भेड़िया बकरी अग्नि पानी, सब को इक जा रखता हो ।
लड़के इसके शेर हों अपने, और बुढ़ापा उमदा हो ।
गुरु अगर हो 10 वें बैठा, औरत इसकी मरती हो ।
शनि अगर घर तीजे होवे, औलादें भी दुखिया हो ।
ग्रह पाँचों से अपने घर का, या पापी ग्रह 9 वें जो ।

सूर्य की वह होंगे प्रजा, हंस हुआ भी तारता हो ।

सूर्य का खुद जाती फल अब कभी मंदा न होगा । शेर की गाड़ी में शेर-बबर जुता हुआ होगा । अगर राजा न तारे तो साधु ही तार देगा । मगर कफन में लिपटी हुई किसी आरज़ू का साथ न होगा । अगर राजा न हो तो साधु भी छोटी उमर का न होगा । जब होगा बकरी (बज़ = बकरी)
मरग = भेड़िया) और भेड़िये को इकट्ठा रखने की हिम्मत वाला बजुर्ग होगा । या बकरी की हैसियत से बढ़कर भेड़िया तो जरुर होगा । साफ दिल होवे तो बुढ़ापा उमदा और औलाद का सुख पूरा होगा । नहीं तो कान से पकड़ कर भेड़िया की तरह-भगाई हुई बकरी की तरह किस्मत का हाल होगा ।

सूर्य ख़ाना नम्बर 6 (राशि फल का)

गन्दगी रंग-पाँव की खराबियां-बुध का उपाय सहायक होगा । मामों की मदद के लिये बन्दर को गुड़ देने का उपाय मददगार होगा-दोहता

आसुज सूर्य 6वें घर का, अग्नि बाण ले चलता है ।
घर 12 में शनि पे मारे, शुक्र उससे मरता है ।
मंगल घर 10 वें पे मारे, लड़के भस्म बनाता है ।
घर दूजे से कोई न देखे, पिता को भी वह खाता है ।
अग्नि बाण से वही बचेगा, चन्द्र पूजन जिस की हो ।
घर अपने में जिसने रखी, घोड़ी, पानी, चाँदी हो ।

पैदाइश नानके घर होगी
पहले बनी प्राख्ध पीछे बने शरीर ।
केतु राजा हो बना, राहु बने बजीर ।।

जन्म स्थान उत्तम और संतान शुभ हालत बल्कि राजस्थान होगा। मगर पापी ग्रहों के वक्त से ग्रहण का मन्दा ज़माना जरुर होगा । या एक समय तो ज़वाल जरुर होगा । मगर औलाद होने के दिन तक फिर वही रोशन व सूर्य का अच्छे समय की निशानी होगी । मगर राज संबंध और राजा के दरवाजे से कई बार वापिस आकर फिर सवाली ज़रुर होता रहेगा।

सूर्य ख़ाना नम्बर 7 (नीच राशि फल का)

लाल गाये (सूर्य रंग की) - रुहानी नुक्स - सफेद गाये गैर मुबारक होगी मगर काली गाय मददगार होगी । चन्द्र (दूध) नष्ट करने से मदद होगी । बुध या भोड़ी गाय भी मुबारक होगी।

कार्तिक सूर्य 7 वें आया, सोने से घर मिट्टी पाया ।
जन्म वक्त थे लाख हजारी, बोलते बोलते बिहारी ।
गुरु मंगल उस घर से भागे, शुक्र रहे न चन्द्र जागे ।
पापी ग्रह भी गिने अभागे, मिली मदद बुध सब है जागे ।
न धन रहे धनाढ़ हो । न गुल रहे गुलज़ार हो ।।
सब मालो जान बर्बाद हो, गर बुध का नवां साथ हो।
घर पहले के खाल होते, सूर्य 7 में सोया वरना
दिन उस ही सूर्य निकले, 8 जब दूजे होया ।

जमीन में तांबे के चकोर चौरस टूकड़े दबाना मदद्गार होगा। पराई ममता जरुर साथ रहे। अगर औरत भी रहे तो लाजवन्ती हो करे रहे वरना वह न रहे। अगर औरत बद हो और फिर भी रहे तो शुक्र का घर (सुसराल की तरफ) ही न रहे। फिर भी रहे तो धन की जगह मिटटी रहे या बद लक्ष्मी रहे। अगर फिर भी रहे तो कोई न रहे। अगर बुध खाना नम्बर 6 में न हो या बुध निकम्मा ही हो - तो कागज पर फैलने वाली काले रंग की तरह किस्मत का हाल होगा। या वह सिर्फ बुध की मदद् से ही खुशहाल होगा।

सूर्य खाना नम्बर 8

रथ गाड़ी - पक्की व सच्ची आग

मघर महीने रवि है 8वें, बटी है गर्मी सरदी से।
घर अब मौत न होगा, जिन्दे होवेंगे मुर्दो से ।
बड़ा भाईऔर गाय सेना, लम्बी उमर निशानी हो ।
कुत्ता गर सुसराल का होवे, हर जा इस की हानि हो ।

ऐसे टेवे में शुक्र का पतंग (शुक्र नं० 1 होता है जो काग रेखा का फल देगा) मकानों को बसाने वाला और पानी भरे बादलों को बरसा लेने वाला होगा। पत्थर से आग और आग से पानी से मिट्टी या सारा

सूखा पीपल-नुकसान ज़र-तालीम खतम-मन्दे असर के वक्त दरिया नदी में ताँबे के पैसे का उपाय मददगार ।

ब्राह्मण्ड पैदा कर लेने वाला होगा। मार्ग स्थान के बिच्छू से मूर्दे जिन्दा करवा लेगा। और इस की ज़हर से जलाये हुये पत्थरों से संखिया और संखियें से हिजड़ों और नामर्दो को तपस्वी राजा और मर्दो में गिनवा लेगा बशर्ते कि दुनिया (3 कुत्ते) या चोरी का हिस्सेदार न हो ।

सूर्य खाना नम्बर 9

भूरा रीछ - सूरज ग्रहण के बाद का सूरज

पोह महीने सूरज 9 वें, उम्र लम्बी का मालिक हो ।
पर – उपकारी कुन्वा परिवार, कुल 7 अपनी तारता हो ।
खाली बरतन मोटे पीतल, बुध की ज़हर हटाते हैं ।
राज से चाहे न संबंध होवे, हकीमी शिफ़ा तो पाते हैं ।

किसी का कुछ बने न बने मगर खानदानी खून के लिये अपना सब कुछ बहा देगा मगर बदले में कुछ न मांगेगा। इस का खानदान लम्बी उमर का ठेकेदार होगा। अगर ज्यादा नहीं तो 7 पुश्त (3 उस से ऊपर और तीन उससे नीचे और खुद अपना भाग्य मध्य में) का जरुरत देखने वाला और सहायक होगा। सीमा से ज्यादा गरम या नरम होने से बरबाद होगा। **चाँदी का दान देना इस के बढ़ने का नतीजा होगा और चाँदी का दान लेना बरबादी का कारण होगा।**

सूर्य खाना नम्बर 10

भूरा न्योला — भूरी भैंस

माघ महीने सूर्य 10 वे, राहु कच्चा धूआँ हो ।
अल्प आयु या किस्मत मंदी, जब तक इन का साथी हो ।
शुक्र चौथे पिता को मारे, चन्द्र मारता 5वें है ।
मच्छर से भरपूर हो किस्मत, छटे अगर वां शनि है ।
रवि गुरु दोनों से कोई, घर 10 वें जब बैठा हो ।
5वें घर चाहे दोस्त उस का, जहरी दुश्मन होता हों ।[1]

राज दरबार में स्याही से सिफारिशी कागज़ स्याह कर के कई बार देखा । आर देखा न उसे कभी पार देखा। बल्कि नर ग्रह की मदद साथ- साथी होने के बगैर उसे दर जहाँ देखा। फिर भी देखा तो सूर्य के गुस्से की गर्मी की आग के ज़ोर से रुद रंग स्याह देखा। औलाद बरबाद देखी। किस्मत अपनी के लेखे में भी उसे न कभी खुश देखा और अमीरी स्थिति में भी न उसे मंडराते देखा। **अगर देखा तो सफेद पगड़ी या दस्तार से ही उसे शाहों का शाह देखा ।**

पर बुध की उमर से पहले न कभी यह हाल देखा फिर भी देखा तो उसे न कभी योगी अलंगाकर देखा ।

सूर्य खाना नम्बर 11

सूर्ख ताँबा

फागुन सूरज 11वें होवे, शनि स्याही करता है ।
चन्द्र होजब 5 में बैठा, साल 12 में मरता है ।
बुध गिना है तीजे मन्दा, सूर्य पर न असर करे ।
चमके खुद न चमकने देवे, उमर की पर वह रक्षा करें ।

जूठ मारे या झूठ मारे। शराब गाले या पत्थर शनि की चीजो का संबंध सूर्य की चमक पर सही फेर देगा । वृहस्पति के दरबार जहां कि शनि प्रश्न उठावे – किस्मत का फैसला कर रहा है । उसी कलम से सूर्य पर क़तल का हुकम लिख देगा । यानि शनि की खुराक या मंदी चीजों के प्रयोग से औलाद की तबाही का हुकम सादर कर देगा। जिसे राहू केतू की म्याद तक कायम कराना इनसानी ताकत से
बाहर होगा। गल्ती की ठीक अपने हम – वज़न दूध के बराबर दूध देने वाली बकरियों की तदाद के बराबर तादाद के बकरे छोड़ने पर ठीक होगा। **और ४० या ४३ दिन तक रेत का बिस्तरा शुभ होगा ।**

सूर्य खाना नम्बर 12

भूरी चिउँटी - दिमागी ख़राबी मसनूई सूरज (शुक्र - बुध)

चैत्र सूर्य 12 वे होवे, ब्रह्म गुरु ही होता है ।
लाल चमकता गर न होवे, धर्मी गर वह पूरा हो ।
धन परिवार की कमी न होवे, राहु से गर बचता हो ७

दस्ती कमाई, हुनर मंदी, मिस्त्रीपन, मिकैनिक तथा सूरज ग्रहण होगा। अगर मकान का सहन न हो तो ससुरजी का नेक फल बरबाद होगा। अंधेरा मुबारक न होगा। और न ही किसी हालत में वह पुत्रहीन होगा । विशेष कर घर से बाहर वीराना में वह कभी साधु न होगा । अगर होगा तो जागीरदार – आजाद जिन्दगी – बड़े बड़े गाँव और व आमदन जायदादों का मालिक होगा ।

चन्द्र धरती माता

चन्द्र पक्का घर चौथा गिनते, ग्रह सब का पेट माता है ।
हर घर में यह राशि फल का, घर उस का धरती माता है ।
खाली पड़ा जो घर चन्द्र का चौथा,असर उमदा और नेक दे देता है
चन्द्र घर से बाहर हो बेशक,
घर खाली ही दूध पिला देता है ।
जहां चन्द्र पानी, वहाँ असर सूर्य भी आ जाता है ।

ग्रह लड़ते आपस में आ बैठे चन्द्र,
तो दोस्त वह उन को बना जाता है
बैठा चन्द्र पहले या दुश्मन को देखे,
असर नेक बंद अपना कर देता है ।

मगर दुश्मन पानी जब बैठे हो पहले,
असर चन्द्र मन्दा ही हो जाता है ।
पड़ा पाप खुद अपने चन्द्र के घर जब,
शनि बुध भी नेकी पे हो जाता है ।
अंग फड़कना या आँख हो दांई,
मतफर्का हाथ भी हो जाता है ।
तहरीर लिखाई हो शान्ति अपनी,
फैसला कुल चन्द्र हो जाता है ।

चन्द्र खाना नं० 1

दिल - बाग़ - बायाँ हिस्सा - बांयाँ डेला आँख का ।

दूध चन्द्र का पहले घर में, .ज़हर शनि से होता है ।
शुक्र बुध भी दुश्मन उस के, केतू राहू मंदा है ।
२४ साल २७ होते, माता सिर पर मौत चले ।
इन सालों में हो न सफर , तब माता की उमर बढ़े।
बिन 28 का औरन पानी,28 साल ही रक्षा है।

28 साल उमर से पहले शादी का संबंध चन्द्र की उमर खराब और औलाद का फल मन्दा कर देगा। यही बुरी हालत 24 साला आयु से पहले नये मकान बनाने पर खड़ी होगी। **चाँदी के वर्तन में दूध का प्रयोग बड़े परिवार और बुध का संबंध बरबादी पर होगा।** धन की कल्पना सुर्ख **खूनी रंग मंगल की चीजों के साथ से और परिवारकी इच्छा चांदी थाल से पूरी होगी। चारपाई के चार पायें ताँबे से नेक होंगे। यदि यह भी शर्त न हो तो दूध थोड़ी मात्रा में बड़ के वृक्ष या काक में डालने से शुभ होगा। औलाद को दरिया पार ले जाते समय पैसा (ताँबे का) दरिया में गिराना शुभ होगा** नहीं तो मल्लाह अपनी मल्लाही के ख्याल में औलाद पर ही हमला कर देगा।

चन्द्र खाना नं0 2 उँच

किस्मत को जगाने वाला, माता, दूध, चावल ,
रुहरानी हिस्सा सफेद घोड़ा।

चन्द्र चढ़िया कुल सभी को देखे, गर वहन न देखे तो भाई देखे।
मात पिता तों जरुरी देखे, हो अपने या औरत लेखे।
सब को ही वह तब तक देखे, जब तक चीजें चन्द्र देखे।
यदि न देखे वह न देखे, चन्द्र होगा 12वें लेखे।

ऐसे व्यक्ति की आमतौर पर बहिन नहीं होती मगर भाई जरुर होते हैं। जन्म शुक्ल पक्ष का होगा। नहीं तो चन्द्र आखिरी उमर में नेक फल देगा। 24 कदम तक बल्कि मकान के अन्दर ही कूएं का सबूत होगा। पैदाइश चबारे पर होगी। जिस के नीचे कूआं या पानी भी (चन्द्र का) जरुर होगा। नहीं तो बुढ़ापा मंदा होगा। माता की उमर का साथ चन्द्र के दो चक्कर (48 साला आयु) तक होगा। **कम से कम लम्बी उमर के लिये मकान की तह में चांदी की चीजे दबाना सहायक होगा। या चन्द्र की चीजों का साथ शुभ होगा। माता की उमर के बाद घर में चावल को पुराने करते जाना माता की आखिरी आर्शीवाद को बढ़ाना होगा।** दुनिया से अलग ही रहने वाला या छोड़ने वाला होगा।

चन्द्र खाना नम्बर 3

घोड़ा - शिवजी भोले नाथ।

इतना तो फल जरुरी, कर देगा तीजे चन्द्र।
मौतों से बच रहेगा, सब मालो जान मन्दिर ।
गर मर्दे न बचें तो, औरत तबाह न होंगी ।
चाहे पापी नष्ट करते, हों चन्द्र ही का पानी ।
चन्द्र घर जब तीजें आवे,माता भी वां पिता कहावे ।
शुक्र बेल तो चन्द्र साधु, मर्द बढ़ेगें बढ़ेगी आयु ।
मंगल बद मंगलीक न होगा, शिवजी हो के दया करेगा ।
स्त्रियों की भी पूजा होगी,गर न होगी चोरी न होगी।
नहीं है कमी तेरे खजाने में, शिव शम्भु भोले नाथ ।
गरीबों में दया हैं करता,मदद यतीमां लम्बे हाथ ।

बुध के साथ (लड़की की पैदाइश) पर चन्द्र की चीजों का दान शुभ होगा । केतू (लड़के के जन्म पर) सूर्य की चीजों का दान । शुक्र (औरत, शादी पर - गाय आने पर) सूर्य की चीजों का दान (वास्ते चोरी व मौत से भय) शुभ होगा। यानि वह चीजें जो गुड़ के रंग की तो हों परन्तु चमकदार न हो ।

चन्द्र खाना नंम्बर 4 (पक्का घर व घर का)

ग्रह फल का किस्मत को जगाने वाला -
तालाब कूंआ - चश्मा शांति ।

सोना नहीं तो चाँदी, दूध नहीं तो पानी ।
पानी भी न सही तो, गुरु देव की ही वाणी ।
घर चौथे चन्द्र होने पे, होगा जादवानी (हमेशा)

पिता को तारे, माता तारे तारता वह कुल अपनी है ।
नाभी देखी आँख भी देखी, देखी तो पुड़पड़ी भी है ।
जो न देखा राहु न देखा, न ही देखा केतु है ।
पाप नहीं वह इस घर करते, मदद तो उन की होती है ।
तारें चाहे न तारें मरजी, कसम पाप की होती है ।

जद्दी कारोबार शुभ फल का होगा। जन्म शुकल पक्ष (शुरु चन्द्र) हो तो बुढ़ापा उम्दा नहीं तो बचपन उम्दा और राहु केतु का साथ ही होना गिना जायेगा । **कपड़ा बज़ाजी के काम में माता का साथ शुभ नहीं तो नुकसान होगा।** औलाद 12 साल होती रहे।

चन्द्र खाना नम्बर 5

चकोर (परिन्दा)

आठों ग्रह चाहे इस के, दुश्मन घरों रहेंगे ।
यदि चन्द्र पाँचवे हो, सब पानी हो बहेंगे ।
दुश्मन चाहे इसके कितने हों, मुल्कुलमलूक हों ।
इक सर्द आह के खिचते हो, सब खाकों भस्म होंगे ।
दुश्मन ग्रह ८–११ बैठे, नेक नतीजे देते हैं ।
गर वह ग्रह २ – ३ में आवें, यम बिजली के होते हैं ।
हाल ऊपर का उल्टा होवे, दोस्त ग्रह जब आते हैं ।
२–३ घर ८–११ होंवे, पानी तक भी फूंकते है ।
चन्द्र बैठा पाँचवें होवे, चलता वहहघर ४ ही है ।
आगे पीछे दोनों चलता, जलता घर १०: १२ है ।

धर्मात्मा होवे। राज दरबार में इज्जत हो। यद्यपि जंगल पहाड़ को आबाद करने वाला होगा, मगर कामयाब मुसाफिर न होगा। अगर होगा, वक्त मुसीबत चिड़ियों से बाजू लड़ाने की हिम्मत वाला होगा। माता व नर औलाद पर बुरा प्रभाव होगा । चाहे पापी ग्रहों का साथ हो । नर औलाद 5 से कम न होगी । राहु ठंडा होगा ।

चन्द्र खाना नम्बर 6

खरगोश – सफर (केतू का पूरा चाँद ग्रहण होगा)

जैसी करनी वैसी भरनी, नहीं कीती तो कर के देख ।
6 हो चन्द्र, 12 देख, आठवें दूजे, चौथे देख ।
गर हो यह घर रवि सब, चन्द्र होगा मिटटी तब ।
कुआँ लगे, माता मरे, मरेगी आल औलाद भी ।
घर अपने के काम न आवे, माया उस इन्सान की ।
धर अपने खुद के लिये, कोई न मन्दा जवाब ।
खोह वरते जो खेती दुनिया, मिटटी मौत खराब ।

साहिबे तदबीर व अक्लमंद होवे । 6 साला उमर या चन्द्र के विशेष समय (24 साला उमर) में कूँए खोदना खुदवाना अपनी माता और चन्द्र की शक्ति के लिये गन्दी कबर खोदना खुदवाना होगा । खास कर, जब कूँआ आम लोगों के काम आवे या बाहर खेती की जमीन में लगे ।

चन्द्र खाना नम्बर 7

खेती की जमीन (आपसी या जददी), मगर आबादी की न हो ।
शनि तीजे, वृहस्पति सातवे, कितना ही कंगाल हो ।
खुद अकेला चन्द्र 7 वें, लम्बी अवतार हो ।
औरत आये, माता गई , पर न जावे लक्ष्मी ।
अगर हो घर में चन्द्र चीजे, दूध पानी हर घड़ी ।

जायदाद जद्दी तो इतनी पर रौनक न होगी अगर नकद नामा बहुत होता । **चन्द्र के वक्त 24/25 आयु में शादी होना शुभ न होगा।** चन्द्र व शुक्र दोनों ग्रहों का आपसी झगड़ा खड़ा होगा। जिस पर केतु की निगहरानी हमलें और उस के मासूम बच्चों पर अचानक धक्के और नतीजे मन्दे जाहिर होगें । शायरी व इल्मे ज्योतिष का माहिर भी हो सकता है । परन्तु चाल चलन शक से बरी न होगा । यदि होगा, तो बैकार भूत ही होगा।

चन्द्र खाना नम्बर 8

(नीच)

किस्मत को जगाने वाला – उमर के लिये समुद्र
न खुद समुन्द्र – बालाई आमदनी – जिसमानी व दुनियावी (धन) 1/6 मन्दा असर होगा । मिरगी या मुरदा दिल भी हो सकता है ।

सूर्य मन्दा – पापी बुरे, चाहे मंगल बद भी हो ।
राहु केतु बुध मिले, गुरु शुक्र नीच भी हो ।
खाशें अकारब, मालों दौलत, अपने और बेगाने को ।

चन्द्र ८ वें सब सब हारे, पर न हारे उमर को ।
सुसराल तारे –दामाद तारे, तारेगा मामों को भी ।
उल्टी गंगा होके तारे, उमर के आखिर भी ।

खुद चन्द्र का चन्द्र की जाती चीजों पर मन्दा फल कभी न होगा। जाहिरा धुंधलापन व मान सरोवर मगर अन्दर से कपट की कान और गंदी नाली के पानी की किस्मत का मालिक होगा। यह गन्दा पानी या उसकी जायदाद जद्दी खेती के काम या शुक्र (औरत) के घर उड़ कर जाती मालूम होगी । बहर हाल वह खुद उस के अपने काम की न होगी । अगर होगी तो गर्दिशे पहाड़ होगी । इसके इलावा ६साल तकलीफ भी होगी ।

अगर जौहरी (सराफ) या जुआ या (जुयेबाज) ही हो तो बद बख्ती ही होगी । चन्द्र या कूएं का नजदीकी साधन होगा ।

चन्द्र खाना नम्बर 9

जायदाद जद्दी, दुनिया का दैविक समुद्र - अकसर राहु के ग्रहण से मारा हुआ केवल चन्द्र होगा ।

चन्द्र9 वें कभी ही होगा, घड़े बराबर मोती होगा ।
शुतर–मुरग का अण्डा होगा, मात पिता अमोलक होगा ।
बुध शुक्र और मंगल बद, चन्द्र होते मांगेसब ।
घर वह इसे घर आते हों, सर झुकायें तारते हों ।

ऐसा व्यक्ति चन्द्र की नेक ताकत में पक्का होगा । कर्म, धर्म, तीर्थ यात्रा का शुभ नाम व यात्रा, नेक अर्थ व काम का आदमी होगा। भला लोग - भले काम और नेक तबीयत होगा । पापियों के पाप काटने वाला और दुखियों को आराम देने के नसीबा वाला होगा ।

चन्द्र खाना नम्बर १

रात का वक्त - तह जमीन - आम पानी मगर कड़वा ।

खाना नं० २ के ग्रहों की चीजों से रक्षा व पालना होगी । अगर वह खाली हो तो वृहस्पति बैठा होने वाले घर की संबंधित चीजों से मदद होगी ।

चन्द्र १०वें साँप की माता, बच्चे क्या व छोड़ेगी ।
उमरे खाँ की उल्टी क्श्ती, कोई न पीछे छोंड़ेगी ।
या कि
जिस की खबर को वह गये, बीमार मुर्दा हो गया ।
मीठा शरबत देते देते, ज़हरे कातिल हो गया ।
पहाड़ से दरिया था चलना, चल पड़ा कोहसार ही ।
मकान मन्द – सुसराल मन्द, और मन्द हुआ है चाँद भी ।
गर्ज के
चन्द्र १० वें – दुश्मन दूजे या तीजे होती है आजार ही

ऐसे आदमी का पेशा हिकमत बेइमानी होगी । अगर होगा तो वह श्मशान का ठेकेदार होगा । बाकि वह इल्मे हिकमत का साहिबे कमाल होगा । अगर होगा तो जर्राहे नायाब होगा । खुद चोर डाकू का संबंध भी उसे आम होगा ।

चन्द्र खाना नम्बर 11

चाँदी, मोती सफेद - खूनी कूँआ - उड़ते बादल

अकेला चन्द्रमा ११वें होवे, होगा माखन माझा ।
दुश्मन साथी या कि तीजे, चन्द्र नष्ट ही होगा ।
शुक्र बुध या पापी भाई, चोट लगे न दें दरियाई ।
घर गाँव सब तेरे भाई, कोठी हाथ न लायें ।
इस घर के चन्द्र का कोई भरोसा नहीं
पल में वह तूफान पे होता, पल में होता वां निशान नहीं ।
माखन में तो धी भी होता, पर चन्द्र में तो इस घर में जान नहीं ।

न बूढ़ी मरे च चारपाई छूटे - या दादी पोते को तरसती रहे । लेकिन अगर घर में गड़ा हुआ पत्थर होवे या वह **दूध से पत्थर को धोते रहे तो चन्द्र का माखन और परिवार बढ़ता रहे ।** दादी पोते का झगड़ा होवे। कुण्डली वाले की १२ साला उमर तक दोनों से एक ही होवे । या शनि के वक्त तक दोनों ही न होवें ।

चन्द्र खाना नम्बर 12

खुशामद - सफेद बिल्ली बादल का पानी मदद्गार होगा ।

चन्द्र दूजे पेट गिना है, रेत हुआ घर १२वां ।
खेती भी जो पानी से उजड़े, बसदे घर उजाड़ा ।
नीम । मंगल । बूढ़ी से पानी टपकता रहा,
माता । चन्द्र । बूढ़ी का पोता भटकता रहा ।
या
पानी पे पानी बरसता रहा,

बीकानेर (वह घर जहाँ बुध हो) बेचारा तरसता रहा ।

यानी

जायदाद जद्दी का वह गनीम होगा,
नौमन लौहा हर घड़ी अफीम होगा ।

वक्त गुजरे मर्द पछतायें - आता है याद मुझको गुजरा हुआ जमाना —— (२) कभी हम भी बा - इकबाल थे तुम्हें याद हो कि न याद हो —— (३) पिदरम सुलतान बूद ——

मगर अब तू कहाँ है कि जवाब वह आँसुओं से ही देगा । अपनी और अपने सुसराल की जायदाद पर बरबादी होगी । बल्कि कम नसीब, स्याह बख्त या मंदा हाल ही होगा ।

शुक्र

जगत् लक्ष्मी

शुक्र आँख है शनि की पाई, तरफ चार जो देखता है ।
शनि अगर कहीं जावे मारा, बली वह अपनी देवता है ।
साथ मंगल के चन्द्र बनता, बुध केतु जिस में न हो ।
शुक्र अकेला बुरा न करता, बैठा घर चाहे किसी हो ।
घर 7वें जब अपने बैठा, असर–नज़र–रुह अपनी को ।
दे देता ग्रह उसी को है यह, बैठा जो घर 7 वें हो ।
चन्द्र भला या बुध हो अच्छा, बुरा शुक्र नहीं होता है ।
घर तीजे में जब आ बैठा, शुक्र मर्द हो जाता है ।
9 वें मंगल बद है यह होता, छटे में खुद ही मन्दा है।
माग रेखा है तख्त पे होता, चौथे औरत दो होता है ।
12 दूसरे सब से उत्तम, 10 वें शनि खुद बनता है ।
घर 5वें में पक्की मिट्टी, 11 लट्टू बन घूमता है ।
घर 8वें ग्रह सब ही मन्दे, शुक्र भी मन्दा होता है ।

भव सागर से पार है करता ।
शुक्र गऊ जब होता है ।

शुक्र ख़ाना नम्बर 1

(काग रेखा - शुक्र का पतंग)
पराई औरत की मुहब्बत

शुक्र पहले काना गिनते, शनि नज़र का मालिक है ।
फल दोनों का एकसां मंदा, प्रबल होता शनि का है ।
(शनि खाना नम्बर 1)
दौलत मिटटी हो गई, औरत मद अभिमान ।
जैसी कीली चक दी, वैसा जिसम ईमान (खाना नं० 7)
शत्रु ग्रह जब 7 वें आवें खांसी खूनी तपैदिक लावें ।*
गिना अच्छा तो साधु हावे, पर्वत जंगल रहता होवे ।
गौमूत्र–जौ–सरसों दान, सत–अनाजा ज्वार
(चरि) कल्याण ।
जब तक न वह शादी करें, तुरन्त पीड़ जिस्मानी हरे ।
गर शादी के बाद हो दुखिया, गौदान (कन्यादान) से होवे सुखिया।*
शुक्र का फल बेशक मंदा, पर मन्दा न सूरज है ।
कुटुम्भ कबीला सब सुख लेवे, खुद फटा खरबूजा है ।
रथ सवारी आराम चौपाया, इश्क जवानी होता है ।
धर्म से कदरे हीन हो बेशक, पतंग शुक्र का होता है ।
हम–असरों की नम्बरदारी, या मुखिया वह होता है ।
घर का जब खुद ही मोहरी, खुश्क तालाब डबोता है ।
औरत की जब सेहत हो मन्दी, दान ज्वार (चरी) का होता है ।
माता पर कोई असर न होवे, औरत जब वह अलग है ।
औरत रिजक से पहले आवे, शुक्र बैठा जब पहले घर ।
शादी अगर उसकी 25वें होवे, औरत रहे न दौलत घर ।

शुक्र ख़ाना नम्बर 2

(घर का–हवाई)
आलू–गाय–अस्थान–घी–अबरक सफेद–काफूर–राग

शुक्र जिसके दूजे आवे, 60 साल धन दौलत पावे ।
बाल बच्चों की बरकत आवे, सुलह का झंडा खूब लहरावे ।

मिन्नतकश ग़ैर हरगिज़ न होगा, खुदा का ही अमूमन अहसान होगा ।
जूती चोर–साधु वह हरगिज़ न होगा, गृहस्थी न होकर जगत गुरु होगा ।

मवेशियों गूजरों के कामों से मिसले राजा होगा। शुक्र का खुद जाति फल मन्दा न होगा। औरत, गाय, लक्ष्मी आदि सब नेक फल के होंगे । माता के बछड़े (भाई) और गाय के बछड़े (लड़के) बहुत होंगे । घर उसका गौ–घाट होगा। या बाकी 5 बचने वाला मकान होगा । वरना वही भठूर की मिट्टी (खुश्क, जली हुई) की तरह किस्मत का हाल होगा । आम तौर पर जानों व जानदारों का हर तरह से उमदा हाल होगा । पर बीमारी के झगड़ों का न कोई हिसाब होगा । अगर न होगा–तो रिज़क न कभी खराब होगा ।

शुक्र ख़ाना नम्बर 3

शादी–सती या सत्यवान औरत

शुक्र घर जब तीजे आवे, औरत भी वाँ मर्द कहावे ।
शुक्र बैल तो चन्द्र साधु, मर्द बढ़ेंगे तो बढ़ेगी आयु ।
मंगल बद–मंगलीक न होगा, शिवजी हो के दया करेगा ।
स्त्रियों की भी पूजा होगी, गर न होगी, चोरी न होगी ।

अब शुक्र का ख़ाना नं० 9 पर कोई बुरा असर न होगा बल्कि पितृ रेखा का उत्तम और नेक फल साथ होगा । पर लड़कियों के हाथों और संबंध से इसका धन खराब होगा और न ही अपने बनाये मकान का आराम होगा । अगर होगा तो खाऊ मर्दों से वह घर वीरान होगा । एवं एक दफा उजड़ा हुआ न फिर कभी आबाद होगा । अगर चन्द्र का इस घर में साथ होगा, किस्मत भली तो वहाँ रहने का मकान ही न होगा । यह सब कुछ बुध की 34 साला उमर तक का हाल है। आखिर जगत् गुरु वृहस्पति के दूसरे दौरा पर प्रकट होते ही खुशहाल होगा । पर बुध के संबंध से न कभी वहां बा रौनक गुलज़ार होगा ।

शुक्र ख़ाना नम्बर 4

(राशि फल का)

दही–चौपाया–चरिन्द–वृहस्पति का उपाय मददगार होगा ।

शुक्र चौथे जब पानी आया, औरत हुआ वैराग ।
एक से दो भी हुई, पर बुझी न उनकी आग ।
दुनिया की वह है दलदल, तालाब की वह चिकड़ी ।
औलाद ममूँ दो घर, बिखरी हुई हो खिचड़ी ।
पत्थर (शनि) भी रेत (बुध) हो गर, तो रेत उड़ता होगा ।[1]
औरत की हो आज़ारी, बुध (बहन) केतू (लड़का) मन्दा होगा।
कूआँ चलता उमदा होवे, दबता मिट्टी जो रहे ।
गर कूआँ ही बन्द होवे, लक्ष्मी वाँ न रहे ।

औरतें दो होती हुई भी औलाद में कमी होगी । जो बुध की 34 साला आयु के बाद मंगल, शनि या केतू के दौरा के वक्त (जब वह तखत या खाना नं० 1 में आवें) दूर होगी । अगर शुक्र खुद किसी और ग्रह का साथी ग्रह बन रहा हो तो **आड़ू की गिटक में सुरमा स्याह भर कर बाहर मिट्टी में दबाने से मन्दा असर दूर होगा। चन्द्र के उपाय से जब मामूँ घर बर्बाद हो चुका हो, तो ऊपर का लिखा हुआ न बुरा हाल होगा** । जब तक कि घर के पहले दरवाज़ा की दहलीज़ पुरानी, उमदा, साफ और बदस्तूर हो। अगर खुद शुक्र (औरत) की ही सेहत बर्बाद हो, तो छत पर तालाब की मिट्टी (चिकड़ी) से उमदा हाल हो या **छत पर शहद का भरा बर्तन दबाने से औलाद का दुख दूर हो** और सब कुछ बहाल हो । अक्सर वह शख्स न कभी पुत्रहीन हों और न ही आज़रदा हाल हो और जब कभी भी हो उमदा और खुशहाल हो । पर औरत की ज़ाती किस्मत का न उससे साथ हो । फिर भी हो तो विधाता की कलम उसके वृहस्पति के हाथ हो । व शर्ते के शनि न उसके साथ हो ।

शुक्र ख़ाना नं० 5

फल – आवा कुम्हार या भठ्ठा ईंट ।

शुक्र घर 5वें हुआ, मिट्टी आग पड़ी ।
कच्ची थी उड़ती फिरी, अब इक जा टिक गई ।
आग जली न मिट्टी उड़े, उड़ेगी जिस दम वह ।
जो ग्रह पहले घर 9वें, अंधा काना हो ।
पापी ग्रह या बुध जाँ आवे, शुक्र उनको सोना दिलावे ।
गर न देवें दुख न देवें, देवें तो वह उन्नति देवे ।

देश व क़बीले के प्यार का दिवाना और शुभ फल का हो। अगर आशिक दुनिया हुआ तो दरख़त में फंसे हुये पतंग की तरह किस्मत का हाल हो । लेकिन अगर सूफ़ी हुआ तो भव सागर से पार हो । वरना, एक को क्या रोते, यहाँ तो आवा ही ऊत गया ।

शुक्र ख़ाना नं० 6

(नीच)

चिड़िया–लड़की–सफेद गाय – मन्दा फल देगी ।

शुक्र 6वें घर बरबाद होवे, अक्ल से मन्दा हो ।
आशिक दुनिया न हुआ, पर त्यागी पूरा हो ।
आप ते डुब्बी डूमनी, नाल प्रभ भी गाले ।
गधा गिरा पाताल में, कुम्हार छट सब नाले ।
लल्लू करे कोलियाँ, रब सिधीआँ पावे ।
लड़के उस घर से डरें, कुड़ियाँ पल्ले पावे ।

वृहस्पति अगर ख़ाना 2 से मिलेगा तो संख्या बच्चों की 6 तक करेगा। मगर जब वृहस्पति हो 12 में बैठा, शुक्र मिट्टी उड़ती, चाहे केतु हो बैठा । अगर केतु भी घर छटे में मिलेगा, तो शुक्र का सुख सब से मंदा करेगा ।

धन दौलत या गाय, बैल, पशु, जानवर की चोरी या गुम हो जाना आम सबूत होगा । अब यह ग्रह आखिरी उमर में ही क़ाबिले आराम होगा। और चन्द्र का उपाए मददगार होगा । अगर सिर्फ एक ही लड़की तो 12 साल तक ही लड़के के आने का दर्वाज़ा बन्द होगा । जो दुबारा हर 7 वें साल से पहले न खुल सकेगा । अगर खुलेगा तो कन्या को ही आने का हुकम देगा । वृहस्पति, सूर्य, चन्द्र तीनों का ही मन्दा हाल होगा । या उनका साथ ही न होगा । अक्सर वृहस्पति या सूर्य के साथ या संबंध से शुक्र अब एक क़ीमती चीज़ होगा । हालाँकि पाताल का शुक्र उनका दोस्त भी नहीं है । मगर वह खुद दोनों या कोई एक गुरुद्वारा में बैठे पाँव पड़ी शुक्र मिट्टी आदि को नीच नहीं देख सकते । क्योंकि गुरुद्वारा भी तो खुद शुक्र का अपना ही घर है। **शुक्र नं० 6 में होते वक्त इसकी औरत को ज़मीन पर अपना नंगे पाँव चलना ग़ैर शुभ होगा ।** अच्छा तो यह है कि हर दम जुराब बगैरा डाल कर रहे तांकि ज़मीन से पाँव का चमड़ा न लगे ।

शुक्र ख़ाना नं० 7

(पक्का घर-घर का)

चरी (ज्वार) -सफेद गाय - काँसी के आम बर्तन - हर दो मुहब्बत - ग्रह फल का - किस्मत को जगाने वाला ।

शुक्र 7वें फल हुआ, पर खेती उमदा हो ।
शायर, उमदा जिन्दगी, और सुख सवारी हो ।
खरबूजा देख ख़रबूजा पक्के, 1–9–या 7–11
चोरां टोली इक्को पोली, बुध–शनि–और शुक्र यारां ।
दुश्मन ग्रह गर इन घर आंवें, जूता पत्थर खूब चला दें ।
पर शुक्र न हिम्मत हारे, हरे न खुद वह सब को मारे ।

अपने फल की बजाये साथी या साँझा ग्रह का फल देगा । मगर खुद शुक्र (औरत-लक्ष्मी) का कभी मन्दा फल न होगा। जब तक कि खुद शुक्र (गाय, औरत) सफेद रंग न होगा। यदि होगा तो दर जहाँ न होगा। तो ऐसे शुक्र या 25 साला उमर तक खराब होगा ।

फिर भी अगर होगा तो रंग काला (शनि) ही होगा । आम तौर पर लक्ष्मी से दूर न होगा । अगर होगा तो स्वार्थी से खराब होगा । आख़िर होगा तो शुक्र एक आँख ही होगा । जिसे झुक झुक कर सब को सलाम होगा । नहीं तो जायदाद जद्दी से वे बहरा और बेआराम होगा ।

बिल्ली की खाल हर तरह से अशुभ होगी । अगर फिर भी रखनी होगी तो कम्बल के टुकड़े में ठीक होगी । मगर चमड़े के बटुये में रखी हुई निहायत ही अशुभ होगी । फिर भी होगी तो लक्ष्मी व औरत बर्बाद कर देगी ।

शुक्र ख़ाना नं० 8

जिमीकंद - गाज़र - क़बर - भोडी या
सफेद गाय मंदी (बिना सींग)

शुक्र 8वें क़बर है मन्द शगुन ही हो ।
गऊ सेवा या दान से, सब कुछ उमदा हो ।
हम भी डूबे तुम भी डूबो, डूबेंगे मिलकर सभी ।
ससुराल डूबे औरत डूबी, डूबेगी औलाद भी ।
उमर सारी गंदी नहीं है, सिर्फ पहली 25 तक ।
कमी सारी पूरी होगी, दूसरी 25तक ।

चन्द्र के शक्की होने पर शुक्र का बुरा फल न होगा । अगर चन्द्र भी मन्दा हो तो बुध ही मदद देगा । अगर वह भी रद्दी हो तो मंगल से मदद पा लेगा । आगे वह भी मन्दा हो, तो राहु के गन्दे वाले से मदद पा लेगा । **जिस में ताँबे (सूर्य) या फूल (बुध) का दान शुभ होगा** । सफेद गाय मन्द भाग मगर स्याह या सुर्ख गाय मुसीबत में मदद देगी । शुक्र खुद की मदद के लिये चरी (ज्वार) मिट्टी में दबाना उसे दुखों से बचा देगा ।

शुक्र ख़ाना नम्बर 9

सफेद रंग (दही के) और सफेद गाय गैर मुबारक

नीम के दरखत में चाँदी का चौरस टुकड़ा दबाना मुबारक ।

बुध – पापी – नर – स्त्री, चाहे सब ही अच्छे हों ।
शुक्र 9 वें जब हुआ, कुल मंगल बद ही हों ।
घर से भूली लक्ष्मी, ढूँढे आल पाताल ।

शनि अकेला तारेगा, *जब गुज़रें सतरह साल ।*

1) मकान बनने के 17 साल गुज़रने के बाद ।
2) शुक्र ख़ाना नं० 9 में 23 साला उमर में आता है ।

वर्ष फल 25 साल गुज़रने तक पानी 48 साला उमर तक अपना फल देगा । इस 48 साला उमर तक अपना फल देगा । इस 48 साला उमर के बाद 17 साल गुज़रने यानी 65 साला उमर गुज़रने पर – तीर्थ यात्रा तो उत्तम मगर रोज़ी एवं औलाद वास्ते मन्दा होगा । धन तो हो पर मर्द न होंगे । शुक्र से या की शादी (25 साला उमर) या सफेद रंग गाय की सहायता से पूरी बर्बादी होगी । मंगल बद खड़ा होगा । चाँदी की ईंटों की जगह सफेद मिट्टी होगी । लेकिन अगर बुनियाद **मकान में खालिस चाँदी या खालिस मंगल (शहद) हो तो शुक्र की जगह अब चन्द्र होगा ।** फिर भी बुध व केतु मन्दा होगा ।

शुक्र ख़ाना नम्बर 1०

मिट्टी – कपास – शनि उत्तम

दीवार कच्ची, मिट्टी कच्ची, *न ही कच्ची गर्द हो ।*
जिसम मोटा, सेहत उमदा, *शुक्र घर 1०वें से हो ।*
बाग बगीचे, उमदा कोठे, *ऐश करेगा वह सदा ।*
शनि हो उसका 7 वें चौथे, *या कि घर दूजे में हो ।*
मिट्टी से भी खाँड है बनती, *मोटर लाँरी उमदा हो ।*
पहले पाँचवें इश्क करेंगे, *बुरा नहीं कर सकते है ।*
मदद तो उनकी बेशक होवे, *हसद कभी नहीं करते है ।*

यह ग्रह अब बुढापे में आराम देगा । शनि की हाज़री में हर समय जवानी इश्क का घर होगा । जिस से केतु का फल मन्दा होगा । बल्कि मंगल भी चिल्लाता होगा और चन्द्र पछताता होगा ।

शुक्र ख़ाना नम्बर 11

रुई – मोती – दही – रंग सफेद

शुक्र 11 घूमता लट्टू, *दौलत का भण्डारी हो ।*
अगर ऐसा न होवे कोई, *बुज़दिल, बुधू, हिजड़ा हो ।*
माता बेशक चल बसे, *गऊ, औरत का साथ ।*
कन्या बढ़ें, दौलत बढ़े, *बढ़ेंगे हर दो साथ ।*
शुक्र जब ग्यारह हुआ, *और बुध भी मिलता हो ।*
धन दौलत की न कमी, *पर पापी मन्दा हो ।*
औरत तारती अपनों को, *और बनी हो घर की मेहरन ।*
ज़ाहिरदारी हो भोली भाली, *हृदय भरी हो ज़हरन ।*

औरत किस्मत की मालिक मालूम होती होगी मगर वह खुद ही बाइसे तबाही होगी ।

पापी ग्रहों के मन्दे असर के वक्त तेल दान कल्यान होगा । इस की आमदन शुरु होने से पहले शादी१ शुक्र की अशया का होना ज़रुरी होगा । अगर शुक्र सोया हुआ होवे तो नर औलाद शुक्र की पूरी म्याद (2 साला महादशा) के बाद कायम होगी जिस का उपाय बुध की पालना होगा। अगर ऐसा न हो तो औरत के कम-से-कम 3 भाई होंगे जो अब शुक्र को हर तरह से बचा व जगा देंगे।

शुक्र खाना न. 12

(उच्च)
काम धेनु गाय – लक्ष्मी –चौपाया व अपनी गृहस्थी –
औरत का सुख सागर (37 साला सुख)

शक्र 12– राशि– 12, *पग भी उस के 12 हों।*
पत्थर सुखा भी ब्रेशक होवे, *घी का मौसम बाराँ हो ।*
अकेला शुक्र ही इस को तारे, *मदद न कोई करता हो ।*
दु:ख शत्रु सब मिट्टी कर के, *दया से अपनी तारता हो ।*

तारने वाली काम धेनु गाय होगी । अब शुक्र खाना न. 2 का नेक फल भी साथ होगा और किस्मत का सब कुछ इस की अपनी औरत के हाथ होगा। जो मामूली नीले फूल से ही राहु व बुध दोनों को ही दबा सकेगी। जबकि वह दोनों ही मन्दे हों। औरत का सुख 37 साल होगा ।

मंगल

शस्त्रधारी

मंगल नेक जंगल में मंगल, *खून चढ़ा खूनी होता है ।*
अकेला बैठा जब शेर है जंगल, *घर चिड़िया कैदी होता है ।*

सिर रेखा य बुध दरुस्ती, मंगल बद नहीं होता है ।
न्याय का राजा क़ातिल खूनी, तलवार धनी वह होता है ।
जग चारों में चन्द्र चलता, तरफ चार शनि चलता है ।
बद मंगलीक जो चौथे बनता, बदला खून से लेता है ।
पहले तीनों घर बड़ा है भाई, चौथे मंगल बद होता है ।
घर 5 या 9 न्यायक होवे, 1 2 भाई नहीं रहता है ।
तखत सूर्य या किरणों उसकी, पौन पूतर भी होता है ।
शनि के घर यह राजा चीता, मर्द मगर नहीं मारता है।
होंट बाज़ू या मुहं का दहाना, हाथ मुरब्बा होता है ।
पेट छाती जो प्रबल होवे, मंगल का फैसला होता है ।
चन्द्र दूध में शहद से मिलता, शुक्र मिट्टी पानी होता है ।
बुध मगर इसे चक्कर देता, मन्दा मंगल हो जाता है ।
राजु बना है हाथी इसका, केतु से हरदम लड़ता है ।
नेक रहे तो दया हो शिवजी, टुकड़े बदी दो करता है ।
मंगल बद–मंगलीक, हिरण, ऊँट, चीता ।
मंगल बद–मंगलीक दो भाई, खून इकट्ठा होते है ।
बद लड़का है शनि का होता, मंगलीक को भाई लेते है ।
मंगलीक मारे गर मर्द व औरत, बद उड़ाता है जानो ज़र ।
भाई शनि घर एक ही मारे, लड़का शनि का दोनों ही घर ।
मंगल बद मंगलीक शनि की, माता एक को कहते है ।
नुतफे पिता तीनों के अलैहदा, उमर बराबर गिनते है ।
असर में तीनों जुदा जुदा हों, आयु गिने तीनों लम्बे है ।
एक तरफ मंगलीक ने पकड़ी, बद ने दो–शनि चारों में ।
शुक्र–सुख दौलत और मिट्टी, ग्रह न कोई नीच करे ।
खून शनि का मंगल ऐसा, शुक्र पर भी जुल्म करे ।
गुरु पिता है दोनों जहाँ का, रवि पिता है शनि का ।
शनि का ऐसा चौथा दर्ज, बद मंगलीक है परलै[1] का

मंगल बद - मंगलीक (हिरण, ऊँट, चीता)

शनि तरफ चारों ही चलता, घर चौथा[2] चन्द्र का है ।
उमर के मालिक 3–8 चन्द्र, मारता बद मंगलीक को है ।

मंगल–बद मंगलीक का उपाय

जब यह ज्ञात हो जाय कि बद या बद –का असर आ रहा है तो उसी समय चन्द्र का उपाय करना चाहिये । यानि **(मंगल-बद) बड़ के वृक्ष को दूध डालकर गीली हुई मिट्टी का तिलक लगाना मंगल बद (पेट की खराबियाँ) को दूर करेगा ।** अगर वह आग से जलाकर तबाह हो कर जावे तो उसके बुरे असर के ज़ख्मों को **दूर करने के लिये खाँड़ (देसी खाँडा) की बोरियों का बोझ छत पर कायम करें । अगर ला-वल्दी या औरत की हत्या करता जावे तो शहद से मिट्टी का बर्तन भर कर बाहर मैदान में दबाया जावे।** अगर मौत तो न देवे मगर बसने भी न दे तो **मृग शाला से उसकी ज़हर मिटा दें** । अगर फिर भी बाज़ न आवे तो **चाँदी चौरस की मदद लेवें ।** या **दक्षिण दरवाज़ा में ही लोहे से उसे कील दें ।** और मंगल बद का संबंध अशिया काला, काना, ला–वल्द बगैरा डेक के दरखत से दूरी पकड़ें । **या बँदर (सूर्य) को आबाद करें ।** बहर हाल इस लानत से बेख़बर न होवें । **ख़ान दानी उपाय में चिड़े चिड़ियों को मीठा देवें ।**

मंगल ख़ाना नम्बर 1

(घर का - ग्रह फल का)

32 दाँत - किस्मत को जगाने वाला

मंगल पहले तेग़ अदल की, सच का हरदम हामी है ।
बढ़ो से भी वह नेकी करता, भला पुरुष वह प्राणी है ।
बद कभी न बदी को छोड़े, नेक कभी न नेकी तोड़े ।
नेकी छोड़ कलंकी होवे, भाई मरे, सुसराल भी रोये ।
पापी ग्रह सब मन्दा होवे, सूर्य चन्द्र मदुधम होवे ।
न ही साथ वृहस्पति होवे, गर होवे वह घर न होवे ।

खुद बड़ा भाई हो, वरना बड़ा बनना पड़े यानि उसके बड़े भाई उससे पहले ही मर जावें । मंगल के दायें बांयें अगर चन्द्र सूर्य पड़े हों तो माता पिता के लिये वह व्यक्ति मियान में मानिन्द तलतार होगा । जिस दिन मंगल का ज़माना –14–28 या 13–15 होगा–माता पिता का साया खत्म होगा । मगर वह खुद तलवार का धनी होगा दाँत गिनती में 32 होंगे (31 भी मंगल नेक होता है) । बहन न होगी । अगर होगी तो पूरी मानिन्द राजा होगी । गर न होगी - मंगल बद

न होगी । अगर बद् ही होगी तो बस खुद् (अकेला ही दम) अकेली होगी । और बाकी सब तरफ मेहर ख़ुदा (परमात्का की मर्जी मन्दे अर्थों में) होगी । **साधु के साथ से दर बदर होगा।** लेकिन जब अपने घर होगा और साधु का भी साथ होगा - तो भाई उसका दुखिया व मरीज़ होगा । लेकिन अगर किस्मत भली हो तो साधु ही न होगा । और न ही सुसराल के कुत्ते का साथ होगा । यदि होगा तो सब का ही बूरा हाल होगा । मगर यह नज़ारा न हर घड़ी होगा । फिर भी होगा तो शनि की उमर के बाद (39 साला उमर) न यह हालात होगा ।

मंगल खाना नं० 2

चलता हिरण

मंगल दूजे मुखिया गिनते, लोह लंगर का मालिक हो ।
लाख करोड़ों को वह पाले, गाँठ न अपनी बाँधता हो ।
शहद मक्खी का काम, उसके है नहीं आता ।
अगर आता तो रात है आता, रात दूजी है नहीं आता ।
पानी कूँऐ सुसराल में, मीठा ही बढ़ता होगा ।
गर वो कूआँ न होवे, तो कम नसीब होगा ।

अगर खुद बड़ा भाई न होवे तो अपने बड़े भाइयों से पहले गुज़र जाये । अगर रहे, तो बाकी सब भाई न रहें । सुसराल को किस्मत में बुलन्द करके खुद उनसे मीठे शहद का सुख लेगा । मगर वह ला-वल्द न होंगे । और उसे ज़रुर जायदाद और ज़र दौलत ही देंगे । अगर वह दूसरों को पाले तो बढ़ता ही जावे वरना वही एक-दूनी-दूनी का चक्कर इसके गले पड़ा रहे । **अगर मंगल बद हो तो लड़ाई में ही मारा जाये ।**

मंगल ख़ाना नम्बर 3

(पक्का घर)

पेट-होंट-छाती-हाथी दाँत मुबारक

दोस्त 9वें हो 1 1 या कि हों वह सातवें ।
मंगल तीजे सबसे बर्ते, बरतेगा वह शहद में ।
बुध – गुरु अच्छे नहीं है, 1 1–9– या सातवें ।
मंगल उन से मिल न बर्ते, बर्तेगा वह ज़हर में ।

अगर हिरण हो तो बुजदिल लेकिन अगर चीता हो तो शेर से भी खूँखार होगा । अकसर दोनों रंग का साथ होगा । शहद में बराबर का घी या ज़हर होगा । पेट बड़ा तो खून भी बर्बाद होगा । अक्सर यह ग्रह का अब भरोसा न होगा । अगर होगा तो तेज़ आँधी के मुकाबला पर नरम और आजिज़ घास ही होगा। आज़ाद, बरी और आबाद होगा । अगर बुलन्द वृक्ष की तरह तबीयत का सख्त हो तो खवार व ज़ेरबार ही होगा। या बाकी 3 बचने वाले मकान की किस्मत का मालिक (बहक मरदाँ) शेर की भांति खूँखार होगा । वरना

खाना पीना लाह, सुथरे दम का क्या बसाह

का एतकाद वाला अय्याश व ठन ठन गोपाल होगा ।

मंगल ख़ाना नम्बर 4

(नीच)

राशि फल का-चन्द्र का उपाय मददगार होगा । या मृग शाला होवे । तलवार । डेक का दरखत-घड़ी व धुन्नी के दरम्यान बीमारियाँ

चौथे मंगल मंगलीक होगा, जला देवे वह समुन्द्र को ।
ठण्डा उस दम ही वह होगा, 8 तीजे जब चन्द्र हो ।
दुश्मन इसके चौथे तीजे, या घर 8 वें ही आवें ।
आग से जलता चौथे मंगल, तेल मिट्टी का ही पावें ।
रवि–गुरु जो 3–8–चौथे, या कि 9 वें बैठा हो ।
ज़हर के बदले दूध पिलाता, मंगल बद मंगलीक ही हो ।

मंगल की चीज़ों (खाँड शहद बगैरा) से कोयले हो जायेगें। स्वयं अमल न करने वाला परन्तु औरों को शिक्षा देने वाला होगा। गले में कटे हुये सिरों का हार डालने में आँख का मालिक शिवजी - अजल का फ़रिश्ता-ए-नाम नामी हाथ पर शमशान या कब्रिस्तान को भी जलाने वाली आग उठाये फिरता होगा। अपनी किस्मत के असर में भी तंगदस्त (सूखी छड़ी) होगा । मंगल बद व मंगलीक के दोनों हिस्सों के फर्क की बजाय दोनों ही का बुरा असर साथ होगा ।

माँ–नानी–सास–ज़नानी (औरत) पर मौत तक का सबक होता है ।

मंगल बद या मंगलीक सिर्फ उसके टेवे में होगा जिसके खानदान में उससे पहले बजुर्गों में एक दो पुश्त कोई शख्स पूरा वृहस्पति ब्रह्म गुरु शुद्ध सोना या शाहाना हालत हो चुका हो । यानि उमदा तख्त व गुलज़ार बन चुका हो जिसे यह बुरा ग्रह बर्बाद कर सके ।

मंगल ख़ाना नम्बर 5

भाई - नीम का दरख्त

मंगल 5 वें 5 गुणा हो, नेकी और बदनामी में ।
पवन पुत्र की तरह, उछले वह अग्नि पानी में ।
माया आती 11 वें से, जाती वह तीजे से है ।
मंगल 5 वें घर में बैठे, पूँछ से ही चलती है ।

मंगल अब सामने बैठे खाना नम्बर 9 के दुश्मनों पर भी मेहरबान होगा । और खाना नं० 3 का ग्रह भी (अगर कोई हो) हनुमान की दुम की तरह मंगल का साथी व मददगार निगहबान होगा और धन दौलत का मालिक देवता - दुनियावी लक्ष्मी-(शुक्र या चन्द्र) इसके पीछे चलने वाला होगा । या वह शख्स राजों रइसों मा बाप दादा होगा । मगर रात की नींद से कदरे बे- आराम होगा । **जिसका उपाय- वक्ते नींद सिरहाने पानी मा साथ रखना शुभ व सहायक होगा ।** साहिबे इल्म व साहिबे औलाद होगा ।

मंगल ख़ाना नम्बर 6

नाभि-राशि फल का - शनि का उपाय सहायक होगा ।

मंगल 6 वें घर हुआ, हों केतु शुक्र मन्दु ।
रवि मगर उस ऊँच हो, बैटा किसी हो अँग ।
उस कुल बुध न होगा चौथे, चन्द्र 2 न गुरु ही पहले ।
न सिर्फ पहला ही लड़का, मागूँ घर कुल ही चटका ।
छटे मंगल हो भाइयों की हानि, राजा जनक चाहे लाख हो दानी ।
जिस दम वह खुद ऊँचा होगा, साया सब पर उमदा होगा ।
वरना वही हो शिव शम्भू, या कोठे तूला तम्बू ।

इसके भाई 499 रुपये 15 आने (जब वह 5 रुपये तक चल सकते हैं) लेकिन इसके भाई 5 रुपये 1 आना पर होंगे । लकड़ी की तरह छत से गिर कर फिर वही ऊपर को चलना सीखेंगे । वह बाँस की तरह अपने खून की किस्मत का निगहवान होगा । जो पाताल में भी आग जलाने या शहद से ज़ुबान मीठी कर देने की हिम्मत का मालिक होगा । जिस तरह मंगल ख़ाना नं० 12 में होने से राहु गुम हो जाता है उस तरह ही मंगल के इस धर होने से केतु (लड़का) पता होगा । या अब औलाद होगी । **जिस का उपाय बुध की पालना बज़रिया चन्द्र मुबारक होगी ।**

बच्चों के जिस्म पर जब तक सोना (वृहस्पति) वे होगा - वह सोना कमायेगा । लेकिन जब इन के जिस्म पर सोना होगा - वह दुनिया में ख़ाक उड़ायेंगें । या औलाद का मंगल शुभ न होगा । अगर होगा तो ज़हमत या दुख ही खड़ा होगा । या उनकी खुशी करनें से मुआमला संगीन ही होगा । बहर हाल वह खुद साहिबे इकबाल और हुकमरान ज़रुर होगा। और सिर्फ मंगलवार के दिन की पैदाशुदा औलाद (नर) का साथ होगा । और सिर्फ शुक्र या शनि के दिन की पैदा शुदा लड़की की उमर का एतबार होगा । हर दो हालत में वह बुध की उमर (34 साला) से पहले न साहिबे औलाद होगा । फिर भी होगा तो उनकी मौतों से दुखिया होगा ।

मंगल खाना नं० 7

बेलें (फली वाले पौदे) दाल मसूर पहला लड़का ।

मंगल ७ वें सब कुछ उमदा, धन दौलत परिवार ही सब ।
सब का सब ही रवि होगा, बुध (बहन)मिले मंगल (भाई) से जब ।

ऐसे व्यक्ति का बहन के पास आना या रहना बुरा प्रभाव देगा। दोनों को **जिस के लिए बहन को मंगल की चीजे देना शुभ होगा।** शनि का बज़रिया नया मकान या मामूली सी दीवार भी जगाना शुभ होगा।

छोटा वज़ीर और धर्मात्मा होगा। रोते को हँसाने वाला नेक- नाम और इल्म हिसाब जानने वाला होगा। **हालत मन्दी के समय चन्द्र की ठोस चीज़ का उपाय सहायता देगा।**

मंगल खाना नं 8

(पक्का घर - घर का)
ग्रहफल का ब मंगल बद हो -
बाजुओं के बगैर बाकी जिस्म ।

मंगल आठवें आठ बरस तक, फर्क भाई छोटा गिनते हैं ।
लाख मुसीबत खड़ी है करता, अन्त बुरा नहीं गिनते हैं ।
माता पिता सब का, साथ भी होबे ।
जिसम उमदा ज़र सेम, पाया भी होवे ।
तनूर शुक्र (मिटटी) जग, तपाया वाँ होवे (मंगल शुक्र)
न हो, वह न हो यह, तबाही ही होवे ।
न कोई नेकी का ना, न कोई ही होवे ।
मंगल बद हो आठवें, तो कोई न हो वे ।

खुद मंगल का मंगल की चीजों पर बुरा असर (कभी मंदा फल) न होगा। लेकिन जिस कदर बुध का फल उमदां (बुध प्रबल) होता जावे उसी कदर ही मंगल का फल मन्दा पड़ता जावे। जब बुध का साथ या संबंध होता होवे। बेहतर तो है यही कि न बुध का फल बढ़े। यानि मंदी हालत में बुध से बचता होगा। या बुध की फोकी खाली चीजों और बातों से नुकसान होगा । तबाही के वक्त तन्दूर से मीठा या मीठी रोटी लगा कर कुत्ते को देवें ।

मंगल खाना नं० 9

सूर्ख रंग

मंगल जब घर ८ वें आवे, ८ ही ग्रहों का मंगल गावे ।
भरे खजाने दौलत अंदर, तर ततफ ही जंगल मंगल ।
न तीजा न ५ बिगाड़े, गर देखे मंदा– जान की ।
बुध अकेला छोड़ के सब, उमदा होग्रह चाल ही ।

मंगल की (१३ साला या निसफ अरसा) तक बाल्दैन को राजा बनाववे । फिर अपनी २८ साला उमर में खुद भी राजा हो । लाल रंग से दुनिया का लाल होगा। कुण्डली में सूरज अब कहीं भी बैठा हो, उच्च फल का होगा।

मंगल खाना नम्बर 10

(ऊंच)

शहद – मीठा भोजन

अकेला मंगल १० वें बैठा, राजा होता है वली।
दूजे पापी – शुक्र चन्द्र, सोने में होगे कलई ।
तीजे तो 6 वें में बैठे, दोस्त ३ इस के अपने हों ।

जंगल जलता, लड़का मरता, धन है घटता, उँच वा कितने ही हों।

(बुध का मन्दा केतु बर्बाद वृहस्पति नीच)

मंगल राजा घर दसवें का, शनि नज़र का मालिक हो ।
मंगल पर ब काना होगा, घर चौथे जब सूरज हो ।

शनि के घरों (खाना नं० 1 – 11) में मंगल बहैसियत चीता होगा । जो आदमियों पर हमला नहीं करेगा। इस की मामूली सी बैठने की चौकी एक तख्त का काम देगी। लेकिन अगर शुक्र या किसी भी और ग्रह का साथ हो जावे या सूर्य ही खाना नं० 6 में होवे तो औलाद के लिये लम्बी उमर (45 साला) तक तरसता रहे। मगर बिना सन्तान न होगा। दौलत मन्द जरुर होगा। अक्सर 28 मौतें 22 बीमारी 15 साल तक होगी।

मंगल खाना नं० 11

सिंधूर – लाल

ग्यारहवें मंगल है रखता, शहद के बर्तन भरे ।
शहद उमदा उस का होगा, फूल (बुध) हो जिस के खरे ।
फूल छोड़ो मक्खी (शनि) ही, जब नेक और उमदा है ।
दम मेंही ले आयेगी वह, शहद के बर्तन भरे ।

मंगल अब चीता होगा परन्तु अपने गुरु वृहस्पति के हाथ में हवाई ज़जीर में जकड़ा हुआ होगा । भाई बन्दुओं का कोई ज्यादा लाभ न होगा। और न ही वह इन को कोई सुखिया देख रहा होगा। यह सब राहु के जमाना तक (42 अधिक से अधिक 45) ही होगा। इस मन्दे समय में इस का अपना केतु (लड़का) न होगा मगर दुनियावी केतु (कुत्ता बगैरा) सहायक होगा ।

मंगल खाना नम्बर 12

बुलन्द आवाज – हाथी का महावत

मंगल १२ सुख का राजा, घर गुरु परवेश हो ।
जन्म कुटिया या कि जंगल, या ही वह दरवेश हो ।
शेर गरजे हाथी ढरके, बिजली कड़के धमकती तलवार हो ।
खून खालिस–धन शाहना, सबका माना, दमकता परिवार हो ।
मंगल १२ गुरु हो दूजे, आसमान से पाताल ।
दो शेरों से गूजें गुबंद, हाथी छिपे हों जा गारॉं ।
केतु तीजे–मंगल १२, मच्छ मुआवन दोनों तारां ।
साल २४ में उत्तर हो, या लड़का जब पहला हो ।

कुण्डली में राहु अब बिलकुल ही चुप होगा और न ही वह कोई बुरा फल देता होगा बेशक किसी भी घर में

बैठ रहा हो क्योंकि महावत अब हाथी के ऊपर या हाथियों के तबेला में खुद हाज़िर होगा।

बुध शक्तिमान

बुध अकेला आकाश का चक्र, निर्पक्ष निर्तेप होता है ।
घर २–४ या ६ में बैठा, राज योगी हो जाता है ।
घर तीजे या ८ में होवे, मदद रवि को देता है ।
९ ता १२ या दूसरे पहले, शनि को प्रबल करता है ।
घर पक्का जिस ग्रेह का होवे, बैठा वहाँ वही बनता है ।
७ वें घर में पारस होवे, ग्रह साथी को तारता है ।
९–१२–८–३ में बैठा, कोढ़ी धूकता होता है ।
घर पहले होवे घूमता राजा, परिवार रवि ५ करता है ।
सिर का ढाँचा या दाँत हो उसके, अगला सिरा नाक होता है ।
रफतार आवाज हो नाडे
या गर्दन, मनतकी हाथ भी होता है ।
शरम हया तजीम जो खाली, अक्ल सुराख भी चलता है ।
हिसाब सुभाऊ जो जाती
है उसका, फैसला बुध का होता है ।
शनि वृहस्पति १२ राशि, बुध से दोनों चलते हैं ।
बुध दबाया हो या मंदा, दोनों निष्फल जाते हैं ।

****

बुध खाना नं० 1

आम साधारण हालत- माँ - धी- जुबान - सिर का ढाँचा आकाश का चक्कर औरत के टेवे में अब बुध मानिदं सूर्य उत्तर होगा। और पैदाइश भी - दिन (सूर्य के बाद मगर सुबह की तरफ होगी।)

पहले घर का बुध है राजा, घूमे फिरता दर बदर ।
चशम तोता – अकल खोट, मंदा हो बुढापा, बचपन ।
तबला उमदा राग मंदा, हमचू मान दीगरे ।
रंग काला गर हो उसका, पानी में पत्थर तरे ।

बहैसियत तख्ते शाही बुध में पाप (राहु सुसराल - केतु औलाद) की मन्दी हालत का साथ होगा । और शनि भी अब बुध के इशारे पर काम करता होगा । जिसका सबूत - वह व्यक्ति खाने पीने वाला, शराबी कवाबी और अपने कर्म धर्म से लापरवाह होगा ।

बुध ख़ाना नम्बर 2

खड़ा अण्डा - लड़कों की सिफ्त की लड़की - मूँग - क़लम की निब - चोंच - साली

बुध से जब लड़की बनी, दूजा घर है सुसराल का ।
इज़्जत जहाँ दो की इकट्ठी, जानोज़र और माल का ।
मौत गूँजे आठवें घर, पाताल खाना 6 ही है ।
9 में हारे – 12 गाले, तारता बुध 2 ही है ।
शान राजा राग उमदा, जब अकेला घर में हो ।
नज़र इसकी आगे आवे, सोना (गुरु) लोहा (शनि) भस्म हो ।
पीछे इसके हो न कोई, न ही आगे ठहरता ।
बुध को माना खाली ग्रह है, फाँस है वह ग़ज़ब की ।
घर 8 वें गर शत्रु आवे, फाँस बुध का मन्दा हो ।
धन दौलत सब को ही गाले, हीरा जल कर कलई हो ।
पिता मरे औलाद न आवे, कन्या से भरपूर हो वह ।
कुटुंब कबीला सारा पाले, थोड़ा सा मग़रुर भी हो ।
घर 8वां अगर खाली होवे, राज योग कहलाता है ।
बुध गिना लड़की है सबने, अब राजा हो जाता है ।
रंग सुनहरी क़ीमत गहरी, खड़ा अण्डा दरबार ।
काफिर करे बुध आस्तिक, शाहाँ दे परिवार ।

हर समय अपनी तबीयत को बदलने वाला होगा । राग व ज़बान दानी का मालिक अपनी माता के घर खुद अपने ही तान पर चलता होगा । जिसका बुध ग्रह चाली तबीयत के नियम पर बुरा हो वह खुद तो किसी तरह से भी सब्ज़ क़दमा (हर तरह से मनहूस) न होगा । मगर इसकी अपनी आँखों के सामने बुध का सब्ज़ ज़ार - धन दौलत और अपना ही ख़ानदानी परिवार बहुत कुछ जलता व बर्बाद होता होगा । वह खुद तो नहीं मरा होगा मगर लड़कियों की ज्यादती और सथियों की आहोज़ारी (मौतों) से दुखिया और मुर्दे से कम भी न होगा । मगर हजूम की मौत में भी जशन ही रखता होगा । बहर हाल धन दौलत के लिये उमदा मगर खुद पिता होगा तो पिता के हाथों से धन दौलत का असर मंदा ही होगा । मगर वह खुद किसी भी हालत में भी दिमाग़ी बीमारियों का शिकार न होगा । फिर भी अगर होगा तो लड़कियों की सेवा से इसका कल्याण होगा ।

बुध ख़ाना नम्बर 3 (घर का)

भतीजी - चमगादड़ - चौड़े पत्तों का दरखत - तिलस्मी भूत - शक्ति - जिसका साया न होवे - खुद अपने असर में किस्मत को जगाने वाला - बाण - दीमक - चन्द्र का उपाए।

बुध बैठा घर तीसरे, 9 वें घर उजाड़ाँ ।
खुद अंधेरा जंगल होवे, राख पड़े घर ग्यारहवां ।
बुध घर तीजे जब हुआ, जली अनोखी आँच ।
9 उजड़े 11 मरे, ग़रके 4 और पाँच ।
बुध गिना जो तीजे मन्दा, 11 रवि से डरता है ।
बोले खुद न बोलने देवे, उमर की रक्षा करता है ।
पापी ग्रह 7 वें हुये, बुध का पक्का घर ।
पिता की मिट्टी न रहे, खालू मामूँ घर ।

हर रोज़ फिटकरी से दाँत साफ करना आदमियों की बरकत देगा । अगर हकीम होवे तो दमा के मरीज़ों के लिए नायाब हकीम होगा । अँगूठे की तरफ की सिर रेखा की दो शाख़ी खुद टेवे वाले के लिये मन्द भाग होगी । और ख़ाना

नं० 8 की तरफ की दो शाखी दूसरों को तबाह करेगी । दरुस्त हालत सिर रेखा की सिर्फ सेहत रेखा की हद तक की लम्बाई होगी। अगर ऐसा न हो तो मन्दा और खड़कता बुध होगा । **जिसका इलाज़ फर्शी ज़मीन में पत्थर गाड़ना होगा** । जिसका रंग खाना नं० 9 या 11 के ग्रह के विरुद्ध न होवे । **इस पत्थर के नीचे पहले दूध से भिगोये हुये पलाह के पत्ते देने शुभ होंगे । या मकान के केन्द्र या पिछली दीवार में लाल (सूर्य) हाशिया शुभ होंगी ।**

अगर मंगल नेक हो तो उस घर में खुद बुध का अपना ज़ाती फल यानि लड़की, बहिन, बुआ बगैरा बुध की संबंधित चीज़े व खानदान बगैरा सब बिना रौनक होंगे । दूसरे घरों पर बेशक बुध का बुरा ही असर होगा ।

बुध खाना नं० 4

तोता – कलई – खड़ा अण्डा – बुआ – मासी

बुध चौथे कच्चा घड़ा, कोरा उमदा साफ
अरब करोड़ी लखपति, मारे अपना आप (खुदकशी)
धन का तों दरिया है चलता, जो समाप्त होता नहीं।
लड़की बैठी राज करती, दिल मगर होता नहीं।
बुध चौथे हो सूर्य 5, गुरु हो बैठा 9 वें अंग।
राज योग वह मर्द कहावे, बकरा जंगली साँप खावे ।
तोता सब्ज मैना का साथ, ठण्डा रहता (रेत) पानी बे हाथ ।
हीरा कीमती कुल जो तारे, धन दौलत परिवार हों सारे।
चन्द्र सूर्य हो 3—11, गुरु 9 में बैठा बुध चहारॉ।

बिल्ली से तोते का दिल मुर्दा होगा। या राहू के संबंध से बुध खुद मुर्दा होगा। ज़रा सी ठोकर से कच्च घड़ा स्वयं टुकड़े होगा। जिसके लिए सूर्य की अशिया का उपाए होगा। **दौलत के लिये वृहस्पति का उपाए मदद देगा।** कई बार सफर बिना कारण होगा और केतू के संबंध से बर्बाद ही होगा। धन दौलत तो उमदा मगर माता की उमर के लिए मन्दा होगा। अगर माता जिन्दा हो तो माता के हाथों से धन दौलत मन्दा होगा।

बुध खाना नम्बर 5

बाँस – फकीर की आवाज़ – आर्शीवाद –
दूध वाला बकरा पोती लड़का (सूर्य)
बिला तड़ागी मन्दा (बुध), गुरु मन्दा बिन ज्ञान (सूर्य) ।

बुध घर 5 वें जब हुआ, सब कुछ उमदा जान ।

बुध घर पहले 5 वें, सूर्य को परिवार (दायरा[1])
बारिश धन की हो रही, दिन न गुजरें चार ।
चन्द्र हो या नर ग्रह, बैठे 9, 3, 11वाँ।
बुध[2] आ निकले पाँचवे, बाबे पोते ताराँ ।

अपनी औरत और खुद अपने लिये निहायत शुभ मगर पिता के लिये मन्द भाग होगा । पर किसी हालत में भी औलाद पर कोई बुरा असर न होगा। बल्कि बाकी 5 बचने वाले मकान की किस्मत का साथ होगा । या इसका घर गऊ-घाट होगा । आमतौर पर वह इन्सान्यित का मालिक ज़रुर होगा ।

बुध ख़ाना नम्बर 6

फूल – लड़की – मैना – खड़ा अण्डा –
सुख औरत 37 साल – दोहती

बुध 6 वें सिर श्रेष्ठ रेखा तो, तो राज योग भी कहते हैं ।
उस टेवे के ग्रह जो कायम, उत्तम फल वह देते हैं ।
घर 6 वें पाताल में, बुध शुक्र नहीं मिलते हैं ।
लड़की होवे जो उत्तर ब्याही, फल मन्दा ही लेते है ।
उमर छोटी अब बुध की होवे, घर 6 वें जब बैठता है ।
लाख उपाऊ करो न टलता, ग्रह फल लिखा इसको है ।

खुद बुध का ज़ाती फल बुध की जाती चीज़ों पर कभी मन्दा न होगा । खरबूज़ा देख खरबूजा पके । यानि तमाम कुण्डली में जब भी कोई ग्रह उमदा फल देने वाला होने लगे, बुध भी फौरन उसी के (ग्रह के) नेक फल का हो जायेगा मगर खुद खाना 6 की चीज़ों के लिये बुध का वही असर होगा । जो कि शुक्र का उस टेवे में हो । या जैसे ग्रह ख़ाना नं० 2 के होंगे । बुध अब वैसा ही फल देगा (सिर्फ नेक अर्थो के लिए) छापा खाना – दौलत पब्लिक, ईमानदारी का धन उमदा और नेक नतीजे देवे । अगर हकीम मगर लालची होवे तो बर्बाद होगा । पहली औलाद लड़की होगी झगड़े में हमेशा फतेह मन्द और कामयाब होगा । चन्द्र की जानदार चीज़ों का बेशक कोई फायदा व आराम न होगा । मगर चन्द्र की बाकी सब चीज़ों का पूरा फायदा और मदद होगी।

लड़की की उमर की मदद के लिये दूध से भरा बर्तन (मिट्टी का) खुले मैदान में दबाना शुभ होगा । जब कि शुक्र मन्दा हो और गंगा जल (दरिया- बारिश का पानी) खेती की ज़मीन एक बोतल में बंद करके (जिसका ढकना भी शीशे का हो) दबा देवें । जबकि चन्द्र भी मन्दा हो । अगर केतु भी बुध (लड़की) की बरखिलाफी पर रहे तो इ**सके बदन पर दाँए हिस्सा में चाँदी की चीज़** (बुध की अंगुली में अँगूठी बैगरा) कायम करें । बहर हाल बुध खुद अपने लिये (पेशा हुनर) कभी मन्दा फल न देगा ।

बुध ख़ाना नम्बर 7 (पक्का घर)

हरी घास - भोडी गाय - बकरी - आम माँ धी की हालत - दूसरी चीज़ों का ठप्पा या ढाँचा

बुध को 7 वें सबने माना, भरे आये खाली है जाना ।
पर जो साथी इसका हो, डूबता पत्थर तैरता हो ।
7 वें बुध को रेत भी माना, शुरु बुरा आखिर शाहाना ।
पहले 10 वें जो ग्रह आवें, बुध सातवें से नेक हो जावें ।
नेकी गो वह अपनी देवें, बुध फिटकरी रंगत लेवें ।

अरुण संहिता (लाल किताब) सामुद्रिक – 7

बुध 7 वें हीरा हुआ, तारे सब को जो ।
पर खुद अपने असर में, जंगल रेता हो ।

यद्यपि इस घर में बुध सब साथी ग्रहों को तारता है लेकिन मंगल का संबंध हो जाने से मंगल बद खड़ा होगा । बेशक मंगल और बुध दोनों अकेले इस घर में दुष्प्राप्य ग्रह हैं - किसी दूसरे ग्रह की मदद करते वक्त बुध का खुद ज़ाति फल बेशक मन्दा हो जाये मगर दूसरो के असर को तो वह ज़रुर ही नेक कर देगा - सिबाया चन्द्र ख़ाना नं० 7 के जिसका फ़ल दूध में बकरी की मींगने होगा । और खुद बुध ज़ाती हालत कल्लर की ज़मीन और रेगिस्तान हो सकता है जिसमें कि चिकनी मिट्टी (शुक्र) का नेक असर न होगा । या गृहस्थ रुखी और इसका जंगल चरिंदों से खाली होगा । या इसका खानदानी हाल कोई शानदार न होगा । बल्कि वहाँ अकल की बारीकी दूर होगी । यह सब बुध की उमर (34 साला) तक की गुज़रान होगी । यानि की - तमाम हाजिर ममल का व्यापार उमदा होगा । और दस्ती व हुनर मन्दी का काम शुभ होगा । बहर हाल क़लम में तलवार से उमदा ताकत होगी । गर न होगी, फौजदारी न होगी । अगर वह होगी तो फिटकरी से लिखे कागज़ की तरह वह इक आन में सफेद और नेक होगी । फिर भी होगी तो ज़बान की थूक से ही दुश्मन की गर्दन सर कलम होगी ।

बुध खना नम्बर 8

लेटा हुआ अण्डा - मुर्दा या मुर्दे के फूल - दीमक - बहन

बुध 8 वें जब आ हुआ, भट्टी रेत तपा ।
लड़की बहन सुसराल से, बेवा होके आये ।
रेत जली है जंगल की, जलता मंगल बद ।
लड़का मामूँ और माता भी, सफा चट हों सब ।

अरुण संहिता (लाल किताब) सामुद्रिक – 71

भेड़ चाल सब ग्रह करें, मन्दा बुध जो हो ।
बन्द साँस सब ही करें, बुध नाग बिल हो ।

उमर के हर आठवें साल फोकी खुशी का शानदार बाजा बजता होगा। मगर पौदे से टूटा हुआ मुर्दा फूल या मुर्दे पर चढ़ाया जाने वाला मन्दा फूल होगा । जिसमें राहु (सुसराल) केतु (औलाद) शुक्र (स्त्री तादाद) और खुद बुध (बहन - लड़की - बुआ - फूफी) व ख़ाना नं० 6 की चीज़ें (मात पिता के रिश्तेदार - मामूँ , मामूँ खानदान) सबका मन्दा हाल शामिल होगा । मगर मंगल से अब मंगल बद न होगा । बल्कि भाइयों को बुलन्द करे और मौत का दरवाज़ा बन्द हो। मगर वाल्दैन बर्बाद मौतें 14 साल हों। बुध ख़ाना नं० 8 बेवा बनाता है । अपने खून के संबंधित में जब तक नं० 2 खाली हो । लेकिन अगर नं० 2 में कोई ग्रह हो तो सुसराल खानदान में भी यही लानत देगा । जिसका सबूत - मकान में सिर्फ पौड़ियाँ सारी की सारी गिरा कर दुबारा बनाना होगा । कुछ सालों के बाद वह मकान भी दुबारा बनेगा। लानत से बचने का उपाय - **बुध के स्थान की पूजा शुभ होगी ।** वरना ख़ाली घड़ा बजता रहे (औलाद व मर्दों का बुरा हाल) । **बुध जब कुण्डली (जन्म, सालाना, माहवारी बगैरा) के ख़ाना नं० 8 में आवे - मिट्टी का कोरा बर्तन (गोल) मंगल की चीज़ों से भर कर शमशान या कब्रिस्तान या किसी उजाड़ व वीराने में दबाना शुभ होगा ।**

बुध ख़ाना नम्बर 9 (तिलसमी भूत)

तिलसमी भूत जिसका साया मालूम न होवे । चमगादड़ । सब्ज़ रंग । थथलाना । जंगल - सब्ज़े दरखतों का ।

जब तक बुध 9 वें बैठा, ग्रह न कोई बोलता ।
भूले से गर कोई बोले, बुध न उसका छोड़ता ।
साया तो है नज़र आता, बुध नज़र आता नहीं ।

अरुण संहिता (लाल किताब) सामुद्रिक – 72

मार पड़ती सब ग्रहों को, कोई छुड़वाता नहीं ।

आसमाँ ऊंचा तो बहरे फ़ना हुआ गहरा ।
बुध बढ़ा इतना कि दोनों में ही न ठहरा ।।

अगर ठहरा[9] तो तेहर साल, या 13 महीनें ही वह है ठहरा ।
साल 16, माह 16 दिन भी 16, है नहीं ठहरा ।
फिर भी ठहरा–न ही ठहरा, ठहरा ठंडे दिल से है ।
बहन, मासी, बूआ, फूफी, मारता सब ही को है ।
बुध 9 वें घर[3] सब पर प्रबल, चन्द्र से वह डरता है ।
जो रेते को तह में करके, बुध को चलता करता है ।
चन्द्र बैठा घर पहले में, बुध भी 9 वें बैठा हो ।
पानी वाले बादल चन्द्र, बुध कभी वाँ न मन्दा हो ।

अब बुध बेबुनियाद और गहराई का खाली कूँआ का महल होगा । ऐसे व्यक्ति की पैदाइश में भेद होगा जिसके ज़ाहिर करने में उसकी अपनी ज़बान में भी थथलेपन का सबूत होगा । मंगल या सूर्य या दोनों के साथ से लसूड़े की गिटक की तरह किस्मत का हाल होगा । (मन्दे शब्दो में) । और उमर का मंगल बद या खुद (बुध का ज़माना (13–15–17–34 वाँ साल महीना का दिन) न कभी नेक खुशहाल होगा । चमगादड़ के महमान आये । ज़हाँ हम लटके वहाँ तुम लटको– की तरह साथियों का हाल होगा । **जिसका उपाय नाक छेदने के अलावा न कोई और होगा** । गर फिर भी होगा तो चन्द्र की चलती चीज़ें या वृहस्पति के प़ीले रंग में रंगी हुई अशिया[8] से वह एक चलता दरिया होगा । (सब्ज़ रंग मन्दा होगा) जिसकी तूफानी हालत का न कोई इन्तहा होगा । या वह ज़ालिमों को फाँसी देकर गिराने के लिये तिलसमी कूआँ होगा जिसकी तह देखने के लिये सीढ़ी का न कभी इन्तज़ाम होगा । अगर यह सब कुछ न हुआ तो वह न दो जहाँ होगा । हालांकि बुध नम्बर 9 या 3 या किसी और घर का मन्दा असर उस साल या वक्त ही नेक होगा जिसमें कि वह अपने ज़ाती स्वभाव के असूल पर नेक हो जाये मगर जन्म के पहले साल या पहले महीने में उसका हीरा ज़हर से खाली न होगा । अगर होगा तो जन्म मरण का झगड़ा ही दूर होगा ।

बुध खाना नं० 1 (राशि फल का)

दाँत-खुश्क घास – शराब कबाब – नास्तिक – या भूत की खुराक – लेटा हुआ अण्डा – शनि का उपाय मददगार होगा।
सीढ़ीयाँ (मकान) ।

बुध का हुआ दसवें बसेरा, शनि करेगा फैसला तेरा ।
किसी तरह से अगर मिलेगा, चन्द्र अपनी दया करेगा ।
खुश्क घड़े में सबमें पानी भरेगा, शंख में वह मोती पैदा करेगा ।
शनि बिना कुछ भी न मिलेगा,
अगर कुछ मिला, सख्त धोका मिलेगा ।

लाख का महल, बारुद का पटाखा, साँप के ज़हरीले दाँत – हड़काये कुत्ते की दुम – शनि के इशारा पर काम करेंगे । जैसा कि शनि होगा वैसा ही बुध काम कर दिखायेगा । पिता की मर्जी हो सुख देवे न देवे। पिता का साया कोई विश्वासी न होगा । न ही खुद कोई नज़र का भरोसा होगा । गर होगा ज़वान का चस्का शराब कबाब का मन्दा मज़ा बाइसे तबाही होगा। पर उमर लम्बी का साथ भी होगा ।

बुध ख़ाना नम्बर 11

कच्च घड़ा – कन्ठी वाला तोता – गुरु (वृहस्पति) का उपदेश देवे – चौड़े पत्तों का दरखत – सीप – हीरा – फिटकरी – उलटा घर या जन्म वक्त जबकि इन्सान इस दुनिया में आते वक्त सर नीचे मगर सब को प्रणाम करता आवे । कुंभ घड़ा उलटा है बेशक, बुध 11 में हुआ ।

हर तरह से हो जो डूबा, उसको जिन्दा कर गया ।
ग्रह जभी सब खतम हों तो, बुध अकेला रह गया ।
तारने ही वह लगा जब, घर ही सारा वह गया ।
तारने बुध न किसी को तारे, तारता जब वह आखिर है ।
शनि वृहस्पति चन्द्र मारा, तारता आखिर बुध ही है ।

बुध बद करदार खोटे काम व मन्दी हालत का होगा जिसका असर उसकी पूरी उमर (लड़की की 17 मगर टेवे वाले की अपनी 34) तक साया की तरह साथ होगा । सब तरफ से बर्बाद और निराश हो जाने के बाद खास कर शनि वृहस्पति या चन्द्र मन्दे वाले को या इन तीनों से तबाह शुदा को आबाद व खुशहाल कर देगा।

बुध ख़ाना नम्बर 12 (नीच)

राशि फल का – केतु का उपाय मददगार होगा । अण्डे – खिलौने – भेड़ – गन्दा अण्डा – हड़काया कुत्ता
(आम टेवे में) मगर 12 में बैठा ख़ाना नं० 6 का फल देने वाला (ऊँच बुध) सिर्फ ज़ाती खून के लिये और सिर्फ जिस टेवे में शनि वृहस्पति मुशतरका हों **(केतु का उपाय खुद बखुद हो जाता है)** बाकी तरफ वही मंदा असर शनि 12 में बैठे बुध का कभी बुरा असर न होगा ।

बुध जब बैठा 12 में तो, रेत बरवाने लगा ।
12–6 से सब ही भागे, कुत्ता हड़काने लगा ।
आसमाँ से कुत्ता हड़का, भागता पाताल को ।
12 गाले – 6 भी मारे, साड़े .खाना 4 को ।
गर न मारे धन न मारे, मारता है जान को ।
बच सके न इससे कोई, नाक जूब तक साफ हो ।
दमदमें में दम नहीं अब, खैर माँगों जान की ।
बस खत्म अब हो चुकी, रफतार सब ग्रह चाल की ।
12 कुत्ता बुध जो हड़का, तारता केतु ही है ।
गर न घर में कुत्ता रखे, झपटता बुध राहु (बाज़) है ।

सिवाय शनि के जो अब साथ या साथी ग्रह बन रहा हो बुध नं०12 सब बाक़ी ग्रहों (जो साथ साथी नं० 12 या 6 में हों) को अपने बुरे असर की ज़हर देगा । मगर सूर्य (बन्दर) इसकी ज़हर को पहचान लेगा । और बचता जायेगा । हड़काया कुत्ता भाइयों का दुश्मन दौलत का राखा – दूसरों के लिये जोड़ेगा । लोगों में बे–एतबारी की ज़िन्दगी और तबीयत का हर लम्हा घूमने वाला होगा । व्यापार – सट्टा (बुध की हवाई ताकतों व चीज़ों का संबंध) भी मन्दा होगा । **नाक छेदना या गले में पीला धागा हर वक्त कायम रखना मुबारक । भले असर के लिये ज़रुरी होगा । वरना हर तीसरी बोली (3 दिन, 3 महीने, 3 साल और हर तीसरी गिनती अपनी उमर की या अपने तअल्लुक दारों की) पर निलाम की बोली खत्म कर देगा ।** चाहे सेठ का माल ही दे देवे मगर दलाल को किसी भी नमक हलाली का ख्याल न होगा । सिर्फ होगा तो अपने मालिक (पिता) को आखीर पर छोड़ देने का ज़रुर लिहाज़ होगा । या वह खुद उस घर से बाहिर होगा । बशर्ते कि जंजीर में जकड़ा हुआ न होगा । अगर होगा तो सर पागल होने की बजह से सब पर हमला

आवर होगा । **शुक्र की उमर (25 साला) से पहले शादी करना न भला होगा । चस्का ज़ुबान (पापी ग्रहों की संबंधित चीज़ों की खुराक) से परहेज़ शुभ होगा ।**

शनि ''देवता'' – ज़ाहिर पीर

शनि साँप का साँस भी मन्दा, इच्छाधारी पर होते है ।
मदद पे जिसकी हो वह बैठे, तारते इक दम दोनों है ।
शत्रु ग्रह जब बढ़ते जावें, जहर रंग शनि तब बढ़ते है ।
शुक्र बच्चा सह कभी न मारे, साँप[5] दो बच्चे[6] मारतें हैं ।
गुरु के घर कभी बुरा न करता, न ही पाप खुद करता है ।
पाप किया जो राहु केतु, फैसला धर्म से करता है ।
नर ग्रह जब हो साथ अकेला, .जहर शनि नहीं होता है ।
नर ग्रह होवें दो या ज्यादा, काबू शनि हो जाता है ।
तीन गुना घर पहले मन्दा, 2 गुना मन्दा तीसरे है ।
एक गुणा घर छटे में मन्दा, पर मन्दा नहीं सदा ही हैं ।
अबरु – छींक और बाल जिस्म के , हाथ दिखावा होता है ।
टक टक करते बोलना उसका, फैसलाकुन शनि होता है ।
9–7 वें – घर 12 बैठा, कलम विधाता होता है ।
खाली काग़ज़ हो घर 10 वें का, छठे स्याही होता है ।
घर 11 में लिखे विधाता, जन्म बच्चे का होता है।
किस्मत का हो हरदम राखा, स्याही पाप की धोता है ।

शनि का मन्दा फल दिये हुये खानों का उस वक्त ही नेक होगा जब वह राहु केतु के अपने दांये बांयें होने के असूल पर नेक स्वभाव हो जावे बमूजब वर्ष फल ।

शनि ख़ाना नम्बर 1 (काग रेखा)

हलक का कौवा – गन्दा कीड़ा – आग से जलना

शनि शुक्र घर पहले बैठे, काग रेखा कहलाती है ।
मालिक .खाह हो तखत हज़ारी, मिट्टी कर दिखलाती है ।
धन दौलत सब चूल्हे धरके, उमर को लम्बा करती है ।
9 ही ग्रहों पर परबल होके, सब को निर्बल करती है ।
सूखी लकड़ी आग का कीड़ा, दोनों झगड़ा करते हैं ।

गर हो राहु केतु मन्दे, भस्म भण्डारा भरते हैं ।
घर पहले में तेल मिट्टी का, आग चौथे से लाते है ।
घर 7 वां 10 खाली होवें, मच्छ रेखा बन जाते है।
वरना वही चूल्हे पड़ी लक्ष्मी, भट्टी में भगवान ।

कामयाब डाकटर होगा (सामान शनि में) । ग़रीबी सब काम अधूरा । तालीम तो खासकर अधूरी होगी । काग रेखा के असर में बद – झठ – फर्जी बे बुनियाद खयालात बाइस मौत होंगे । मच्छ रेखा व काग रेखा दोनों इकट्ठी ही होंगी । शनि की मिय्याद (36 साला उमर) तक सब कुछ उड़ता जाये और हर काम में रौ स्याही हो । जिसम पर ज्यादा बाल हों तो तंगहाल होवे । बुध की मच्छरेखा के वक्त (बुध नं० 7) बहन की जगह नर बच्चा बदलता जावे । शनि किसी दूसरे ग्रह के साथ हो तो

शनि से मुराद उसका बाप होगी । मगर वृहस्पति या सूरज के साथ शनि से मुराद उसका बाप न होगी ।

हर एक मन्दा ग्रह इस टेवे में ही होगा । जिसके खानदान में पहले उमदा ग्रह का पूरा सबूत हो चुका हो जिसे वह बुरा ग्रह बर्बाद कर सके । काग रेखा वहाँ ही होगी जहाँ मच्छ रेखा हो चुकी हो । अच्छे ग्रहों की यह शर्त नहीं ।

शनि ख़ाना नम्बर 2

माश सालम जो बैवकत शादी त्यौहार पकते हों ।

शनि होवे जब दूजे बैठा, गुरु का हो दरबार ।
वकत नसीबा अपना अच्छा, अज़/या वकत मुखतार ।
धर्म मन्दिर का साँप ही होगा, ज़ाहिरा बुद्धु पर आक़िल होगा ।
गर न होगा ज़ालिम न होगा, अदल–रहम–इन्साफ ही होगा ।
खुद कभी न दुखिया होगा, होगा जब तक सुखिया होगा ।
खुद मरे न किसी को मारे, गर मारे सुसराल ही मारे ।
दूध पिलावें सब को तारें, दुश्मन इनके सब ही मारे ।

वृहस्पति और शनि दोनों का असर बराबर होगा । गुरु उमदा शनि खराब । हर दो हालत का जवाब होगा । भगवान से डरने वाला होगा । साधारण गुजारा होती रहे । भूरी भैंस शुभ होगी मगर दो रंगी स्याह या अकेली स्याह शुभ न होगी ।

शनि ख़ाना नम्बर 3 (राशि फल का)

कीकर – बेरी – नकद रुपया की कमी के लिये राशि फल जिस के लिये केतु का उपाय मददगार । जायदाद के लिये ग्रह फल का ।

शनि कुण्डली घर तीसरे पाया, पर बैठे नहीं चैन कर ।
ज़हर छोड़ी फूँक छोड़ी, छोड़ता है मालोज़र ।

जो न वाकिफ इस के होंगे, उन से वह बचता रहे ।
खून उसका भाई बंदे, सब खराबी दें उसे ।
यदि न दौलत उस ने रखी, बदली जाये जायदाद ।
जितना – जितना वह उजाड़ें, होगा वह हरदम आबाद ।
शनि हो तीजे चन्द्र दसवें, गर हों बैठे वहां कभी ।
ऊर्ध रेखा डाकू होवे, कूयें हो मन्दे सभी ।
ज़हर जो साँपों में थी, अपने लिये ही ज़हर हो ।
भय जो लोगों के लिये था, अपनी ही वह कहर हो ।

आखों के बीमारियों का हकीम होगा । दक्षिण के दरवाज़ा का मकान या इस के आगे पत्थर का असर देने का सबूत होगा । नहीं तो नकद माया के इलावा बाकी हर तरह से शनि का उत्तम असर होगा। घर में केतु (कुत्ता) नकद दौलत के लिये शुभ होगा । लेकिन घर में पानी (चन्द्र) ये खुद अपनी मौत होवे । चोर डाकू भी बने तो भी दौलत के लिये निर्धन, बेहुनर और मनद हाल होवे । शनि नं. 9 को नं. 3 से दुश्मन ग्रह देखता हो और उधर मकान अंधेरे की पिछली दीवार तोड़ कर रोशनी हो जावे तो खुलने के पहले साल पिछली तरफ के मकान में से नये निकाले दरवाजे या ताकी की तरफ से तीसरा मकान बर्बाद और तबाह होगा । फिर तीसरे साल नये दरवाजे निकालने वाला घर बेआबाद होगा । **ऐसे व्यक्ति को बगैर तखतों के सिर्फ खाली चौकाठ घर में खास कर छत पर रखना स्त्री व लक्ष्मी के लिये मन्द भाग होगा।**

शनि खाना नं. 4

मकान – काले कीड़े – दूध का छींटा मददगार होगा ।

शनि हो चौथे घर माता के, नसल मामू नहीं छोड़ेगा ।
कुल अपनी को डूबोता जावे, खुद भी गोता खायेगा ।
चन्द्र दूजे या कि तीजे, शनि भी चौथे बैठा हो ।

पुत्री रेखा अब उत्तम होगी, सुख सागर सब लम्बा हो ।
चन्द्र शनि साथी होवें, दूध ज़हर मिल जावें दो ।
धन खजाना मन्दा होवे, शुक्र फल भी गन्दा हो ।
शनि 4 में गुरु हो ही तीजे, ऊध्र देखा कहलायेगी ।
सब को लूट खसूट इतना, जायदाद बन जायेगी ।

पानी का किनारा या कुयें आदि का साँप और खूनी मल्लाह होगा और खुद अपनी जायदाद जद्दी को कोयले ही कर के छोड़ेगा । **साँप को दूध पिलाना मुबारक होगा ।** जिस से चन्द्र का असर प्रबल हो जायेगा । **कुएं में दूध गिराने से चन्द्र का उत्तम होगा ।** औरत की कबूतर बाज़ी से शनि का असर मन्दा होगा। छाती पर कम बाल हों तो वे एतबारा ही होगा।

शनि खाना नम्बर 5

सुरमा स्याह – मूर्ख लड़का

शनि है पाँचवें लड़के खाता, या दुश्मन वह मकानों का ७
बाकी सब फल उतम होवे, शनि बृहस्पत दोनों का ।
केतु मालिक लड़कों का तो, राहु वली मकानों का ।
12 – 24 जो प्रगट हो, दूजा शुरु निनावन का ।

शादियाँ 7 तक होंगी । औलाद बहुत होगी । मगर आखिर में न होगी। भोला बादशाह। अकल का खाह अंधा मगर गाँठ का पूरा होगा । औलाद बर्बाद होगी । गर किसी तरह अपने ही अण्डे खाने वाली सपनल से कोई लड़का बचा भी रहे तो 48 साला उमर तक मकान या औलाद (वह भी सिर्फ एक लड़का) में से सिर्फ एक चीज़ कायम रहेगी । औलाद को तो सोने को लोहा कर देगी। अगर जिस्म पर बाल ज्यादा हों तो बेशक

चोर – फरेबी भी बने। फिर भी बद नसीब और मंदा हाल होगो। बुध का उपाय मददगार होगा।

शनि खाना नं. 6 (राशि का फल)

कौआ – राहु (काला कुत्ता) का उपाय मददगार होगा वास्ते ज़हमत बीमारी। बुध का उपाय वास्ते कारोबार मदद करे या मवेशियों की मदद के लिये बकरी शुभ होगी ।

शनि दूजे में नेक था, छठे हुआ बदनाम ।
शुक्र केतु भी मरे, सब मन्दे उस के काम ।
पापी मन्दे पाप तक, उमर 42 हो ।
कसम पावे वह पाप की, चाहे रवि भी 12 हो ।

24 साल लड़के पैदा हों जबकि शादी 28 के बाद हो। हुनरमन्द – अक्लमन्द। माँ पर घी ——थोड़ा थोड़ा । माड़ा पुत्त व खोटा पैसा फिर भी कभी न कभी काम आ ही जायेगा और ज़माने की सब स्याही धो देगा। जबकि वर्षफल में राहु ऊंच घर (3, 6) आ जावे । अगर शादी 28 से पहले ही हो तो शनि बुध की मय्याद तक माता व औलाद सब सफाचट कर दे। मगर लावलदी का हुकम नहीं लगा देगा। केतु (औलाद) की बरबादी को रोकने के लिए पूरा स्याह कुत्ता मददगार होगा । खाना नं. 2 में अगर शुक्र या चन्द्र हो तो शनि गाय, स्त्री, माता और धन पर भी बुरा हमला कर देगा।

शनि खाना नम्बर 7 (ऊंच)

स्याह गाय – सुरमा सफेद – बीनाई लाल या सफेद व लाल – गाय से शुक्र का असर मन्दा मगर स्याह या सफेद व स्याह दो रंगी गाय बुरा असर न देगी।

शनि हो सातवें 7 गुणा, धनी हो दौलतमन्द ।
ज़र पाये वह राज से, हो खर्चा लड़की 5 ।
परिवार बढ़े दौलत बढ़े, बढ़ेंगे शुक्र साथ ।
शुक्र (औरत) जिस दिन खतम हो, शनि होगा चुपचाप ।
शत्रु ग्रह 3–5वें आवें, सेहत मंदी पिता जला दें ।
साथी या मुशतरका होवें, शनि हो मन्दा शुद भी रोवें ।
सूर्य अगर हो चौथे बैठा, हिजड़ा बुजदिल होता है ।
नहोराता खाह आधा अंधा, टेवा ऐसा होता है।

जायदाद जद्दी (विरासत) तो बेशक इतनी न होगी मगर मासिक आय हज़ारों रुपयों की होगी। हुकमरान, दौलतमन्द, अक्लमन्द, (आँख की होश्यारी) दौलत 24 साल। हथियार का डर 27 साल उमर तक होगा। कतरे–कतरे से शरबत का कड़ाहा और अम्बार कर लेगा। परोपकारी तो धन कारामद वरना दुष्ट भाग्यवान होगा। मगर

धन का दूसरा दर्जा होगा। या आखिर बिन वर्ते ही चल जायेगा। न्यासरी माया होगी। जब शराबखोरी का दिलदादा हो। **मकान की दहलीज़ पुरानी लकड़ी की होवे और जन्म से पहले की जो लगी थी वही कायम रहे तो शनि नं. 7 का नेक फल कायम रहेगा । वरना शनि नं. 2 का फल देगा ।**

धनवान डाक्टर व हकीम होगा, बेशक पेशा हिकमत से बे बहरा हो। इन्जीनियर भी हो सकता है (बाकमाल)। अगर शनि सोया होवे और अपना तमाम ही दौरा सोया रहे तो पोते के जन्मदिन से सब कुछ ही काल माया या वीरान होवे। **जिस का उपाय बज़रिया मंगल या शहद शनि को जगाना होगा।**

शनि ख़ाना नम्बर 8 (पक्का हैड क्वार्टर)

बिच्छू - मौत का घर - कनपटी - पुड़पुडी

शनि है आठवें हैडक्वार्टर, घर तो मंगल का ही है।

जैसा मंगल हो शनि भी, असर मुसावी दो का है।
एक अकेला आठवें होवे, शुद कभी मन्दा न हो ।
मन्दा होगा मंगल से, या चन्द्र भी वहाँ बैठा हो ।

अकेले शनि का अब शनि की चीज़ों पर कभी मन्दा असर न होगा। **चन्द्र का उपाय करने से पता चलेगा कि शनि जो अपने हैड क्वार्टर में बैठा है** किस नीयत और तबीयत का है। कनपटी और पुड़पुड़ी भी बात का फैसला कर देगी। छाती पर ज्यादा बाल हों तो उमर भी गुलामी में रहे।

शनि ख़ाना नम्बर 9 (राशि फल का)

टाहली - फलाही - स्याह व पुरानी किस्म की लकड़ी वृहस्पति का उपाय मददगार होगा । बहैसियत त्यागी गुरु ।

9वें शनि सब से बली है, सिर्फ बुध से डरता है ।
बुरा यहाँ वह कभी न करता, तीन पुशत तक चलता है ।
60 साल तो उमदा होगा, बल्कि उमर हो सारी ही ।
शर्त वृहस्पति[1] इतनी करता, होवे पर उपकारी भी ।
मंगल यदि हो चौथे बैठा, शनि जलावे 9वें को ।
फूँक – फूँक कर दुनिया सारी, खुद प्लेगी चूहा हो ।

मकानों व मुसाफिरी के सामान की शिक्षा देने में कामयाब इन्सान होगा। हमदर्द व संबंधी होगा । घर में गढ़ा हुआ पत्थर अच्छा फल देगा। अब चन्द्र की खाना नंम्बर 3 की दृष्टि का कोई बुरा असर न होगा। मगर राज दरबार की पहाड़ पर कछवे की चाल चढ़ने वाला होगा । और पेशानी या पुश्ते पर ज्यादा बाल हों तो मन्द भाग होगा । अगर खुद बदला लेना नहीं तो औलाद को बदला लेने की नसीहत कर के मरने वाला हो तो मन की दलीलें होंगी । घूमता पत्थर (Rolling Stone) होगा।

जबकि शनि पापी ग्रह बैठा होवे जिसका सबूत राहु केतु का किसी न किसी तरह से आ मिलने का होगा । आमतौर पर भारी परिवार व जायदादों का मालिक होगा स्त्री भाग (शुक्र) में सब तरह से उत्तम मगर चन्द्र (माता) भाग में मन्दा होगा । जिसके लिये भी वृहस्पति का उपाय सहायक होगा । या माता पिता के बैठे (जो अमूमन लम्बी उमर के होते हैं) न कभी मन्दा हाल होगा । मगर बाद में पत्थर का सहारा ज़रुर काम का होगा । वरना साँप की तरह उसे हर एक लकड़ी से मार देने को होगा । नीज़ शनि ख़ाना नं० 3भी देखें ।

शनि ख़ाना नम्बर 1 (पक्का घर - घर का)

ग्रह फल का - किस्मत को जगाने वाला - मगर मच्छ - साँप - शनि के ज़ाति असर का घर ।

10 वें शनि हो जब आ बैठा, शेष नाग सिंहासन हो ।
नज़र ग्रह सबकी का मालिक, उमर बढ़ाता पिता की हो ।
वृहस्पति की करवाये सेवा, दुनिया गुरु को पूजेगी ।
राज सभा सब शादी अन्दर, पहले गणपति मानेगी ।
खुद शनि उत्तम होगा, धन दौलत शाहाना हों ।
हथियारों से हत्या करनी, वर्ष 27 मन्दे हों ।

जन्म कुण्डली में ख़ाना नम्बर 1 का शनि ज़ैल सालों में चारों तरफ मार करता है और शनि वृहस्पति मुशतरका - फकीर की झोली का असर देगा । जिसका फैसला ख़ाना नं० 1 के ग्रह करेंगें । और कुण्डली में विशेष ही होगी ।

3-9-15-21-27-33-39-45-51-57-63-69-75-81-87-93-99-105-111-117- एक जमा सिफर = 1 या दसता द्वार आखिरी मैदान। सब की किस्मत गणेश जी की तरह उत्तम फल देगा । पिता का कम

से कम 48-24 साला उमर तक साथ होगा - चारों तरफ को मुड़ जावे । सब ग्रहों की नज़र का मालिक होगा ।

शनि ख़ाना नम्बर 11 (घर का)

ग्रह फल का – लोहा – बहैसियत हलफ़ उठाये हुये सिर्फ राहु (सुसराल) केतु (औलाद) के कामों या किस्मत के नतीजा की किस्मत का मालिक ।

11 शनि है बैठता, वृहस्पति के दरबार ।
हलफ गुरु से पहले लेवे, फैसला हो दर बाद ।
खुद शनि अब याद करके, दूध अपनी माता का ।
खुद तरे सब को वह तारे, ज़हर है नहीं उगलता ।
राहु केतु जैसे होवें, फैसला इन पर करे ।
तारें चाहे वह मारें मरज़ी, नाग रक्षा ही करे ।
मिय्याद ऐसी इनकी होगी, साल 48 ही तक ।
खुद शनि फिर मदद देगा, साल 84 ही तक ।
ग्रह उत्तम को वह बढ़ा कर, जल्दी जल्दी खुद बढ़े ।
सिर्फ बुध से है वह डरता, ता न हो घर तीसरे ।
शनि 11 खुद घड़ा है, बुध मगर उलटा घड़ा ।
सिर्फ इतना ही नहीं बुध, घूमता कच्चा घड़ा ।
शनि वृहस्पति 11 राशि, बुध से दोनों चलते है ।
बुध दबाया हो या मन्दा, दोनों निष्फल जाते है ।

अगर मूँछ दाढ़ी के बाल कम हों तो खुद पैदा करता जायदाद न होगी – तो केतु (औलाद) की आमदन नष्ट होगी । दृष्टि ख़ाना नं० 3 अगर खाली हो तो शनि सोया हुआ होगा । भरा हुआ पानी का घड़ा तो किस्मत का बेशक होवे परन्तु बरतावा तो गुरु वृहस्पति ही होगा । यानि इसकी किस्मत का फैसला वृहस्पति के हाथ होगा । अगर वृहस्पति भी

निकम्मा हो या पिता, बुजुर्ग, गुरु या पिछला साल बूढ़ा कोई साथी न हो तो वृहस्पति का उपाय सहायक होगा । ख़ाना नं० 3 का ग्रह किस्मत को जगाने वाला होगा । जिसके द्वारा वह चालाक आँख और धोखे से धन कमावे । विभिन्न स्त्रीयों के सम्बंध से एवं शराब खोरी से शनि का नेक असर बुरा होगा । चन्द्र की सहायता या पूजा से (चाँदी की ईंट) धनवान होगा।

शनि ख़ाना नम्बर 12 (गृहस्थी – परिवार)

मसनूई ताँबा – मछली – तख्तपोश – बादाम – ज़मीन में लाल फूल दबाना (जब सूर्य नं० 6 हो) शुभ होगा ।

शनि बैठा जब आ घर 12, राहू केतू नहीं बोलते हैं ।
कागज़ उन्हों के हुये हैं फ़र्जी, मदद बुध की ढूँढते हैं ।
बुध खुद अब कहीं हो बैठा, बैठता चुप चुपाती है ।
शेष नाग प्रबल है बैठा, खेलता वह परिवार में है ।
खेल तमाशा अच्छा होवे, अँधेरा जब तक न घटे ।
सूर्य बैठे न आ जावे 6 वें, न पिछली दीवार फटे ।
मच्छ मुआवन दोनों रेखा, पदम छुपा भी पाया हो ।
झठ, शराबी खैर वह ही, असर शनि का पाया हो ।

गृहस्थी साथी कीड़ों के भवन की तरह बड़ा कबीला बन जायेंगे और अपनी अपनी खुराक साथ लायेंगें । सर पर बोदी हो तो वह दौलतमन्द जरुर होगा । जब तक सूर्य नं० 6 में न हो, कोई उपाय ज़रुरी न होगा । अगर अँधेरा हटा कर (पिछली अँधेरी कोठरी जो मकान में दाखिल होते वक्त दायें हाथ की स्याह पोरी होती है आखिर पर) रौशन हो चुकी हो, तो उस **मकान के दक्षिण, पूर्व कोने में (मकान कुण्डली ख़ाना नं० 12) बादाम तह ज़मीन में दबाना शनि को कायम रहने में**

सहायता देगा । सब से बेहतर तो है यही कि पिछली दाँई कोठरी को पूरी स्याह ही रखा जाये ।

राहू – रहनुमाये ग़रीबाँ (मुसाफिराँ)

राहू मालिक है लहर दिमागी, बिजली कड़क भी होता है ।
रंग शाम या नीला उसका, काम चमक के करता है ।
शनि मंगल का हाथी होवे, पदम, शरम भी मिलता है ।
चन्द्र को यह मध्यम करे तो, ग्रहण सूर्य का होता है ।
गुरु के साथ धूआँ हो सकता, बुध को उड़ता करता है ।
रहे शुक्र का शत्रु हरदम, सरदार केतु हो चलता है ।
भूंचाल आतशी जिसदम होवे, खून अचानक करता है ।
गरमी सूर्य से और भी बढ़ता, ठण्डा चन्द्र से होता है ।
हड्डियाँ पुश्त या सीना मर्द की, हाथ के नाखुन होता है ।

आँख चशम आवाज़ हो हाथी, *फैसला कुन राहू होता है ।*

शमशान[१०] बैठे आसमान (नं०12) है उड़ता, ऊँच पाताल (नं० 6) में होता है ।
मंगल कुण्डली बैठे 12, *समाप्त राहु हो जाता है ।*
असल बैठक गुरु – मंदिर (नं० 2) होवे, 11 गुरु को मारता है।
सूर्य को घर 5 वें तारे,
कस्म पाप चौथे करता है ।

****

राहू ख़ाना नम्बर 1 (राशि फल का)

ठोड़ी – नाना – नानी । सूर्य का उपाय सहायक होगा । ग्रहण दो साल । महादशा 18 साल

राहू पहले तख्त पर तो, *तख्त थर्राने लगा ।*
सूर्य बैठा जिस हो घर में, *ग्रहण वाँ आने लगा ।*
बिगड़ा ख्याल उसका धन करज़ा कर दिया,
राहू चढ़ा दिमाग पर चरखा चरखा उलट गया ।
साल मन्दे 20 – 18, *शर्त यह राहू की है ।*
दान रक्षा सबने माना, *सूर्य की चीज़ों से है ।*

सामने घर का हाल (राहु की चीज़ों में) मन्दा होगा । तबदीली होगी मगर तरक्की की शर्त नहीं । शुक्र, बुध या दोनों में से कोई एक भी उमदा होवे तो राहु के ग्रहण या तबाही के नुकसान से बचाव रहेगा । मगर फरज़ी अँधेरा फिर भी होगा । खुद अपने दिमाग़ की शरारत बाइसे खराबी हो । **बिल्ली की ज़ेर (झिल्ली) गन्दगी कपड़े में शुभ होगी ।**

राहू ख़ाना नम्बर 2 (ग्रह फल का)

हाथी के पाँव की मिट्टी – सरसों – सुसराल – कच्चा धूँआ । जब शुक्र के खिलाफ चले चाँदी की गोली मददगार होगी ।

राहु केतु दूजे 8 वें / 8 वें दूजे घूमती ग्रह चाल हो ।

सोना मिट्टी / मिट्टी सोना दोनों ढंग का हाल हो ।।

झुलता पंघूड़ा किस्मत, *ठहरता वह है नहीं ।*
रोके गर, तो चन्द्र रोके; *रुकता घर वह है नहीं ।*

राजा हुकमरान होवे पर न मन्दी गुज़रान होवे । बल्कि उमद लम्बी का ज़रुर साथ होवे । अगर धर्म मन्दिर भी हो तो हाथियों का स्थान और हाथियों की खुराक देने की किस्मत व हिम्मत का साथ होगा ।

राहू ख़ाना नम्बर 3 (ऊँच)

तेन्दुआ ज़बान–जौ – रिश्तेदार – स्याह रंग – हाथी दाँत शुभ न होगा।

राहू तीजे त्रैलोकी के, *शत्रु दुश्मन नाश करे ।*
धन दौलत हो औरत सुखिया, *रवि आयु प्रकाश करे ।*
तरक्की की शर्त है तबदीली की नहीं ।

अधिक जायदाद वाला होगा । दुश्मनों पर तलवार होगा । अगर कोई भी ग्रह साथ या साथी होवे तो (औलाद) केतु का हाल मन्दा होगा । जिसका बुरा असर 34 साला उमर तक होगा । अगर सूर्य बुध मुश्तरका भी राहू के साथ ही नं० 3 में हों तो राहू का सूर्य (राज दरबार खुद इसका जिसम) पर तो बुरा असर न होगा मगर इसकी बहन का सूर्य (राज दरबार बगैरा) मन्दा व बर्बाद होगा । **जिसके लिए चन्द्र का उपाय बहन को सहायक होगा ।** नीले आसमान व नीले समुन्द्र की दरमियानी जगह के सब दुश्मनों को कैंची की दो शाखी की तरह दबा कर एक ही दम में काट देगा । गहरी हथेली का मालिक या जायदाद रुपया जमा छोड़कर मरने वाला होगा । मगर बिना पुत्र के न होगा ।

राहू ख़ाना नम्बर 4

खवाब या खवाब का ज़माना – धनिया – सोया दिमाग

राहू केतु घर चौथे, *माता चन्द्र से डरते हैं ।*
तारे उसे न तारे मरज़ी, *कसम पाप की करते हैं ।*
ग्रहण हुआ जब माता घर में, *माता खुद शरमाती है ।*
निसफ उमर तक पानी डूबे, *धन दौलत भी डरती है ।*
पहली उमर गर मन्दे होवें, *दूजे चक्कर वह अच्छे हैं ।*
ग्रहण गुज़रते[१] दोनों भाई, *लेखा पूरा करते हैं ।*

इल्मो अकल का तो ज़रुर साथ होगा और फायदा लेगा मगर जद्दी जायदाद (चन्द्र का असर – ज़मीन खेती वगैरा) कम ही होगा । राहु का बुरा समय फिक्रो ग़म में बरबाद होगा जिसके दूर होते ही सब कुछ बहाल होगा । मन्दा

ज़माना मानिन्दे ख्वाब होगा।

राहू ख़ाना नम्बर 5

छत - औलाद का सुख व तादाद उमर

राहू गिना गर धूँआ है भट्टी, घर 5 वें हो दिया न बत्ती ।
21 साला जो लड़का होवे, बाबा रहे तो न पोता होवे ।
उमर 42 एको होवे, गर न होवे सुसराल न होवे ।
सूर्य अगर वाँ पहले होवे, फल राहु का उमदा होवे ।
चन्द्र ही गर साथी होवे, भूचाल राहु का ठण्डा हो ।
गर न होवे माता न होवे, गर होवे मच्छ रेखा[1] होवे ।

ब्रह्म जैसा व आबाद होगा । या लक्ष्मी पर हाथी का साया होगा । चन्द्र के इलावा अगर मंगल शनि का साथ हो जाये या सूर्य ही आपसी दीवार के साथ के घर होवे तो तादाद औलाद पर बुरा असर न होगा । बड़ा भाई मच्छ रेखा का मालिक । उससे छोटा मगर खुद से बड़ा औलाद में सिफर होगा । और खुद वह 5 लड़कों का बाप होगा । सबके सब बड़े भाई से लेकर नीचे औलाद तक शाहाना हालत और राज योग होंगे **बशर्ते कि राहु (दहलीज़) उमदा बल्कि चाँदी की (सारी दहलीज़ के नीचे चाँदी की पत्तरी जो किसी तरफ से भी गोलाई पर न हो) मौजूद हो ।** और दक्षिण के दरवाज़ा (बड़ा दरवाज़) का साथ न हो । नहीं तो राहु का वही कच्चा धूँआ होगा जो इसका जरुर धूँआ निकाल देगा । या ज़ेरबार करके तबाही का धक्का लगाता जायेगा ।

अरुण संहिता (लाल किताब) सामुद्रिक – 91

वर्षफल में राहु नं० 5 का मन्दा असर अगर उसकी औलाद पर न हो तो पोते पर ज़रुर मन्दा होगा ।
अगर सूर्य या चन्द्र या मंगल .खाना नं० 4-6 या 12 में हो तो तादाद औलाद नर 5 से कम न होगी ।

राहू ख़ाना नम्बर 6 (ऊंच)

काला कुत्ता (पूरा काला व स्याह) किस्मत को जगाने वाली ।

राहू 6 वें ऊंच है, केतु ऊंच है 12 ।
फल दोनों का है वही, जो शनि घर 12 ।
पापी ग्रहों का मेल है, कुत्ता पूरा काला ।
पाताल नीचे से वह परबत होवे, 9 ग्रह राशि 12
तरक्की की शर्त है तबदीली की नहीं ।

खुद अपनी व सुसराल की किस्मत मानिन्द कौसो क़ज़ाअ होगी । दुश्मनों के मुकाबला में वह निहायत ही गहरी पाताल की तह को फौरन एक निहायत ऊंचा पहाड़ कर दिखावे । दिमागी संबंध में राहु का फल उमदा होवे । मगर इसके घर में चचा उठे भतीजा बैठे । दीवार खाना क़ायम रहे की तरह बीमारी का साया ज़रुर रहे । जब तक कि वह मंगल से दूर रहे । **स्याह शीशे या सिक्के की गोली (गोल चीज़) शुभ होगी।**

राहू ख़ाना नम्बर 7 (राशि फल का)

सट्टा का व्यापार - शनि का उपाय सहायक (नारियल) बुध - शुक्र का तराज़ू ।

राहू 7 वें तुला भी उलटे, औरत मन्द परिवार।
दौलत का वह राखा होवे, चाहे दोस्त व यारां ।
शनि देव ही रक्षा करेंगे , शत्रु मरे दरबारां ।
मच्छ रेखा फल उत्तम देवे, बुध शुक्र 2-11 ।

अरुण संहिता (लाल किताब) सामुद्रिक – 92

खुद अपना खून माता पिता व औरत बगैरा गृहस्थी साथियों (जानदारों) का मन्दा असर होगा । जिसके ज़ेर साया रहे वही वृक्ष बर्बाद हो । या लावल्द होवे । केतु कुत्ते का तअल्लुक बाइसे तबाही होगा । वरना गिनती का मालदार होगा । लेकिन अगर पेशा भी राहु का होवे तो दर जहाँ ही न होगा । (36 साला उमर तक)

राहू ख़ाना नम्बर 8 (पापी हैड कव्वाटर में)

मरज़ झूला – मालीखौलिया – दीवार की अंगीठी का धूँआ
राहू घर 8 वें में होवे, घोड़ा चढ़े घर छता ।
किस्मत की दो पलटी होवे, दीवारें खड़ी बिन छताँ ।
28 साला गर मंगल आवे, या शनि खु फेरा पावे ।
सोया नसीबा पकड़ जगा दे, घर उजड़े आबाद करा दे ।

खुद ज़ाती खयाल के मन्दे नतीजे व खोटे काम हों । मौतें 5 साल साथ रहें । घूमती ग्रह चाल हो । **चाँदी के चौकोर टुकड़े ¤ के उपाय से** हाथी (राहू) अपने तवेला (हैडक्वार्टर) से बाहर आकर अपनी नेकोबद तबीयत व नीयत का सबूत देगा दक्षिण का दरवाज़ा या दक्षिण की दीवार में चूल्हा (धूँआ) मन्दा साबित होगा । (सबूत देगा) लेकिन इसमें सबसे बड़ा या स्याह रंग होवे तो नेक फल देगा ।

राहू ख़ाना नम्बर 9 (नीच)

दहलीज़ - नीला रंग - सूर्य ग्रहण (राज दरवार) पूरा और मन्दा और चन्द्र के लिये बिलकुल ग्रहण होगा । चण्डी से ऊपर की बीमारियाँ ।

राहू 9 वें जब हुआ, चुप वृहस्पति हो ।
धर्म छोड़ खर्चा करे, औलाद में देरी हो ।
उमर 21 लड़का मिले, हो बाद 42 दो ।

पोता जब 21 करे, वृहस्पति वहाँ न हो ।
भाई बहन से गर लड़े, मन्द नसीबा हो ।
चूल्हे अग्नि उस बुझे, कच्चा धूँआ हो ।

पागलों को दम में सलाह देगा । मरते को फूँक से ही हटा देगा । हक़ीकी भाई बहनों से इत्तेफाक पर बरकत होगी । वरना बिना सन्तान का पूरा सबूत होगा । कर्म धर्म से दूर हो तो औलाद निकम्मी, नालायक या न ही हो मगर शनि के संबंधित कारोबार से बुरा असर न हो ।

राहू खाना नम्बर 1 (शक़्की)

गन्दी नाली – गरकी – गन्दे पानी का गढ़ा (तालाब)

घर 10 वें में तीन ग्रह ही, चलते शनि से हैं ।
राहू केतू और बुध तीसरा, तीनों शक़्की हैं ।
घर 10वें में राहू बैठा, चन्द्र होवे चार ।
सर उसका फट जायेगा, मन्दी सोच विचार ।
गर टेवा कोई अन्धा होवे, हाथी अन्धा हो ।
गैरों से वह डर कर भागे, मारता कुल खुद अपनी हो ।
शनि अगर वाँ उत्तम होवे, हाथी शेर शिकारां ।
दुश्मन उससे कोसों भागें, उमदा हो गुलज़ारां ।

कम नज़र या कम उमर होगा अगर मंगल का साथ न हो । नंगा सर स्याह लिये फिरना राहु की मन्दी हालत का पूरा सबूत होगा। मन्दे वक्त मंगल का उपाय सहायक होगा ।

राहु खाना नं० 11

नीलम

हलफ से जो बात करते, है यकीन होता नहीं ।

राहू 11 आ जो बैठे, वृहस्पति वाँ होता नहीं ।
वृहस्पति भागे पापी मांगे, भागता संसार है ।
शनि गर हो तीने पाँचवें, योगी आलंकार है ।
एक से ग्यारह हुये तो, पापी होंगे आप से ।
धन न चाहें माँ से अपनी,न ही लेंगे बाप से ।
६ ग्रह ही मुर्दा होवें, पापी यहाँ मरते नहीं ।
जिस को तारे पूरा तारें, धोका वह करते नहीं ।

वृहस्पति कायम रखना ज़रुर होगा । जो अमूमन होता ही नहीं वरना कर्ज़ा खड़ा और धन दौलत खराब होंगे । और केतू (औलाद भी) मन्दे दरवेश की तरह मन्दा और कम कीमत होगा । या 36 साला उमर तक वह सिफर होगा ।

राहू खाना नम्बर 12 (नीच)

पक्का घर व ग्रह फल का (मन्दा) कोयले –
हाथी – समुद्र का तेन्दुआ – खोपरी

6 में राहु कौसो कज़ाह या, 12 में वह धूँआ है ।
लकड़ी (शनि) मीठी पवन (वृहस्पति) भी मीठी, असर मगर अब बुरा ही है ।
राहू बैठा बारहवें जब, शुक्र हो घर ग्यारां ।
कन्या उस घर बहुत हों, और धन भी उसी रफ़तारां ।
मंगल भी घर 12 होवे, राहू ख्तम हो जाता है ।
हाथी महावत दोनों मिलते, सामान शाही हो जाता है ।

कच्चा धूँआ मगर किस्मत के असर में कोई काम की आग न होगी । गर होगी तो न सिर्फ खर्चा हाथी होगा बल्कि गृहस्थी सुख में हाथी की मन्दी लीद पड़ती होगी । मुकद्दमाये फौजदारी व चोरी, झगड़े आम होंगे। लड़कियों की ज्यादती और बाइसे खर्चा ज़रुर होंगी ।

केतू – दरवेश (आक़िबत अन्देश)

केतू छलावा है चलो चलीका, पापी बुरा ही होता है ।
मरे न खुद वह मरने देवे, चारपाई नहीं छोड़ता है ।
ग्रह जब तक कोई एक हो चलता, केतू चला ही चलता है।

रवि को गर वह मध्यम करे तो, ग्रहण चन्द्र को करता है ।
केतू मिला जब शनि मंगल से, ऐसा बुरा नहीं होता है ।
साथी मगर जब तीसरा होवे, फल तीनों का ही मन्दा है।
गुरु मिले तो सबसे उत्तम, माता मिले खुद मंदा है।
बुध मिले खुद दुष्ट कहावे, मदद शुक्र की करता है ।
पाताल पक्का घर 6 वां होवे, नीच वहां यहु होता है ।
घर 12 आसमान पे चढ़ के, दुनिया से ऊँचा होता है ।
पहले घरों में जो केतु होवे, गुरु मंदा हो जाता है ।
उलट अगर हों टेवे बैठे, भला चन्द्र नहीं होता है ।
चन्द्र अगर बद – मंगल रोके, केतु बद मंगल करता है ।
बुध केतू दो आपस लड़ते, बद मंगल भी डरता है।
कुत्ता बने केतू दुनिया के कुत्ते, लड़का – आसन गुरु होता है ।
शत्रु ग्रह घर जब यह झगड़े, नष्ट सभी का होता है।
राहू पाप गर ख़ुफ़िया होवे, केतू ज़ाहिरा ही चलता है ।
शारअ – आम में दोनों मिलते, मार दो तरफी करता है ।
मकान गली का आखिरी होवे, औरत ज़ात पे पड़ता है।
हवा चलेगी भूत – प्रेती, बच्चों पे हमले करता है ।
शनि की माता बच्चे खावे, कुतिया कोई बच्चे खाती है ।
बच्चा अगर कभी एक ही होवे, नसल क़ायम हो जाती है ।
चाल राहू की टेढ़ी गिनते, सीधी केतू नहीं होती है ।
बुध ने पकड़ा पाप है दुनिया, मदद चन्द्र से होती है।

कान पीठ गरदन या पाँव, नाखुन भी उनके होता है ।
रफतार गोलार्द या बल गरदन पर,फैसला कुल केतू होता है ।

केतू ख़ाना नं० 1

टाँग – नानका घर – हवाये बद –
धुन्नी से नीचे के हिस्से में बीमारियाँ ।

केतू जब घर पहले आवे, जन्म मुसाफिर – ख़ाने[1]पावे ।
जिधर जिधर वह कदम रखेगा, मिट्टी उड़ती साथ ।
बाऊ – बगोला तूफानी बने वह, मारेगा घर छह सात ।
पापी ग्रह तीनों गिने, केतु भी बदनाम ।
जो मारे न जान से, मिट्टी गरदो आम ।
न इधर मारा, न उधर मारा ।
हो अगर मारा, जन्म स्थान ही मारा ।

जिस घर में जन्म लिया वह मकान न होगा । जिस रिशतेदार के वहां पैदा हुआ वह ख़ानदान न रहा । फिर भी रहा ता मामूँ खानदान बाक़ी न रहा । अगर रहा तो स्त्री सुख व औलाद संबंध भी हल्का रहा । मगर सूर्य बैठा होने वाले घर का असर और खुद सूर्य का संबंध हर तरह से नेक रहा । बेशक सूर्य किसी भी घर और किसी भी हालत में हो बैठ रहा, जब बाप की किस्मत मँदी हो, तो ऐसा लड़का किस्मत में ज़रुर मदद देगा । और बाप को ज़रुर तार देगा । हालांकि सूर्य केतू आपस में दुश्मन हैं – केतू कुत्ता अगर हड़काया भी होवे, तो भी अपने मालिक, बाप, बली या सर – परस्त को ज़रुर ही छोड़ देगा ।

केतू ख़ाना नम्बर 2 (ग्रह फल का)

इमली – तिल

केतू अदूजे गोबर गाय, ब्रह्म गुरु अस्थान हो ।
माता को बेशक न तारे, औरत का अभिमान हो ।
घूमती किस्मत सही, पर नेक और बहबूदा हो
सफर इसको बहुत लिखा, हुकमरान आसूदा हो ।

हर नया सफर तरफ की तबदीली पर होगा । यानि पहिले अगर दक्षिण को जावे – तो फिर वापिस मगर पश्चिम में ठहिरे फिर पूर्व में आवे । आमतौर पर तबदीली की शर्त ज़रुर होगी मगर तरक्की की शर्त नहीं।

सख़ी – सरवर – सफर और तबदीली मुक़ाम का मालिक होगा। (नेक मायनों और नेक असर में) । वृहस्पति गुरु या सोने की नक़ल करेगा – या नकली सोने की तरह की किस्मत होगी । (उमदा हालत में)

केतू ख़ाना नम्बर 3 (नीच)

रीढ़ की हड्डी - केला (फल) - फोड़े फुन्सी । चलते पानी में चन्द्र सूर्य की संबंधित चीज़े डालना शुभ होगा । जबकि सफर में धकेले - या वृहस्पति की चीज़ें जब फोड़े गुमटे पैदा करे ।

केतू घर जब तीजे आवे, भाइयों से वह तंग करावे ।
औरत घर सुसराल हों मंदे, सालियां बेवा पड़ेगी पल्ले ।
केतू तीजे मंगल 12, मच्छ मुआवन दोनों तारां ।
24 साल में उत्तम होवे, या जब लड़का पहिला होवे ।

कानों में सोना (नन्तियां) शुभ होगा । नेकी को याद रखने और बदी को भुला देने वाला खुद व खुद बिन बुलाये सहायता के लिये

आ हाज़िर होने वाला व्यक्ति होगा । बुध (लड़की ज़ात) का बुरा फल होगा । उलझन में जकड़ा हुआ फकीर होगा। या बिना - कारण औरत से जुदाई का वक्त भी होगा । भाईयों से दूर परदेस की ज़िंदगी या भाई उससे दूर परदेस में होगे ।

केतू ख़ाना नम्बर 4 (राशि फल का)

सुनना (कानों का तअल्लुक) वृहस्पति का उपाये सहायक होगा । चन्द्र ग्रहण होगा (एक साल अवधि)

केतू चौथे जब हुआ, कुत्ता कूऐं में हो ।
न चन्द्र खुद अच्छा रहा, न केतू उमदा हो ।
गुरु उपाये गर करे, दोनों दुख हों दूर ।
कुल उसकी चलती रहे, माया मिले ज़रुर ।

लड़कियां ज्यादा मगर कमाल का आदमी होगा । नर औलाद का मंदा ही हाल होगा । पर खुद न कभी वह तंग हाल होगा । यह सब केतु की उमर का हाल होगा ।

केतू ख़ाना नम्बर 5

पेशाब गाह

केतू घर है पाँचवें, रवि गुरु के घर ।
जैसा हाल बृहस्पति होवे, वैसा ही केतू घर ।
गर शर्तें न पूरी होवें, 24 बाद ज़रुर ।
दुख दलिदर सब कुछ बदले, बदले हाल ज़रुर ।
वजह फरक़ घर 9 में होगी, नज़र न भूले जो ।
फल (औलाद) कड़ता तब ही हुआ, जड़ में आँक (शनि)जो हो ।

अगर वृहस्पति मंदा हो तो 45 साला उमर तक घर में नर औलाद की जगह कुत्ते के रोने की आवाज़ आयेगी या औलाद को दम (दमा) की तकलीफ होगी । अगर शनि का भी संबंध हो जाये तो जड़ (3 नर औलाद) नष्ट होगी । जो शनि की अमर (36 साला में) बहाल होगी । वृहस्पति उच्च क़ायम या उम्दा हो तो केतु का फल उम्दा मगर खुद वृहस्पति का मंदा होगा । वृहस्पति, सूर्य या चन्द्र 4, 6, 12 में हो तो नर औलाद 5 से कम न होगी ।

केतू ख़ाना नम्बर 6 (पक्का घर - नीच)

ग्रह फल का - घर का - पूरा चन्द्र ग्रहण - ख़रगोश - चिड़ा (चिड़िया का नर) - परदेस - पूजा स्थान

केतू 6 वें नीच है, दुश्मन पराजित ही हों ।
माता मामूँ हो मन्दे, पर खुद न मंदा हो ।
गर मन्दे ग्रह हों सभी, केतू (लड़का) मदद करे ।
बुध (लड़की, बहन) से न झगड़े कभी,
न शुक्र (औरत) मदद करे ।
केतू की चीज़ों पे केतु (लड़का) मंदा, पर मंदा न दूसरों पर ।
गर दूजा कोई साथ ही होवे, खुद मंदा बुरा दूसरों पर ।
सोने की अँगूठी बाऐं हाथ में शुभ होगी ।

बुरे समय में शेर के जाल काटकर छुड़ाने वाला मारा मूसा होगा । अगर वृहस्पति उत्तम हो तो नर औलाद व धन दौलत की आमद पर आमद होवे । वरना काट खाने वाला कुत्ता होगा । इस घर में यह शुक्र की भी मदद नहीं करता और न ही मामूँ खानदान पर मेहरबान होगा । मगर बुध बहन से कोई झगड़ा नहीं करता ।

केतू खाना नम्बर 7

दूसरा लड़का – सूअर – गधा

केतू जब घर 7 वें आवे,दुश्मन वह सब मार हटा दे ।
कुत्ता राज बैठा लिया, मुड़ चक्की चट्टन जा ।
24 साल ही गुजरते, धन 40 साला आ ।

सामने घर का हाल मंदा होगा (केतू की चीज़ों में) लड़के की उमर / 48 वर्ष केतू ज़रब 8 कुल उमर केतू = साल की आमदन/के बराबर धन होगा ।

अगर बुध (क़लम) का साथ होवे तो 24 साला उमर तक दुश्मन ज़रुर गले लगे रहें । लेकिन बाद में वह सब को ही कुत्ते की तरह मार भगा दे । धन जब आने 4 बरकत व गुज़ारा साथ ही ले आवेगा ।

केतू ख़ाना नम्बर 8

कान (सुनने की ताक़त) – छलावा – धोका बाज़

केतू जब 8 वें हुआ, पत्थर हों पिस्तान ।
कुत्ता सोया छत पर, लड़का हो कब्रस्तान ।
पानी बरसे औलाद का, जब चन्द्र दूजे हो ।
जब चन्द्र भी हो बुरा, चन्द्र पालन हो ।

खुद अपनी उमर लम्बी होगी । मगर केतु की उमर (48 साला) तक औलाद से दुखिया या महरुम ही रहे । अक्सर केतू का असर मंदा होगा । या शेर की नींद वाला सोया हुआ कुत्ता होगा । **दो रंगे कम्बल (स्याह सफेद) का टुकड़ा शमशान भूमि में दबा देना शुभ (वास्ते औलाद) होगा । अगर कोई और ग्रह भी नं० 8में साझां हो तो उस ग्रह की संबंधित चीज़ को भी कम्बल में बाँध कर साथ ही दबाना होगा ।**

केतू ख़ाना नम्बर 9 (उच्च)

दो रंगा कुत्ता – घर में सोई हुई कुतिया
और उसके बच्चे शुभ होंगे ।

केतू 9 वें पिता को तारे, तारता नहीं वह मामों को ।
औलाद तो होगी गिनती की ही, पर सुखिया व उम्दा हो ।
मात पिता घर दोनों तारे, चन्द्र जब गुरु उम्दा हो ।
जो ग्रह दोनों से रवि होवे, तरफ वही ही मंदा हो ।
घर तीजे जब दुश्मन होवे, लड़का भी हो मंदा ।
साल[1] गुजरे ग्रह 7 वें के, होगा फिर वह उम्दा ।

तरक्की की शर्त है तबदीली की शर्त नहीं । सूअर की बहादुरी और कुत्ते की वफादारी दोनों सिफतों का मालिक होगा । औलाद नर ज्यादा से ज्यादा 3 कायम होगी । मगर हर तहर से मुकम्मल और बा आराम जिदंगी वाली होगी । गुज़ारा परदेस में ज्यादा होगी । मगर नेक हालत में । दौलतमंद होगा मगर खुद दस्ती काम व अपनी ही हिम्मत से रौनक लेगा ।

बिना संतान वालों को सन्तान और नामर्दों को मर्द करने में इसकी आर्शीवाद हुकम विधाता होगी । **घर में सोने की चौकोर ईंट कायम रखना बिलकुल ही शुभ होगा । वरना कानों में सोना भी सहायक होगा ।**

केतू ख़ाना नम्बर 1

चूहा – फैसला शनि से होगा – मंगल का उपाय मदद देगा ।
केतु घर 10 वें का शक्की, कुत्ता लड़का मंदे ।
मंगल चाहे घर 10 वें होवे, फिर भी दोनों मंदे ।
शनि अगर घर अच्छे होवे, मिट्टी सोना होवे ।
बुरी जगह जब नाग जा बैठे, सोना मिट्टी होवे ।
अब उपाउ केतु होगा, या चन्द्र का पानी ।
महल मकानां नीचे देवे, दूध शहद वह प्राणी ।
अकेला हो केतू जब घर 10 वें, मदद मंगल से होगी ।
पर जब हो दो इकट्ठे बैठे, दया चन्द्र की होगी ।

दौलतमंद तो ज़रुर होगा मगर अय्याश व बद फेल भी होवे । शनि का फैसला बता देगा कि पग 12 (मिट्टी से सोना बनता) और 3 काने (सोने को हाथ डाला तो मिट्टी हो गई) कब और कहाँ होंगे । 45 साला उमर में केतु का संभालना एक क़ीमती चीज़ होगी । यानि **खालिस चाँदी का बरतन शहद से भर कर पहले ही रख लेवे । 48 के बाद केतु का साथ (कुत्ता) सहायक होगा** । केतु नं० 1 और शनि नं० 4 में हो तो 3 नर औलाद बे माइने होगी । जिसका इलाज वही है जो केतु नं० 8 का है।

केतू ख़ाना नंम्बर 11

क़ीमती दो रंगा (स्याह व सफेद) पत्थर – स्याह कुत्ते का तअल्लुक सबसे नेक होगा – केतु कायम

रखना मुबारिक ।

केतु 11[२] –ग्यारह गुण हो, धन दौलत हो उम्दा ।
पर खुद केतु[३] शनि दोनों का, फल होगा ही मंदा ।
जायदाद न उतनी होगी, जितनी खुद बनावे ।
बुध अगर न तीजे बैठे, केतु राज करावे ।
गर बुध उसके तीजे आवे, केतु मारे चीखाँ ।
किस्मत की दौरंगी होवे, रोवे अपने लेखाँ ।

ऐसे टेवे में चन्द्रमा मंदा होगा या माता न होगी । जद्दी जायदाद की अपेक्षा स्वयं पैदा की जायदाद ज्यादा होगी । खूब आमदन का मालिक होगा । मगर शनि (मकान) व खुद केतु (लड़का) का अपना अपना फल मंदा होगा । जिसके संबंध में दलिदर और परेशानी होगी । मगर औरत के टेवें में यह सब उलट या हर हाल नेक व शुभ होगा ।

केतू ख़ाना नम्बर 12

छिपकली – मुतबन्ना – किस्मत को जगाने वाला

केतु बैठा जब घर आ 12, सुख गृहस्थी होता है ।
शुक्र केतु शनि बृहस्पति, फल चारों का उमदा है ।
खुद बढ़े साथी बढ़ें, बढ़ेगा कुल परिवार ।
मर्द माया की कमी न होवे, बढ़ेंगे रिश्तेदार ।
मंगल राहु हसद करेंगें, लड़के तरफ़ों चार ।
हर तरह से रक्षा होगी, फले फूले गुलज़ार ।
तरक्की की शर्त है तबदीली की नहीं ।

औलाद के वक्त से (या जब लड़का 24 साला हो जावे) दौलतमंद होगा । इज्जत का सरोवर (चश्मा) होगा । नर औलाद कम अज़ कम 6 तादाद में होगी । अँगठू दूध में डाल कर चूसना या अँगूठे का मुँह में रखना तमाम गृहस्थी संबंध में शुभ होगा । **घर में कुत्ता दो – रंगा (स्याह सफेद) शुभ होगा ।**

****

वृहस्पति सूर्य

अकेला गुरु जगत बाबा जो होवे,
बाप रवि से वह कहलाता है ।
रवि गुरु जब इकट्ठे हों बैठे,
बाप बेटा हर दो मिल जाता है।
किस्मत हर दो एक ही होवे,
मिले दोनों चन्द्र ही बन जाता है ।
घर 6 वें 7 वें वह हैं राशि फल के,
इकट्ठों से ऋण पितृ हो जाता है ।
दुनिया की रुह का रवि होये मालिक,
तो मालिक गुरु जगत हो जाता है ।
दोनों इकट्ठे हों सांस रुहानी,
जहाँ दोनों त्रैलोकी हो जाता है ।
गुरु बाप बनता तो सूर्य हो लड़का,
भाग दोनों का मुश्तरका हो जाता है।
बने एक राशि तो दूजा ग्रह फल,
लिखत वाँ विधाता बदल जाता है ।
तरफ पहली बैठा या बालिग[१] जो होवे,
असर उसका प्रबल ही हो जाता है ।
अकेले अकेले हों बेशक वह मन्दे,
असर नेक दोनों का हो जाता है ।
दुश्मन ग्रहों या घर मन्दे मारे,
या टकराते बाहम टेवे में हों ।

फल दोनों का कभी हो न मन्दा,

बैठे ख़ाह बेशक वह कहीं ही हों ।
ज्ञान अकल या हवा रोशनी तो,
राजा योगी भी होते है ।
फल दोनों का हो उत्तम अपना,
दुखिया मामूँ को करते हैं ।
रवि गुरु होते है विष्णु ब्रह्मा,
तो भाग उदय उसका कहलाता है।
दोनों अगर हों कहीं कभी न मिलते,
जन्म मन्दा उसका ही हो जाता है।
इन्साफ बज़ुर्गी उमर के मालिक,
दुश्मन से घबराते है ।
सात साल की महा दशा में,
वह केतु को मरवाते है ।
चन्द्र को जब दोनों देखें,
खुश्क कूँऐ भर आते हैं ।
माता हो इनकी बेशक अन्धी२ ,
पिस्तान हरे हो जाते हैं ।
शनि अगर दोनों को देखे,
इक दम ही सो जाते है।
शेर गरजता – सोना दमकता,
दोनों ही जल जाते है।
बिल्मुकाबिल हों कभी बैठे,
वज़ीर मातहती होते हैं ।
राजा इनका हो मालिक राशि,

जिसमें कि वह बैठते है ।
हाथ की रेखा जन्म हो कुण्डली, या मिलते कभी दो न हों ।
मिटे सूर्य रेखा व किस्मत, फल मन्दे दोनों के हों ।

ख़ाना नम्बर 1

रवि गुरु धर पहले बैठे, तख्त सुनहरी का हाकम हो ।
उमर लम्बी और सुख गृहस्थी, मिट्टी का चाहे माधो हो ।

ख़ाना नम्बर 2

दोनों मिल कर घर दूजे में, उपदेश गुरु का सुनाते हैं ।
महल मकान सब आला उसके, शेर गरजते होते हैं ।

ख़ाना नम्बर 3

घर तीजा त्रैलोकी गिनते, सोना माया कुल बढ़ती है ।
माया लालच का पुतला जो होवे, कुल ग़ारत ही होती है।

ख़ाना नम्बर 4

घर चौथे माता के होवें, दूध पहाड़ से बहता हो ।
शनि अगर घर 10 वें बैठे, भस्म दोनों को करता है ।

ख़ाना नम्बर 5

दोनों मिले जब 5 वें बैठें, सोना घर औलाद के है।
रवि राजा घर अपने बैठा, गुरु महमान वज़ीर भी है ।
माया आवेगी पर स्वारथ से, शत्रु भागते बल से है ।
नाव जहाज़ हवा से चलते, पंखे साँस औलाद के हैं ।
रुके कभी न हवा रोशनी, बैठे वहाँ ऐसे पापी हों ।

बुध अगर आ निकले इस घर, रवि गुरु भी कैदी हों ।
घर इसका गौ – घाट ही होगा, बाकी पाँच ही बचते हों ।
धर्म दौलत की कमी न कोई, बाल बच्चे सब बढ़ते हों ।
बाकी घर 6, सात या 10हो 11, रवि गुरु नहीं मिलते है ।
फल दोनों का अपनों अपना, तरफ बुढ़ापा गिनते है ।
घर 9–12 शुरु आखिरी, कुल उन्नति भी लेते है ।
घर 8 वें वह मौत हटा दें, जागती किस्मत करते है ।

बाप बेटे का एक ही बिस्तरे पर सोना हर दो की किस्मत के लिये शुभ होगा । अगर अलग-अलग ज़िन्दगी बसर करने का मौका या ज़रुरत होवे, तो बाप के बिस्तरे से पीठ तले बिछाया जाने वाला कपड़ा (दरी वगैरा) बेटे को अपने पास रखना और खास कर रात को अपनी पीठ तले बिछाना निहायत शुभ होगा । **बाप की मौजूदगी या किसी भी और नामुमकिन हालत में ऐसे कपड़े की बजाय वृहस्पति की चीज़े रात को पीठ तले रखना शुभ होंगी ।**

वृहस्पति चन्द्र

तालीम 24 साल - तीर्थ 2 साल - चन्द्र का असर 1/2 होगा - चाँदी की थाली - अच्छे घरों मौनसून - मन्दे में कसीफ (गन्दी) हवा - दोनों का मुश्तरका उत्तम फल होगा । पिता - माता - बड़ का दरखत ।

ठण्डी हवा (खुशी की) पुराना चावल - बुढ़ापा - अकल घटे पर धन बढ़े । सफर भी उम्दा हो । विरासत, काशत सब फलें । गैबी मदद भी हो ।

पहले घरों 1 ता 6 में बैठे अपना नेक फल मगर बाद के घरों 7 ता 12 अपने से पहले बैठे हुये दोस्तों को पूरी मदद देंगे । ऐसी दृष्टि का

संबंध हो या न हो । उत्तम लक्ष्मी होगी । दोनों आपस को अगर देखें।
शुक्र - मंगल या शनि - शुक्र या शनि - मंगल दोनों को देखे
असर उम्दा और फल नेक हो । ख़ाह दोनों टोले बिल्मुकाबिल ही क्यों न हों ।

सूर्य - ताजर - अहले क़लम - ठोस माल हाज़िर से दूसरों को भी तारता जाये ।
शुक्र - शादी के दिन से ज़बान शुरु कर देगा ।
मंगल - धन, परिवार और ज्ञान सब ही उम्दा हों ।
बुध - दुश्मन की बजाये अब मदद देगा । अगर सनीचर उम्दा हो तो नेक असर वरना फोकी उम्मीद और नास्तिक होगा ।

ख़ास फ़रक

नम्बर 2 का बुध पिता पर भारी और 4 का बुध माता पर मन्दा मगर धन दौलत के लिये उम्दा होगा । बाकी सब घरों में बृहस्पत की हालत पिघले हुये सोने की तरह होगी या बुध और पापी ग्रहों के संबंध में वृहस्पति हर शक्ल में बदला जा सकेगा ।

शनि - सब के लिये लोहे को पारस का काम देगा ।

जब दोनों जुदा जुदा और एक दूसरे के सामने या अपने से 7 वें हों तो जब कभी भी सनीचर या दुश्मन ग्रह की संबंधित चीज़ मकान - शनि - शादी, शुक्र वगैरा का वक्त आवे चन्द्र वृहस्पति माता पिता खत्म होंगे । जो पहले घर का हो वह बाद में, जों बाद के घरों का हो वह पहले खत्म होगा। **दोनों घरों को चलता रखने की ख़ातिर केतू (आसन) ज़मीन में स्थापन करें या केतू की चीज़ें तह मकान में या इसके गले में डालें।**

ख़ाना नम्बर 1

28 साला उमर से पहले शादी - मकान (नया बनाना) या पैदाइश नर औलाद से मन्दा असर - माता-पिता की उमर अमूमन कम होगी जबकि

नम्बर 7 खाली हो । **मिट्टी में मंगल की चीज़ें दबाने से मदद होगी ।**

खाना नम्बर 2

बड़ के वृक्ष का साया - बालाई आमदन - माता का सुख सागर व जद्दी जायदाद की वृद्धि होगी । अब राहू बुध का संबंध मन्दा होगा । यानि बड़ पर तिलयर का संबंध कम होगा । अगर होगा तो दूध बोतल में बन्द होगा । जिस का ज़ायका न होगा । फिर भी होगा तो बिच्छू या भिड़ की ज़हर होगा जिसके लिये **साली का संबंध नेक न होगा ।**

ख़ाना नम्बर 3

खुद तेरे भाईयों को धन से तारे मगर तोते की आवाज़ या संबंध हर तरह से मन्दा होगा ।

ख़ाना नम्बर 4

बड़ के तने ही स्तून की तरह अपना क़बीला सहायक बना लेवे । नाब जहाज़ का काम देवे । जन्म से ही धन का चश्मा निकल पड़े और पूरी शान्ति होवे ।

ख़ाना नम्बर 5

अब दोनों की जगह सूरज नम्बर 5 का उत्तम फल होवे । ताजर और अहले क़लम हो, तो दूसरों को भी फ़ायदा देवे।

ख़ाना नम्बर 6

बुध व केतु का जैसा भी फल होवे इन दोनों के उत्तम फल में शामिल होगा । रफा - ए - आम या काश्त की ज़मीन का कूआँ सब उमदा असर को पाताल में ले जावे ।

ख़ाना नम्बर 7

बचपन मन्दा – 24 साला उमर से माता-पिता दुखिया ।
शादी और लड़की की पैदाइश के दिन से धन दौलत का भण्डार मगर दलाली लाभदायक व्यापार हो ।

ख़ाना नम्बर 8

यद्यपि उमर लम्बी मगर धन के लिये भाईयों को मारे या मरवाये । धन उम्दा वही होगा जिसमें श्रेष्ठपन हो माता घर से शनि या मंगल की चीज़ें बाइसे तबाही होंगी ।

ख़ाना नम्बर 9

दूध से पले हुये वृक्ष की तरह नेक किस्मत माता-पिता का पूरा और लम्बा सुख सागर बशर्ते कि **लड़की का पैसा या धन न खावे ।**

ख़ाना नम्बर 10

माता पिता की सोने चाँदी की ईंटे भी जंगल के पत्थर होंगे । पिता की शानदार दाढ़ी और माता की सच्ची मुहब्बत और घोड़ी की लम्बी दुम की शान बेटे को झाग के बुलबुले का भी काम न देगी । दूसरों के अधिन होगा या खुद सिखाता मर्द होगा ।

ख़ाना नम्बर 11

दूसरों को तारे मगर खुद अपनी किस्मत के लिये ख़ाना नं० 3 के ग्रह होंगे । अगर 3 ख़ाली हो तो 11 सोया हुआ । अब 5 नं० का कोई असर न होगा ।

ख़ाना नम्बर 12

राजा मगर त्यागी (राजा जनक) । लड़की की पैदाइश या शादी के दिन से अमीर होवे । मकानों में मकड़ी के जाले । **सोने चाँदी के थालों में खुराक की जगह गन्दे फूल और चाँदी धन की जगह सफेद कलई होगी । अब चाँदी का ख़ाली बर्तन तह मकान में दबाना शुभ होगा ।**

वृहस्पति चन्द्र

सोने चाँदी के तख़्त के मालिक वाले पिता के टेवे में ख़ाना नम्बर 1 में होंगे । काल माया वाले बाप वाले के टेवे में ख़ाना नं० 1 में नहीं होंगे ।

वृहस्पति शुक्र

सुख 4 साल – दौलत 2 साल, आमदन 6 साल, मुहब्बत 2 साल – आलू ।
वृहस्पति का मध्यम और शुक्र का अच्छा व इश्क में कामयाब ।
मसनूई शनि (केतु स्वभाव) बीमारी दुख से बचाव मगर बंजर जैसी ज़मीन का हाल । शुक्र का फल उम्दा होगा । वक्त जन्म दुख होवे । शुक्र फल उम्दा होगा । वक्त जन्म दुख होवे । शुक्र पोशीदा और वृहस्पति का ज़ाहिरा होगा । काम देव की ज़्यादा इच्छा दोनों का फल रद्दी कर देगी ।

ख़ाना नम्बर 1

काग रेखा के हाल वाले साधु की तरह किस्मत होगी । गृहस्थ बर्बाद। जंगल में इज़्जत होगी । **बाप और औरत दोनों में से एक रह जाने पर नेक असर होगा ।**

ख़ाना नम्बर 2

औलाद का तक़ाज़ा । सोने की जगह मिट्टी मगर कीमती होगी । या सोने (वृहस्पति) के कामों से मध्यम लाभ मगर मिट्टी (शुक्र) के काम से सोना मिले ।

ख़ाना नम्बर 3 :

खुशहाल भगवान् होवे । औरत मर्द का काम देगी। ऐसा धन भाईयों को तारे ।

ख़ाना नम्बर 4 :

हर औरत के एक बच्चा तो होवे परन्तु चल बसे । घर घर के टुकड़े की तरह औलाद का हाल हो ।

ख़ाना नम्बर 5 :

इल्म और औलाद की बरकत पावे ।

ख़ाना नम्बर 6 :

नर औलाद न हो या न रहे । अगर रहे तो मन्दी किस्मत कर दें ।

ख़ाना नम्बर 7 :

वृहस्पति नं० 7 का हाल । धन की कमी की वजह से पेट के लिये औलाद का बलिदान तक हो सके । या स्वयं सोने से मिट्टी तक ले आवे । अगर बुध (या लड़की) का साथ नेक संबंध रहे तो धन दौलत गुम होने पर भी तंग न होने देगा । **गोद लिया भी सुख पावे** । मगर खुद बे आराम ही रहे । इश्क में शमा का परवाना होने की आदत वजह होवे ।

ख़ाना नम्बर 8 :

धन दौलत उम्दा (असर वृहस्पति नं० 2) मगर शुक्र का वही फल जो नं० 8 का है ।

ख़ाना नम्बर 9 :

शुक्र नं० 9 वृहस्पति नं० 9 का असर अलग –अलग परन्तु फिर भी उत्तम होगा ।

ख़ाना नम्बर 1 :

आता है याद मुझ को गुज़रा हुआ ज़माना । दूसरों की मौत से खुद मरे।

ख़ाना नम्बर 11 :

सोने की जगह ज़रद पाण्डु होगा ।

ख़ाना नम्बर 12 :

व्यापार सट्टा मन्दा । बाकी गृहस्थी व रुहानी उम्दा असर होगा ।

वृहस्पति मंगल

बीमारी 31 साल (बद) – औलाद 8 साल – नुकसान 5 साल (बद)।

दोनों का आपसी उत्तम फल होगा । सोना – नेक अगर बद तो आलसी निर्धन – गदा गुर्ज़ (हथियार) 1 = सरदार हुकमरान 2 से 5 तक वालिये तख्त वरना खुदा परस्त। 5 से ज़्यादा ब्रह्मज्ञानी । हर दम ''मर्दे मर्द मर्दे खुदा'' । दोनों को जब देखे ।

शनि : पिछली उमर और धन दौलत उम्दा ।
मंगल बद : सब कुछ मन्दा । रिश्तेदार बरबाद तथा मौतें ।

ख़ाना नं० 1 :

दोनों का अलग – अलग नं० 1 का असर ।
ख़ाना नं० 2 : गृहस्थी सम्बन्धी इसकी आवाज़ पर सर कटा दें । और पसीना की जगह अपना खून बहा दें । दिमाग़ी लियाकत से अमीर हो ।
ख़ाना नं० 3 : पूजा पाठ में आसानी । बजुर्गों के धन की पूरी हिफ़ाज़त करेगा और कायम रखेगा । मगर अपना और धन मिलाने की शर्त न होगी ।
ख़ाना नं० 4 : मर्दों की तादाद में कमी न होगी । मगर उनके लिये धन की शर्त न होगी ।
ख़ाना नं० 5 : औलाद की पैदाइश के साथ ही धन का ठंडा चश्मा बह निकलेगा । खूब रौनक होगी । 28 साला उमर तक बढ़ता जायेगा । दान से हर दम बढ़ेगा । मगर दान लेने से सोने को कोढ़ हो जायेगा ।
ख़ाना नं० 6 : खुद ही बड़ा भाई होगा । बाप पर कोई मन्दा असर न होगा । मगर केतु बुध दोनों का फल दबा हुआ होगा । बुध का धन दौलत के लिये बुध नं० 2 का फल होगा । और बुध वृहस्पति की दुश्मनी न होगी ।
ख़ाना नं० 7 : अच्छी आमदनी फिर भी ऋण से लिपत होगा। । गृहस्थ रेखा सीधी ।
ख़ाना नं० 8 : दोनों का अलग–अलग नं० 8 का असर । मगर कुण्डली वाले के अपने ही खून वालों से संबंधित होगा।
ख़ाना नं० 9 : गृहस्थ, परिवार और धन दौलत सब उम्दा ।
ख़ाना नं० 1 : खाना नं० 4 के ग्रहों से फैसला होगा । अगर नं० 4 खाली हो तो सोने की जगह मध्यम होगा । **साधु होगा या दुनिया की चोरी से अमीर होगा ।**

ख़ाना नं० 11 : बाप और भाई की उमर तक अच्छी हालत, **बाद में शहद के खाली बर्तनों पर बेशुमार मक्खियाँ बैठी हुई की तरह किस्मत का हाल होगा ।**
ख़ाना नं० 12 : हर तरह से उत्तम बढ़े परिवार होगा । जिसे आर्शीवाद देगा तार देगा ।

वृहस्पति– बुध

दौलत खराब 17 साल – दुश्मन 4 साल – सुख 4 साल , माता पिता दुखी 29 साल ।

आपसी दुश्मनी । बुध का खराब फल होगा ।

फ़कीर की गुदड़ी । 'दोनों में से कौन प्रबल होगा' का फैसला आवाज़ से होगा ।

वृहस्पति के बगैर ग्रह आपस में मिलाव या दोस्ती नहीं कर सकते । और बुध के बगैर उन में झुकने झुकाने की शक्ति न होगी । दोनों ही रद्दी होने पर सब ग्रहों में यह दोनों ताकतें न होंगी ।

अगर शनि उत्तम तो धन दौलत की उमीद होगी । नहीं तो खाली भरोसा और तबाह - बद ख्याल होगा । कम यद्यपि माता पिता दोनों के संबंध में बेसहारा होगा । दूसरों का निगरान होगा । दोनों ग्रह बिन - मुकाबल होने पर अपना ही बेड़ी डूबाने वाला नाविक होगा । दर्जा दृष्टि अगर :-

1 फीसदी हो - बिल्कुल खराबी
5 फीसदी हो - खराब असर
25 फीसदी हो - थोड़ा खराब असर

अगर वृहस्पति कुण्डली के पहले घरों में हो तो वृहस्पति का 34 साला उमर तक उत्तम फल होगा । 35 से बुध का बुरा प्रभाव शुरु होगा । और 51 तक रहेगा । लेकिन अगर बुध पहले घरों में हो तो 34

साल तक बुध का अच्छा और वृहस्पति का मन्दा होगा। **35 से बुध का बुरा असर और वृहस्पति का अच्छा होगा । जो 5 तक रहेगा । वृहस्पति क़ायम और बुध ऊँच धर का**

राज योग - कागज़ी कारोबार छापा खाना या आम जनता में नेक असर । ईमानदारी का धन साथ देगा ।

दोनों को चन्द्र देखे

सफर का बुरा नतीजा रहा करे । मन मन्दिर दरवेश क़लन्दर का हाल होगा ।

वृहस्पति के साथ या वृहस्पति की दृष्टि में बुध हो तो वृहस्पति का नाश होगा । 34 साला उमर से खराब होगा । अपना ही बेड़ी - डूबोने वाला नाविक होगा। मगर सब्ज़ रंग अशिया का संबंध मन्दा । दस्ती हुनर बर्बाद और बिना कारण के होंगे । लेकिन जब बुध की दृष्टि में वृहस्पति हो तो बुध का नाश होगा। **मगर व्यापार व सब्ज़ रंग दस्ती हुनर फायदा मंद होंगे । अपनी ही अकल से कामयाब होगा ।**

मुश्तरका हालत में बुध उसी समय ही वृहस्पति को अपने दायरा में बाँध लेगा। अब वृहस्पति या तो शनि का साँप शुक्र या सूर्य की किरनें होकर उससे रिहा होगा यानि वृहस्पति अपनी चाल के हिसाब से (वर्षफल) शनि या सूर्य बैठा होने वाले घरों में आ जावे या शनि या सूर्य में से कोई भी वृहस्पति बैठा होने वाले घर में आ निकले या शनि ख़ाना नं० 5 में आ जावे या सूर्य ख़ाना नं० 2-9-12 में आ जावे ऐसी हालत में सूर्य या चन्द्र या शनि किस्मत का फैसला करने वाले होंगे (जो भी नेक होवे) लेकिन ख़ाना नं० 2-4 में बुध दुश्मनी की बजाये मदद करेगा । अकेले चन्द्र या वृहस्पति को बुध दबा लेगा मगर दोनों मुश्तरका से खुद दब जायेगा। दोनों को इकट्ठा चलाने के लिये बुध की सब्ज़ रंग अशिया (सोना व सब्ज़ काग़ज) **वृहस्पति पीपल का पौदा लगाना शुभ होगा।**

वृहस्पति सोने में रेत - शेख चिल्ली की कहानियाँ । **अधिक माल का नुकसान - नंगों के महमान** —— बिना खाये सोये । औलाद और औरत के विघ्न । **ऐसी हालत में राहू - केतू का उपाय सहायक होगा।**

दोनों की शनि और सूर्य को मदद

(1) वृहस्पति हो ख़ाना नं० 1 से 5 में ..... मदद देगा शनि को भी और सूर्य को भी ।
(2) वृहस्पति हो ख़ाना नं० 6 से 11 में ...मदद देगा सिर्फ शनि को ।
(3) वृहस्पति हो 12 में .... मदद देगा शनि सूर्य दोनों को ।
(4) बुध हो 1 या 2 में ... मदद देगा शनि को ।
बुध हो 3 या 8 में .... मदद देगा सूर्य को ।
बुध हो 9 या 12 में ... मदद देगा शनि को ।
पोरियों पर चक्कर के निशान फैसला करेंगें ।
बुध का ज़ाती असर नाक से फैसला होगा ।

ख़ाना नम्बर 1 : राजा या हाकम नहीं तो ग़रीबी का मारा हुआ पागल साधु होवे । एक चक्कर का असर होवे ।
खाना नम्बर 2 : 3 चक्कर, ब्रह्मज्ञानी होवे । धन उपदेश उमदा होगा ।
खाना नम्बर 3 : 7 चक्कर । साबर, शाकर, दिलावर बहादुर मगर शुक्र रद्दी होगा ।
ख़ाना नम्बर 4 : 2 चक्कर । हुनरमन्द । राजयोग । कायराना काम बाइसे तबाही । पाप भरी कारखाइयाँ बाइसे खुदकुशी होंगी ।
खाना नम्बर 5 : 5 चक्कर । खुशहाल, भगवान बशर्ते कि कोई लड़का वीरवार का हो और लड़की बुधवार की न हो तो धन दौलत (वृहस्पति सोना) के लिये **सोने की तार कान में और मृत्यु से बचाव से (बुध नं० 8) चाँदी को नाक में डालने से मदद होगी ।**
खाना नम्बर 6 : 6 चक्कर । पूजा-पाठ करने वाला नहीं तो अय्याश ।

ख़ाना नम्बर 7 : 3 चक्कर । ब्रह्म ज्ञानी । दूसरों की मुसीबत पर मुसीबत देखे मगर अकल की कोई पेश न जावे । कभी शाह कभी मलंग । कभी खुशहाल कभी तँग । ''उक्खल पुत न जमदा'' '' कुड़ी अन्धी अच्छी'' । खुद बुध लड़की का बुध नं० 7 शुभ होगा । मगर लड़के का मन्दा होगा । **खुद औलाद से तरसता होगा । बच्चे को गोद में ले। और वह**

भी बेमाइनी ।
ख़ाना नम्बर 8 : आठ चक्कर । हमेशा बीमारी ।
ख़ाना नम्बर 9 : 11 चक्कर । मनहूस और कम उमर हो ।
ख़ाना नम्बर 1 : 1 चक्कर । खुश हाल भागवान होवे ।
ख़ाना नम्बर 11 : दौलतमन्द हो ।
ख़ाना नम्बर 12 : 12 चक्कर खुद अपने लिये नेक । लम्बी उमर । खुशी से समय बिताने वाला । मगर मामूली व्यापारी होवे ।

वृहस्पति-शनि

गम 14 साल - हानि 15 साल - दौलत 12 साल । ऐसे टेवे की कुण्डली जुदा ही होती है ।

दोनों का अलग-अलग फल होगा । शनि का खराब फल होगा । **फक़ीर की झोली श्री गणेशाय नमः ।** सब के पूजने की जगह । वह धन जो शादी के दिन से आगे बढ़े । (ऊँच नीच - जन्म कुण्डली के हिसाब से लेंगे)।

जब दोनों हर तरह से अकेले हों और उनमें किसी भी और का असर शमिल न रहा हो :-

(अलिफ) दोनों में से कोई एक तखत का मालिक (ख़ाना नं० 1 में) और दूसरा राशि फल (वृहस्पति 6-7 और शनि 3-6-9 में) का हो तो धन रेखा होगी । बशर्ते कि दो में से कोई नीच घर का न हो (शनि नं० 1 में नीच होगा, वृहस्पति नं० 1 में नीच होगा) और विरोध होने पर पर

भी सोना ही सोना पैदा होगा । शर्त सिर्फ अपनी ही किस्मत पर निर्भर रहने की होगी ।

(बे) ऐसी हालत में कोई भी नीच घर का हो तो मुश्तरका बरकत ही होगी । **'एक अन्धा एक कोढ़ी' जैसी हालत होगी।**

(जीम) अगर वृहस्पति खराब हो और शनि उम्दा तो लोहे की तलवार तमाम मन्दी हवा को दुरुस्त कर लेगी । लेकिन अगर वृहस्पति उमदा और शनि खराब हो तो वह व्यक्ति दूसरों के लिये लोहे का पारस का काम देगा । परन्तु स्वयं अपने लिये मन्दा ही होगा ।

(दाल) जब दोनों ही साथी हों और सूर्य राजा (खाना नं० 1) हो जावे

(1) जब दोनों उत्तम हो तो कोई बुरा फल न होगा । उत्तम नतीजा होगा ।

(2) जब दोनों साथी मगर नीच या खराब घरों के तो सूर्य शनि का झगड़ा होगा जिस पर राज दरबार का कमाया और पाया हुआ धन और शरीर का कोई न कोई अंग खराब हो कर शांति होंगी । लेकिन जब

(3) **शनि उत्तम और वृहस्पति खराब** और सूर्य नं० 1 का राजा हो तो कष्ट, बीमारी से राज दरबार का धन खराब मगर कोई अंग खराब न होगा ।

(4) **शनि खराब और वृहस्पति अच्छा** - अंग ख़राब होगा । मगर धन दौलत की बर्बादी की शर्त न होगी ।

उपाय ऊपर की हालत में (सबमें) ख़ाना नं० 7 वाले ग्रह की मदद लेंगे ।

शनि वृहस्पति के घर और 2, 9, 12 राशि में कभी बुरा फल न देगा। मगर वृहस्पति, शनि की राशि और घर नं० 1-11 में नीच या नाकारा होगा ।

2. शनि के बुरे दौरा के समय वृहस्पति फैसला करेगा और वृहस्पति के बुरे समय में शनि किस्मत का फैसला करेगा ।

3. दोनों एक जैसे और समुद्र होंगे । यानि अगर शनि पहले घरों में होवे तो पर्वत पहले और हवा इससे निकलकर चलेगी । लेकिन अगर वृहस्पति पहले घरों में और शनि बाद के घरों में - तो वृहस्पति की हवा शनि के पहाड़ से टकराकर कीमती वर्षा देगी ।

4. दोनों मुश्तरका पर बुढ़ापे में तकलीफ होवे । किस्मत के शुरु होने का वक्त उस ग्रह की उमर का साल होगा जो ग्रह कि उन को देखता या जगाता होवे । बुध 34 साल में, सूर्य 22 साल में वगैरा । अगर कोई न जगावे तो स्वयं वृहस्पति यानि सौलह साला उमर में किस्मत जागे ।

दोनों मुश्तरका की हालत में किस्मत का फैसला खाना नं० 11के ग्रह करेंगें । अगर नं० 11 खाली हो तो शनि का ज़ाती फैसला प्रबल होगा । शनि के खास खास सालों में चारों तरफ चलने के सालों का भी ख़्याल रहे ।

दोनों बिल्मुकाबिल और दृष्टि हो :

1 फीसदी - मुश्तरका होने की हालत गिनी जायेगी ।
5 फीसदी - जादूगरी प्रबल होगी ।
25 फीसदी - योगाभ्यास का मालिक होगा ।

शनि देखे वृहस्पति को तो सेहत हल्की - धन दौलत भी हल्का । शनि के समय 18, 36 साला उमर में पिता समाप्त जिसका सबूत उसके मकान में लोहे का ताला मंद भागी किस्मत का अलार्म होगा ।

शुक्र दोनों को देखे - धन, शादी से बढ़े । मिट्टी का पहाड़, दिखलावा बहुत मगर फायदे कम । अपने खानदान और औरत के काम आवे (बाप बाबे की तरफ के रिशतेदारों के)

केतु देखे दोनों को - औलाद पर हवाए बद के हमले होंगे । आम की हवा मंदी साबित होगी ।

ख़ाना नम्बर 1 : काग रेखा । मन्दा घूमने वाला साधु । एक तरह का असर होगा ।

ख़ाना नम्बर 2 : दो सिपी - आलम - सेहत खुश गवार सरसब्ज पहाड़ की तरफ चन्द्र का उमदा और उत्तम फल देंगें । बदनाम इश्क न होगा । अगर चन्द्र भी साथ हो या नं० 8 में से आ देखे तो चन्द्र नष्ट नहीं लेंगे । दुनियावी तोहफा होगा

।
ख़ाना नम्बर 3 : तीन सिपी – दौलतमंद – औसत –दर्जा जिन्दगी । शनि खुद निर्धन मगर बुढ़ापे में आराम पावे । 18 साला उमर में पिता मंदा होवे ।
ख़ाना नम्बर 4 : 4 सदफ या असर होवे ।
ख़ाना नम्बर 5 : साधारण किस्मत जैसी कि बाक़ी ग्रहों से फैसला होवे। 5 सदफ का असर । बड़ी इज़्ज़त व आबरु होगी ।
ख़ाना नम्बर 6 : 6 या ज्यादा सिपी का असर जैसा कि आम हालत का असर होवे :

(1) अब अगर वृहस्पति क़ायम और शनि नं० 2 रद्दी या मंदा होवे तो औरत से दुश्मनी होवे ।

(2) शनि क़ायम मगर वृहस्पति दृष्टि नं० 2 चुप हो (यानि पापी राहु केतु हों) तो औरत का सुख पूरा होवे ।

(3) शनि कायम और वृहस्पति नष्ट – तो औरत का सुख हल्का होवे ।

ख़ाना नम्बर 7 : धन बर्बाद । जायदाद उमदा । लड़की की पैदांइश पर धन होवे । शनि के काम – नया मकान वगैरा बरकत देवें । खर्चा करने पर धन और भी बढ़े । और बरकत देवे । भला लोग – भले काम । मगर बचपन में ही तकलीफ रहे ।
दोनों नं० 7 और चन्द्र या शुक्र या मंगल कायम : बरकत बढ़ने वाली मच्छ रेखा होगी ।
दोनों नं० 7 और चन्द्र या शुक्र या मंगल नीच या नष्ट : बरकत घटने वाली नीचे को मुंह किये हुये वाली मच्छ रेखा होगी । जिसका बुरा असर

चन्द्र या शुक्र या मंगल (रद्दी हालत वाले) के दौरा से शुरु होगी । यानि जब वह भी नं० 1 में आ जावें ।
दोनों नं० 7 और सूर्य नं० 1 : तो 9 साला उमर में मिट्टी के तवे होंगे । जो 17 साला उमर में चन्द्र नेक होगा ।

मच्छ रेखा : ग़रीब को धन और धनवान को वालिये तख़्त बनावे । 9 भाई 2 बहन जन्म कुण्डली नं० 7 और चन्द्र कुण्डली नं० 7 में – तो 9 भाई 3 बहन । तीन पुश्त और तीनों ज़मानों का नेक असर देने वाली मच्छ रेखा होगी । शुक्र (औरत) चन्द्र (माता) मंगल (भाई) का संबंध लेंगे ।
मच्छ रेखा का असर :– परिवार, आदमी कीड़ों की तरह खुद अपने अपने लिये मुँह दाना लेकर आ जावें । शुक्र कायम से औरत ज़ात से बढ़े । और मंगल से ऊर्ध रेखा का साथ होगा ।
मंगल अच्छा तो ऊँच क़ायम – नं० 6 ता नं० 12 का होगा वरना उलटे अर्थो का होगा । मुशकिल के वक़त चन्द्र या शुक्र का कोई बुरा असर न होगा ।
ख़ाना नम्बर 8 :मध्यम धन । उमर लम्बी । अब ख़ाना नं० 8 मारक स्थान न होगा ।

ख़ाना नम्बर 9 :मच्छ रेखा और ऊर्ध रेखा का पूरा अलग अलग और उत्तम फल होगा । खुद बढ़े औरों को तारे । जायदादें और धन दौलत के लम्बे पैमाना का होगा । अब खुद कमाई का हिस्सा कम होगा । दुष्ट भगवान होगा । अमीरों में अमीर होगा ।
ख़ाना नम्बर 10 : बाहर से बाईं पश्चिम दीवार – लोहे की तवी । खुद अपने लिए निहायत उत्तम और श्री गणेश जी की इज़्ज़त का मालिक होगा। मगर इसका धन न आसुरी माया होगी जो दूसरों को तबाह करके छोड़ेगी । शहवत परस्ती से तंग हाल होगा । शनि का असर मंदा फल पैदा करेगा और वृहस्पति का संबंध धन व जायदाद बढ़ाता जायेगा ।

ख़ाना नम्बर 11 : मुशतरका या किसी भी तरह इकट्ठे नं० 11 – दूसरों के लिये इच्छाधारी साँप की तरह साया करे । लोहे को सोने की तरह पारस का काम देवे । खुद अपनी किस्मत का फैसला नं० 3 के ग्रहों से होगा । और नं० 5 का कोई असर न होगा ।
ख़ाना नम्बर 12 : मछली नहावे जल में । चिराग खानदान नेक भागवान। राहु केतु भी नेक असर के । शनि और वृहस्पति दोनों का अलग- अलग नं० 12 का उत्तम असर होगा । माया पर पेशाब की धार मारे । ऊर्ध रेखा और मंगल के साल – बार असर पर किस्मत की कमी बेशक होगी ।

****

सूर्य – चन्द्र

मंगल बद 15 साल – फ़िजूल सफर 9 साल – अलीची (फल) सिरफ सूर्य का और उत्तम फल होगा ।

चन्द्र सूर्य का भिखारी होगा और सूर्य चन्द्र के साथ (मगर दुशमन का घर न हो) या चन्द्र के घर नं० 4 में हो तो मोती दान करने की हिम्मत का मालिक होगा ।

दिन के वक्त (सूर्य) के संबंधित काम और रात को चन्द्र के संबंधित काम नेक असर देंगे । मामूली काम चन्द्र या बांए सांस के वक्त और ज़रुरी और देर या काम सूर्य या दांए सांस चलते वक्त मुबारक होंगे ।

चन्द्र को सूर्य देखे मगर सूर्य नं० 1 का न हो । – खुश्क कूएं खूद – व खुद पानी देने लग जायेंगे । खालिस दूध होगा। और शाँति देगी । **मुशतरका हालत में** सूर्य का असर प्रबल होगा । औरतों से झगड़ा मगर बुढ़ापा सुखी होगा ।

दोनों आमने-सामने : दिल की ताक़त में सूर्य का नेक और उत्तम असर होगा ।
दोनों मुशतरका को मंगल बद या पापी
ग्रह का संबंध हो जाये : हर तरह से दिन और रात मन्दा असर होवे । लाखों पति फिर भी दुखिया ।
ख़ाना नम्बर 1 : मिसल राजा हो । दूसरों से रिश्वत लेवे । मगर मौत अचानक होवे ।
ख़ाना नम्बर 2 : औरतों से झगड़ा । हार और हानि होवे ।
ख़ाना नम्बर 3 : मतलब परस्त मगर खुद उत्तम – असर और किस्मत का ।
ख़ाना नम्बर 4 : राजा महाराजा । दुनिया का पूरा आराम । सीप में मोती और मोती दान करने का सामर्थ होगा । सबारी का सुख बशर्ते कि नं० 1 ख़ाली हो । **मौत अचानक । अगर नं० 1 में शनि हो तो मौत दिन के समय दरिया, नदी नाले या ज़मीन के नीचे से पानी या चलते पानी से होवे ।**
ख़ाना नम्बर 5 : ज़िन्दगी भर आराम रहे ।
ख़ाना नम्बर 6 : दोनों का नं० 6 का अलग – अलग असर । अगर दोनों मुशतरका के साथ **राहु और केतु हों तो माता-पिता की मौत के साथ खुद भी मौत पावे ।** बशर्ते कि ख़ाना नं० 2 खाली हो । **अब मंगल का उपाय सहायक होगा ।**
ख़ाना नम्बर 7 व ख़ाना नम्बर 8 : अलग-अलग असर इन घरों में दोनों का लेंगे ।
ख़ाना नम्बर 9 : मातृ हिस्सा (चन्द्र की मदद) अति शुभ । तीर्थ यात्रा 2 साल और उत्तम फल देने वाली ।
ख़ाना नम्बर 10 : अपना – अपना और अलग असर होगा (नं० 1 का)
ख़ाना नम्बर 11 : उमर सिर्फ 9 साल होगी ।

ख़ाना नम्बर 12 : दोनों का नं० 12 का अलग-अलग प्रभाव परन्तु सूर्य क । प्रबल प्रभाव होगा ।

सूर्य – शुक्र

नुक्सान 17 साल – दौलत 5 साल – शुक्र मंदा 25 साल । शुक्र का मंदा परन्तु सूर्य का अपने लिये उत्तम फल होगा । **पिता मगर छोटी उम्र में चल बसे ।**

लाल मिट्टी – गाजनी – काँसी का कटोरा – मसनूई हवाई वृहस्पति । पैदाइश औलाद के मालिक ।

दोनों में से एक ही काम देगा । आत्मा ज़बरदस्त शरीर हल्का । वृहस्पति की ठोस चीज़ें – **सोना वगैरा से संबंध न होगा । औरत का मंदा हाल और मंदी सेहत । तपैदिक या लम्बी बीमारियाँ ।**
दोनों बिनमुकाबिल : माता-पिता बचपन में गुज़र जावें । जिस घर में शुक्र हो उस घर की शुक्र से संबंधित चीज़ों का मन्दा हाल । मगर सूर्य पर बुरा असर न होगा । सूर्य के दौरे के समय में (सूर्य जब नं० 1 में आवे) शुक्र का मन्दा हाल मगर खुद अपने लिये कामयाब होगा ।
ख़ाना नम्बर 1 : औरत मरीज़ काग रेखा वाली । सूर्य की भी मिट्टी खराब करे । पराई आग से जले, खाना वगैरा । हमराहियों पर शुक्र के पतंग का बुरा असर होगा । **औरत को दिमाग़ी बीमारियाँ तक होगीं ।**
ख़ाना नम्बर 2, 3, 4, 5, 6, 8, 9, 11, 12 : दोनों का अलग-अलग हर एक खाने का दिया हुआ असर होगा ।
ख़ाना नम्बर 7 : औरत झगड़ालू । दोनों का खाली नं० 7 बुध का असर होगा । बजुर्गों पर काग रेखा मगर खुद अपने लिये सूर्य नं० 9 का असर । तीर्थ यात्रा 2 साल और उत्तम फल देने वाली । औरत की उमर तक तह **मकान में (बज़ुर्गी जद्दी) सुर्ख रंग (सूर्य या मंगल का) दोनों ग्रहों की दुश्मनी का बुरा असर देगा ।**
ख़ाना नम्बर 10 : राज दरबार से ''ठाठे पड़ा ख़ैर'' की तरह की

